
देश-विदेश
5 लाख अप्रवासियों को...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"
संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

मुख्य पृष्ठ
जनादेश ने रचा नया इतिहास



# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बुधवार 19 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 6 आषाढ़ 2081

LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 170
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 16
Ph. : 011-30712200, 45212200

हरियाणा सरकार



## उपयोग नहीं तो बिल नहीं



"हमारा मूल उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों के उत्थान के लिए मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि करना है। इसी कड़ी में गरीब परिवारों के घरेलू बिजली बिलों में भारी कटौती की है तथा मिनिमम चार्ज खत्म किया है।"
**- नायब सिंह**

"सरकार उपभोक्ताओं के बिजली बिल को शून्य करने का प्रयास कर रही है।"
**- नरेन्द्र मोदी**

# गरीबों के बिजली बिलों में राहत

## मिनिमम मासिक चार्ज (MMC) अब खत्म

**2% से 91% तक की भारी राहत**



# 9.5 लाख गरीब परिवारों के

## घरेलू बिजली बिलों में भारी राहत

1 किलोवाट तक के लोड वाले घरेलू कनेक्शनों पर ₹115 प्रतिमाह तथा 2 किलोवाट तक ₹230 प्रतिमाह का MMC अब समाप्त


| स्वीकृत लोड | मासिक खपत (यूनिट) | पुराना बिल (रुपये) | नया बिल (रुपये) | बिल में कमी | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 किलोवाट | 10 | 115 | 20 | ₹ 95 | 82.6% |
| | 20 | 115 | 40 | ₹ 75 | 65.2% |
| | 30 | 115 | 60 | ₹ 55 | 47.8% |
| | 40 | 115 | 80 | ₹ 35 | 30.4% |
| | 50 | 115 | 100 | ₹ 15 | 13.0% |
| 2 किलोवाट | 10 | 230 | 20 | ₹ 210 | 91.3% |
| | 20 | 230 | 40 | ₹ 190 | 82.6% |
| | 30 | 230 | 60 | ₹ 170 | 73.9% |
| | 40 | 230 | 80 | ₹ 150 | 65.2% |
| | 50 | 230 | 100 | ₹ 130 | 56.5% |
| | 60 | 230 | 125 | ₹ 105 | 45.7% |
| | 70 | 230 | 150 | ₹ 80 | 34.8% |
| | 80 | 230 | 175 | ₹ 55 | 23.9% |
| | 90 | 230 | 200 | ₹ 30 | 13.0% |
| | 100 | 230 | 225 | ₹ 5 | 2.2% |

**अधिक जानकारी एवं तुलना के लिए अपना नवीनतम बिजली बिल देखें**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

SAMVAD RO.NO.1089/13/1628/2025/26864/142/7 Dt.18.06.2024






प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद मंगलवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी का दौरा किया और इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा मैया की आरती में हिस्सा लेने से पहले योग्य आचार्यों से आशीर्वाद लिया। सारी पूजा-अर्चना मंत्रोच्चरण के बीच हुई और श्री मोदी ने सभी अध्यात्मिक विधानों का नियमपूर्वक पालन किया इसके बाद किसान सम्मान सम्मेलन में श्री मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त भी जारी की। (छाया : प्रेट्र)

## पटोले के पैर धुलने का वीडियो सामने आने के बाद विवाद

**अकोला,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस की महाराष्ट्र ईकाई के प्रमुख नाना पटोले का अकोला जिले में कार से उतरने के बाद एक कार्यकर्ता द्वारा पैर धोए जाने का वीडियो सामने आने के बाद विवाद शुरू हो गया है जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा ने पटोले पर पार्टी कार्यकर्ताओं का अपमान करने का आरोप लगाया है। यह घटना सोमवार को उस समय की है जब पटोले एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जिले के वाडेगांव में थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि कांग्रेस नेता के वाहन से उतरने पर पार्टी कार्यकर्ता उनके पैर पर पानी डाल अपने हाथ से उन्हें साफ कर रहा है। इस घटना के बाद शुरू हुए विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए पटोले ने कहा कि संत गजानन महाराज पदयात्रा में शामिल होने के बाद उनके पैर धूल-मिट्टी से सन गये थे।

## बंगाल में बढ़ सकती है केन्द्रीय बलों की तैनाती

**गृह मंत्रालय ने कोलकाता हाईकोर्ट को सूचित किया**

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय को सूचित किया कि राज्य में चुनाव के बाद की हिंसा के आरोपों के मद्देनजर अगर परिस्थिति की मांग के अनुरू पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। अदालत ने केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं द्वारा लगाए गए चुनाव के बाद की हिंसा के आरोपों के मद्देनजर स्थिति का आकलन करें और 21 जून को सुनवाई की अगली तारीख पर इनसे संबंधित सभी प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा करें। सुनवाई के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्रालय का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने अदालत के समक्ष कहा कि अगर परिस्थिति की मांग है, तो राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। दो जनहित याचिकाओं में से एक के याचिकाकर्ता और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के वकील ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 12 जून तक कुल 107 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और इनमें से 18 चुनाव के बाद की हिंसा से संबंधित नहीं हैं। इस प्रकार यह स्वीकार किया जाता है कि राज्य में चुनाव के बाद हिंसा वास्तव में हो रही थी।

## श्रीलंका ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो,** (पंजाब केसरी): श्रीलंका की समुद्री सीमा में तड़के कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। इस साल ऐसी गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 180 से अधिक हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने यहां जारी एक बयान में कहा, ''भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की इस हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली गयी तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।'' नौसेना ने कहा कि गिरफ्तारियों समेत, श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध तरीके से कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर इस साल अब तक कुल 182 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया।

# प्रेमी ने प्रेमिका को पीट-पीटकर मार डाला, लोग तमाशा देखते रहे



**पालघर (महाराष्ट्र),** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र के वसई में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने बीच सड़क पर अपनी प्रेमिका के सिर पर 'रिंच' से 18 वार कर उसकी हत्या कर दी लेकिन वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को रोकने की कोशिश नहीं की और मूकदर्शक बने रहे। पुलिस ने यह जानकारी दी। वालिव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जयराज रानावरे ने बताया, "आरोपी ने महिला पर पाना (नट बोल्ट खोलने वाला उपकरण रिंच) से हमला किया। उसके शरीर पर 18 घाव थे।" पुलिस ने बताया कि रोहित यादव (32) और आरती यादव (22) पड़ोसी थे और कुछ सालों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से आरती यादव ने उससे संपर्क समाप्त कर दिया था, जिससे रोहित को शक हो गया था कि उसका किसी और के साथ संबंध है। महिला के बेजान शरीर पर 'रिंच' से एक के बाद एक वार करते हुए आरोपी कह रहा था, "क्यों किया ऐसा मेरे साथ"। बीच-बचाव करने के लिए आगे आए एक व्यक्ति को छोड़कर वहां खड़े अधिकतर लोग मूकदर्शक बने इस भयावह वारदात को देखते रहे। पुलिस ने कहा कि घटना की सामने आयी सीसीटीवी फुटेज में बड़ी संख्या में लोग इस घटना को देखते नजर आ रहे है लेकिन जब आरोपी बार-बार महिला के सिर पर रिंच से वार कर रहा था तो कोई भी उसकी मदद के लिये आगे नहीं आया। आरती यादव की बहन ने दावा किया कि उनके परिवार ने शनिवार को पीड़िता की पिटाई करने वाले व्यक्ति के बारे में पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। मीडिया से बात करते हुए पीड़िता की बहन ने कहा कि उस व्यक्ति ने पहले भी उसकी बहन पर हमला करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा, "परिवार ने पुलिस से संपर्क किया था, जिन्होंने हमें घंटों इंतजार कराया और फिर हमें बताया कि वह व्यक्ति आगे कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा।"

## भाजपा सांसद अनंत से मिलने उनके घर पहुंचीं ममता बनर्जी



**कोलकाता\कूच बिहार** (पंजाब केसरी): पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य 'अनंत महाराज' ऊर्फ नगेन्द्र राय से मंगलवार दोपहर कूच बिहार स्थित उनके घर पर मुलाकात की। राय राजबंगशी समुदाय के नेता हैं। राय ने चकचका पैलेस में पारंपरिक गमछा और 'गुवा पान' के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का स्वागत किया। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तौर पर देखी जा रही दोनों नेताओं की यह बैठक करीब 35 मिनट तक चली। नगेन्द्र राय के घर पर जाने से पहले ममता ने जिला मुख्यालय में स्थित मदन मोहन मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुलाकात के बाद में अनंत महाराज ने मीडिया के सामने कहा कि मुख्यमंत्री हमारी मेहमान नवाजी से प्रभावित हुई हैं। अनंत महाराज ने बिना नाम लिए बीजेपी के स्थानीय और जिला नेतृत्व के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने मुझे राज्यसभा सांसद बनाकर भेजा है। चूंकि मैंने पद स्वीकार कर लिया है। इसलिए मैं 5 साल तक रहूंगा। पत्रकारों के सवालों के जवाब में अनंत महाराज ने यह भी कहा कि मैं पार्टी (बीजेपी) का नहीं हूं। मैं द ग्रेटर कूचबिहार पीपुल्स एसोसिएशन का नेता हूं।

## 41 हवाई अड्डे बमों से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : देश के 41 एयरपोर्ट पर एक साथ बम की धमकी से मंगलवार को हड़कंप मच गया। इसके चलते कई विमानों की उड़ानों में घंटों की देरी हुई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि किसी अज्ञात व्यक्त ने मंगलवार दोपहर करीब 12.40 बजे भारत के 41 हवाई अड्डों पर बम की धमकी वाला ईमेल भेजा था। इनमें पटना, कोयंबटूर, वडोदरा व जयपुर के हवाई अड्डे शामिल थे। धमकी मिलने के बार सभी हवाई अड्डों की गहनता से जांच कराई गई। उड़ान के लिए तैयार विमानों की भी तलाशी ली गई। पर कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। धमकियों के बाद सभी हवाई अड्डों की सुरक्षा बढ़ा दी गई। तलाशी में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इससे पूर्व सोमवार को दिल्ली और मंगलवार सुबह चेन्नई हवाई अड्डे से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले विमानों में बम की धमकी दी गई थी। इस पर दोनों विमानों की सघन तलाशी ली गई, पर कुछ संदिग्ध नहीं मिला। जयपुर के एक निजी कॉलेज को भी मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जोकि झूठी निकली। वहीं दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) की डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 9.35 मिनट पर एयरपोर्ट का संचालन करने वाली डायल कंपनी के ई-मेल आईडी पर दिल्ली दूबई जा रही फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

## आतंकी हमला : तीन और हिरासत में

**बांदीपोरा का लश्कर आतंकी ए ग्रेड का था**

**जम्मू,** (पंजाब केसरी): जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों की गतिविधियों के सिलसिले में सुरक्षाबलों ने एक युगल समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ा है। वहीं बांदीपोरा मुठभेड़ में कल लश्कर का जो आतंकी उमर लोन मारा गया था वह ए ग्रेड का था और 2018 से ही खून खराबा कर रहा था। इधर अधिकारियों का मानना है कि जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में तीन से चार आतंकवादियों का एक समूह मौजूद है। भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर चत्तरगला के ऊपरी इलाकों में एक संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून की रात को, आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए थे। बुधवार शाम को जिले के गंडोह इलाके के कोटा टॉप गांव में तलाशी दल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने डोडा जिले के जय इलाके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने बताया कि तीनों में एक जोड़ा और एक किशोर शामिल है, जिन पर आतंकवादियों को भोजन उपलब्ध कराने और सुरक्षा बलों को उनकी गतिविधियों की सूचना नहीं देने का संदेह है।

## अलका याग्निक को न्यूरो डिसीज, सुनाई देना बंद हुआ



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): वेटरन प्लेबैक सिंगर अलका याग्निक को रेयर न्यूरो डिसीज हो गई है, जिसकी वजह से वो सुन नहीं पा रही हैं। सिंगर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी इस बीमारी का जिक्र किया इसके साथ ही सिंगर ने बताया कि वो बीते काफी वक्त से इनएक्टिव क्यों हैं। अलका ने अपनी समस्या के बारे में जानकारी देते हुए फैंस और साथी कलाकारों को तेज (लाउड) म्यूजिक से दूर रहने की सलाह दी है। 17 जून को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अलका ने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों के लिए। कुछ हफ्ते पहले मैं एक फ्लाइट से उतरी तो मुझे महसूस हुआ कि मुझे कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा है। कई हफ्तों बाद थोड़ी हिम्मत जुटाकर अब मैं अपने दोस्तों और शुभचिंतकों को इस बारे में बता रही हूं। जो मुझसे लगातार पूछ रहे हैं कि मैं कहां गायब हूं।' 'अचानक हुई इस घटना से मैं शॉक्ड हूं'।

## अमेरिका-भारत प्रौद्योगिकी में सबसे आगे

**● अमेरिकी एनएसए से भेंट के बाद डोभाल का ऐलान**




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की उपस्थिति में कहा कि भारत और अमेरिका को बड़े रणनीतिक हित के हिस्से के तहत महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में सबसे आगे रहना चाहिए। डोभाल की यह टिप्पणी उनके और सुलिवन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को गहरा करने के लिए परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण करने के एक दिन बाद आई है। डोभाल ने कहा कि अगर हमें अपनी मूल्य प्रणालियों की सुरक्षा और बचाव की जरूरत है तो अमेरिका और भारत को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सबसे आगे रहना होगा और यह एक बड़े रणनीतिक हित का हिस्सा है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 'आईसीईटी' (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल) पर केंद्रित उद्योग से जुड़े गोलमेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आईसीईटी को मई 2022 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच अधिक सहयोग बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

सीआईआई के एक बयान के अनुसार, डोभाल ने अपनी टिप्पणी में प्रौद्योगिकी में उद्योग की भूमिका और आईईसीटी की स्थापना के बाद से इसकी प्रगति पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में सुलिवन ने प्रौद्योगिकी साझेदारी के लिए तीन महत्वपूर्ण पहलुओं का उल्लेख किया। पहला नवाचार, दूसरा उत्पादन और तीसरा तैनाती। बाइडन प्रशासन के शीर्ष अधिकारी ने नवाचार के महत्व को रेखांकित करते हुए निजी क्षेत्र के लिए सरकारी समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया।

**Wanted**
**ACCOUNTANT**
Leading Hindi daily urgently Requires Accountant (Minimum exp. 5 years in a CA Firm) with complete knowledge of Excel at its office **Near NSP Metro Station, Delhi.**
Apply with details within 7 days.
Email: careerds2250@gmail.com
Mobile : 9310206323 | 9310739099

## भाजपा के केंद्रीय दल का विरोध, नारेबाजी

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): भारतीय जनता पार्टी के चार सदस्यीय केंद्रीय दल को लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित हिंसा के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं का दावा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उस समय सहानुभूति नहीं दिखाई, जब उन्हें अपने घरों से विस्थापित कर कहीं और आश्रय दिया गया था।

पार्टी के सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय दल के काफिले को दक्षिण 24 परगना के अमतला में असंतुष्ट पार्टी कार्यकर्ताओं ने रोका और दौरे पर आए नेताओं के सामने अपनी शिकायतें रखीं।लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित हिंसा की खबरों के पश्चात स्थिति का आकलन करने के लिए सोमवार को केंद्रीय दल ने कूचबिहार का दौरा किया। इस दल में संयोजक बिप्लब देब, वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और राज्यसभा सांसद बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। दल का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद की कथित हिंसा के कारण अपने घरों से कथित रूप से विस्थापित पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलना है। देब ने संवाददाताओं से कहा कि चुनाव के नतीजों के बाद तृणमूल कांग्रेस के लिए चुनाव के बाद हिंसा एक आदत बन गई है।

**REQUIRED**
**MARKETING EXECUTIVES**
A Leading **Hindi Daily Newspaper** Published from Delhi Requires Executives for Marketing Space for Advertisements relating to Retail, Education, Tours Travel, life style and such other areas. Interested Males/ Females, Freshers Experienced Graduates may apply within 7 days.
E-mail : careerds2250@gmail.com

## इसरो के रॉकेट ने धरती के वायुमंडल में फिर से प्रवेश किया

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): इसरो ने कहा कि एलवीएम3 एम3/वनवेब इंडिया-2 अभियान में शामिल यान का 'क्रायोजेनिक' ऊपरी हिस्सा पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश कर गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि लगभग तीन टन वजनी 'रॉकेट बॉडी' 26 मार्च, 2023 को 36 वनवेब उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के बाद 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में रह गयी थी। इसरो ने बताया कि एलवीएम3 की लगातार छठीं सफल उड़ान के तहत इस यान ने ब्रिटेन स्थित मुख्यालय वाले वनवेब से संबंधित 36 उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षा में स्थापित किया था। इसरो ने कहा, ''मानक कार्यवाही के अनुसार अतिरिक्त ईंधन को खर्च कर ऊपरी हिस्से को निष्क्रिय कर दिया गया था।

## किरण चौधरी का कांग्रेस से इस्तीफा


**आज बेटी सहित भाजपा में शामिल होंगी**



**चंडीगढ़,** राजेश जैन (पंजाब केसरी) : हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधु व भिवानी के तोशाम से कांग्रेस विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी ने कांग्रेस छोड़ दी है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस्तीफा भेजा है। जिसमें किरण ने लिखा कि यहां पार्टी को निजी जागीर की तरह चला रहे हैं। मुझे बेइज्जत किया गया। वह अपनी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के साथ आज बीजेपी जॉइन करेंगी। दोनों दिल्ली जाकर बीजेपी हेडक्वार्टर में पार्टी में शामिल होंगी। इस दौरान वहां केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह भी मौजूद रहेंगे। किरण चौधरी लोकसभा चुनाव में अपनी बेटी श्रुति चौधरी की भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से टिकट कटने के बाद से ही नाराज दिख रही थी। किरण ने खुलकर मीडिया के सामने कई बार राजनीतिक तौर पर उन्हें खत्म करने की साजिश रचने के आरोप लगाए। किरण चौधरी के साथ उनकी बेटी और पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। दोनों ने अपना इस्तीफा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। दोनों नेताओं ने बिना नाम लिए भूपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधा है और कहा है कि पार्टी निजी जागीर बन गई है। मुझे बेइज्जत किया गया और मेरे खिलाफ साजिशें रची गई। उन्होंने सोमवार को तोशाम में खुलकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की आलोचना की थी और कहा था कि कांग्रेस का हरियाणा में कुछ नहीं हो सकता। इस बयान के बाद किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने के कयास लगने शुरू हो गए थे। जानकारी के अनुसार किरण चौधरी की भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत हो चुकी है। चर्चा है कि भाजपा किरण चौधरी को राज्यसभा में भेज सकती है।

**ड्राइवर चाहिए**
वजीरपुर, दिल्ली स्थित कार्यालय के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिन्हें सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो।
**संपर्क करें**
**फोन नंबर- 9310206323, 9310739099**
**फोन करें -** 10:00 AM to 5:00 PM

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 19 June, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** ( 21 मार्च – 20 अप्रैल) पूर्व निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है। अच्छी फिटनेस के लिए रोजाना जॉगिंग की आदत डालें। कार्यक्षेत्र पर नए आइडियाज के कारण आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों का प्रदर्शन शानदार रहेगा। **लकी नंबर-1, लकी कलर-रेड**

**वृषभ TAURUS** ( 21 अप्रैल- 20 मई) आज के दिन अच्छी आमदनी होने की संभावना है। निरंतर प्रयासों से ऑफिस में आपकी छवि में सुधार होगा। कोई करीबी पर्सनल प्रॉब्लम सॉल्व करने में आपकी मदद मांगेगा। **लकी नंबर-17, लकी कलर-सिल्वर**

**मिथुन GEMINI** (21 मई – 21 जून) आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए अच्छे अवसर मिलेंगे। नए लोगों से मुलाकात होने के कारण सोशल लाइफ मजेदार होगी। गलत खानपान के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। **लकी नंबर-11, लकी कलर-पीच**

**कर्क CANCER** (22 जून – 22 जुलाई) आज किसी पार्टी या समारोह का इन्विटेशन आ सकता है। अच्छा मुनाफा कमाने का बेहतरीन अवसर मिल सकता है। स्वस्थ रहने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। **लकी नंबर- 9, लकी कलर-मैरून**

**सिंह LEO** (23 जुलाई–23 अगस्त) अच्छी इनकम होने पर आपके कॉन्फिडेंस में भी इजाफा होगा। हेल्थ में सुधार के लिए डाइट में थोड़ा बदलाव लेकर आएं। किसी समारोह में प्रियजनों और रिश्तेदारों से मुलाकात संभव है। **लकी नंबर-11, लकी कलर-बेज**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त – 23 सितंबर) इनकम बढ़ाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। शुभचिंतकों की दुआओं से कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करेंगे। प्रोफेशनल फ्रंट पर दुश्मनों को दूर करने में कामयाब होंगे। टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को नए अवसर मिलने की उम्मीद है। **लकी नंबर-2, लकी कलर-ग्रे**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर – 23 अक्टूबर) नौकरी की तलाश कर रहे लोगों का भाग्य उनका साथ देगा। न्यूली वेड कपल्स साथ में किसी मजेदार जगह घूमने जाएंगे। प्रॉपर्टी संबंधित फैसला आपके पक्ष में रहने की उम्मीद है। ऑफिस में सीनियर्स की नजरों में अच्छा बनने की कोशिश करें। **लकी नंबर-22, लकी कलर-व्हाइट**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर – 22 नवंबर) नए हेल्थ रूटीन के कारण आप पहले से अच्छा फील करेंगे। प्रोफेशनल फ्रंट पर उपलब्धि के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। लगातार प्रयासों के कारण आर्थिक स्थिति में सुधार होता नजर आएगा। **लकी नंबर-7, लकी कलर-बेबी पिंक**

**धनु SAGITTARIUS** ( 23 नवंबर – 21 दिसंबर) इनकम के नए स्रोत मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन से स्टूडेंट्स सभी को इंप्रेस करेंगे। कार्यस्थल पर बॉस और सीनियर्स की नजरों में अच्छे बनेंगे। **लकी नंबर-1, लकी कलर-मैजेंटा**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर –21 जनवरी) कोई भी डील फाइनल करने से पहले पेपर्स अच्छे से चेक कर लें। पहले के मुकाबले अधिक फ्रेश और एनर्जेटिक फील करेंगे। प्रोफेशनल फ्रंट पर मेहनत और लग्न का फल जल्द मिलेगा। **लकी नंबर-6, लकी कलर-सैफ्रॉन**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) हेल्थ फ्रंट पर पहल के कारण आप फिट और एनर्जेटिक रहेंगे। आमदनी बढ़ाने के प्रयासों में आपको सफलता मिलेगी। ऑफिस में अपनी स्किल्स और प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। पार्टनर के साथ शाम को कुछ रोमांचक प्लान कर सकते हैं। **लकी नंबर-11, लकी कलर-क्रीम**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) कुछ सामाजिक कार्यों में थोड़ा व्यस्त रह सकते हैं। ऑफिस में अधूरे काम पूरे करने में अधिक मेहनत लग सकती है। छात्रों को उनके इंतजार का फल अवश्य मिलेगा। आज सुबह कहीं घूमने जाने का प्लान बन सकता है। **लकी नंबर-2, लकी कलर-ब्लू**

देश-विदेश

'हर स्टोरी' की फ्रांस में...



भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक



''कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा''

स्पोर्ट्स

टीम इंडिया हर चुनौती के लिए...



संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बुधवार 19 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 6 आषाढ़ 2081

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 170

Ph. : 011-30712200, 45212200


# जनादेश ने रचा नया इतिहास

## वाराणसी में पीएम मोदी ने कहा अब तो मैं काशी का होकर रह गया हूं, मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है

**पंजाब केसरी/वाराणसी**

तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद बनारस पहुंचे पीएम मोदी ने काशी के किसानों को संबोधित किया। साथ ही काशीवासियों का तीसरी बार सांसद चुनने पर आभार भी जताया। उन्होंने कहा, मां गंगा ने मुझे गोद लिया है, अब मैं यहीं का होकर रह गया हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, काशीवासियों का मुझ पर असीम स्नेह है। इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिपूर्वक पूजा की और मां गंगा की आरती में श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया। पीएम ने कहा कि पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। जहां इतनी बड़ी संख्या में लोग वोटिंग में हिस्सा लेते हैं। इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है वह वाकई अभूतपूर्व है। इस जनादेश ने एक नया इतिहास रचा है। पीएम मोदी बोले, जी-7 की बैठक में मैं हिस्सा लेने के लिए इटली गया था। जी-'7 के सारे देशों के सारे मतदाताओं को मिला दें तो भी भारत के वोटर की संख्या उनसे डेढ़ गुना ज्यादा है। यूरोप के तमाम देशों को जोड़ दें तो भी भारत के वोटर्स की संख्या उनसे ढाई गुना ज्यादा है। इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पीएम ने बनारस के आम, गाजीपुर की भिंडी और जौनपुर की मूली जैसे प्रोडक्ट विदेशों में पहुंचने के लिए इसे भारत के लिए गौरव बताया। लोकतंत्र के बारे में उन्होंने कहा कि एक देश में महिला वोटर्स की संख्या के हिसाब से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है। ये संख्या अमेरिका की पूरी आबादी के आसपास है। भारत के लोकतंत्र की यही खूबसूरती, यही ताकत पूरी दुनिया को आकर्षित भी करती है और प्रभावित भी करती है। मैं बनारस के हर मतदाता का भी लोकतंत्र के उत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। ये बनारस के लोगों के लिए भी गर्व की बात है। पीएम मोदी बोले, काशी के लोगों ने सिर्फ एमपी नहीं बल्कि तीसरी बार पीएम भी चुना है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापस आई हो, लेकिन इस बार भारत की जनता ने ये भी करके दिखाया है। जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी ने कहा, ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था, तब से भारत में किसी सरकार ने इस तरह हैट्रिक नहीं लगाई थी। आपका ये विश्वास मेरी बहुत बड़ी पूंजी है। आपका ये विश्वास मुझे लगातार आपकी सेवा के लिए देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देता है।





तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद श्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए और इनसैट में आचार्य उनके माथे पर चंदन का टीका लगाते हुए। (छाया : प्रेट्र)

> अब किसान आत्मनिर्भर बन रहा है और बनारस का लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली और गाजीपुर की भिंडी जैसे उत्पाद विदेशी मार्किट में पहुंच रहे हैं, यह हमारे लिए गौरव की बात है। काशी के लोगों ने एमपी नहीं तीसरी बार पीएम चुना है।

### किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की

प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त के तहत 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की।प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 'चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम।' मोदी को योगी ने कंधे पर हल लिए किसान का एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। तीन किसान... रमेश साहनी, उदयभानु सिंह और लालबहादुर राम ने प्रधानमंत्री का किसानों की तरफ से स्वागत किया।

### बर्गर किंग रेस्टोरेंट में किसी बात पर दो पक्षों में विवाद

## राजौरी गार्डन में ताबड़तोड़ फायरिंग में एक की मौत

**पंजाब केसरी/ पश्चिमी दिल्ली**



वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के राजौरी गार्डन में स्थित बर्गर किंग में दो पक्षों बीच हुए बवाल के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। दोनों पक्षों के बीच 15 गोलियां चलने की बात कही जा रही है और इसे आपसी रंजिश से भी जोड़ा जा रहा है। फायरिंग के दौरान अंदर अफरा तफरी मच गई। अंदर मौजूद लोगों ने टेबल के नीचे और काउंटर के पीछे छुपकर अपनी जान बचाई। फायरिंग में एक युवक को गोली लगी जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच एक दर्जन से अधिक गोलियां चली है। पुलिस ने मृतक शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान हुई फायरिंग में एक को गोली लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। राजौरी गार्डन थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

- अफरा तफरी के बीच लोगों ने टेबल के नीचे घुसकर बचाई अपनी जान
- दोनों पक्षों में लगभग 15 गोलियां चली

जानकारी के मुताबिक, राजौरी गार्डन थाना पुलिस को मंगलवार देर शाम 9.30 बजे फायरिंग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को एक युवक खून से लथपथ मिला। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बर्गर किंग के दौरान काफी लोग मौजूद थे।

इसी दौरान दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते-देखते बात मारपीट तक पहुंच गई। इसी बीच किसी ने पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग एक युवक को गोली लग गई।

## नीट में फ्रॉड करके कोई डॉक्टर बना तो क्या होगा

### एनटीए को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है तो उससे निपटा जाना चाहिए

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट-यूजी 2024 में कथित पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि किसी की ओर से थोड़ी सी भी लापरवाही से पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। नीट मामले में अमूल्य विजय पिनापति और नितिन विजय की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिकाओं में नीट के पेपर लीक होने की जांच करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 8 जुलाई को सुनवाई करेगा। वहीं, शीर्ष अदालत ने एनटीए और केंद्र से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है. नितिन विजय की ओर पेश वकील ने कहा कि ऐसे परीक्षा होगी तो कैसे डॉक्टर बनेंगे, भगवान ही मालिक है। इस पर एनटीए ने आपत्ति जताते हुए कहा हमें जवाब देने दीजिए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि एनटीए अपनी गलती ग्रेस मार्क में मान चुका है।





बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते

एनटीए और केंद्र को नोटिस जारी, अगली सुनवाई 8 जुलाई को

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है।बच्चों की मेहनत को नहीं भूल सकते- सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र से जवाब देने का निर्देश दिया। उसने कहा कि हम याचिकाकर्ता के मुताबिक आज ही आदेश नहीं दे सकते । सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है, तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जरा कल्पना कीजिए कि एक डॉक्टर ऐसे व्यक्ति का इलाज कर रहा है जो इस तरह से पास हो गया है, इसकी जांच की जानी चाहिए। अदालत ने केंद्र और एनटीए को यह भी कहा कि वे नीट-यूजी के खिलाफ दायर याचिकाओं को विरोधात्मक मुकदमे के रूप में न लें। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया कि अगर परीक्षा आयोजित करने में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और सुधारें।एनटीए की याचिका पर भी 8 जुलाई को सुनवाई दूसरी ओर, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा हाईकोर्ट में दायर मामले को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने की याचिका दाखिल की है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 8 जुलाई को सुनवाई करेंगे।

## विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय कुछ लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी।

## निखिल गुप्ता पर अमेरिका में चलेगा मुकदमा

**एजेंसी/वाशिंगटन**



अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अब अमेरिका की एक अदालत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।गुप्ता (53) को न्यूयॉर्क में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था।

गुप्ता के अटॉर्नी जेफ्री चाबरोवे के अनुसार, सोमवार को उसे मैनहट्टन संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जेम्स कॉट के समक्ष पहली पेशी के तहत प्रस्तुत किया गया, जहां उसने खुद को बेगुनाह बताया।गार्लैंड ने सोमवार को कहा, ''यह प्रत्यर्पण स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि न्याय विभाग अमेरिकी नागरिकों को चुप कराने या उन्हें नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा।''

## राहुल गांधी का दावा मोदी खेमे के कई लोग हमारे संपर्क में

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी खेमे में असंतोष है और उनके कई लोग हमारे संपर्क में हैं। चुनाव नतीजों के बाद एक अखबार को दिए इंटरव्यू में राहुल गांधी ने कहा, मोदी की छवि नष्ट हो गई है। मोदी की विचारधारा नष्ट हो गई है। राहुल ने कहा, बीजेपी का बुनियादी ढांचा और धार्मिक वैमनस्यता फैलाने की उनकी विचारधारा चरमरा गई है। राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार को टिकने के लिए संघर्ष करना होगा।




(पढ़ें पृष्ठ-4 पर)


### लोकसभा सत्र के लिए | संसद की रणनीति को लेकर एक्शन में सरकार

## राजनाथ सिंह ने की मंत्रियों से मंत्रणा

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद के आगामी सत्र के लिए सदन की रणनीति तैयार करने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस सत्र में जहां नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले पांच साल के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का दृष्टिकोण देश के सामने रखेंगी।

सिंह के आधिकारिक आवास पर हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू और अन्नपूर्णा देवी शामिल हुए। राजग के सहयोगी दलों में जनता दल



(यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान सहित अन्य नेता शामिल हुए। सिंह और पासवान केंद्रीय मंत्री हैं।

- राजनाथ के घर हुई अहम बैठक में एस. जयशंकर, मनोहर लाल, पीयूष गोयल, किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव भी मौजूद रहे

समझा जाता है कि रक्षा मंत्री ने 27 जून को संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए राजग के घटक दलों समेत वरिष्ठ मंत्रियों से राय मांगी। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। इस दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ होगा और फिर 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। दोनों सदनों में 28 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2-3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं। समझा जाता है कि रक्षा मंत्री के आवास पर हुई बैठक में लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवारों पर भी चर्चा हुई।

जदयू ने कहा है कि वह अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करेगी जबकि एक अन्य महत्वपूर्ण सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने इस प्रतिष्ठित पद के लिए सर्वसम्मति से उम्मीदवार की मांग की है। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन ने अपने उम्मीदवार के लिए विधानसभा उपाध्यक्ष पद की मांग की है जबकि भाजपा अपने गठबंधन सहयोगी को यह पद देने पर विचार कर रही है। निवर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में भाजपा नेता राधामोहन सिंह, डी पुरंदेश्वरी और भर्तृहरि महताब के नामों की चर्चा है।

## दिल्ली में गर्मी का कहर, लू से 2 की मौत, 2 वेंटीलेटर पर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में चल रही गर्म हवा जानलेव हो गई है। सूरज की तपिश के साथ मिलकर यह इतना खतरनाक हो गई है कि इसकी जद में आने वाले गंभीर स्वास्थ संकट में पड़ रहे हैं। कुछ की तो मृत्यु भी हो रही है। मंगलवार को भयंकर लू की चपेट में आने से दो और लोगों की मृत्यु हो गई और दो लोग अभी वेंटी लेटर पर हैं। जानकारी के मुताबिक सफदरजंग अस्पताल में मंगलवार को एक बुजुर्ग महिला सहित दो मरीजों की मौत लू के कारण हो गई। वहीं लोकनायक अस्पताल में 24 घंटे में भीषण लू से पीड़ित पांच मरीजों को बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया है, जिसमें से दो मरीज आईसीयू में वेंटिलेटर पर हैं।


(संपूर्ण खबर पृष्ठ-9 पर)


> जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। -महर्षि वाल्मीकि






आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com


## रायबरेली से वायनाड तक !

**मौजूदा** लोकसभा चुनावों में कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी ने अपना सफर केरल के वायनाड से लेकर उत्तर प्रदेश के रायबरेली तक जिस तरह सफलतापूर्वक पूरा किया है उसने उनकी दादी स्व. इन्दिरा गांधी की याद ताजा कर दी है। 1980 में इन्दिरा जी ने भी दो सीटों रायबरेली व तत्कालीन आंध्र प्रदेश के मेडक चुनाव क्षेत्रों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर ही जीत दर्ज की थी। 2014 में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी वाराणसी व बड़ौदा दो सीटों पर सफलतापूर्वक चुनाव लड़ा था। संभवत: राहुल गांधी एकमात्र ऐसे सांसद हैं जिन्होंने दो सीटों पर चुनाव लड़ा। मगर संविधान के अनुसार उन्हें एक सीट खाली करनी होगी और उन्होंने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया है। वायनाड ने उनका बुरे वक्त में साथ दिया था और 2019 में उन्हें जिताकर लोकसभा में भेजा था जबकि वह उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट हार गये थे। अत: वायनाड के प्रति उनकी जिम्मेदारी बनती थी। इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी बहन श्रीमती प्रियंका गांधी को वायनाड से उपचुनाव लड़ाने का फैसला किया है जिससे गांधी परिवार को ही वहां के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिले। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि प्रियंका गांधी की राजनीति की समझ बहुत परिपक्व है और वर्तमान चुनावों में कांग्रेस का ग्राफ ऊपर लाने में उनका योगदान भी काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने पर कांग्रेस पार्टी भारत के दक्षिण से लेकर उत्तर तक में अकेली पार्टी होगी जिसमें केरल से लेकर उत्तर प्रदेश तक के लोगों का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व होगा हालांकि इस बार केरल से सत्तारूढ़ पार्टी का भी एक सांसद चुना गया है परन्तु केरल में कांग्रेस ने वामपंथी दलों का सूपड़ा सा साफ कर दिया है। यह भी एक तथ्यात्मक इतिहास है कि बुरे दिनों में दक्षिण के राज्यों ने कांग्रेस का साथ जमकर दिया है। 1977 में जब विपक्षी दलों की पंचमेल पार्टी जनता पार्टी का गठन हुआ था तो पूरे उत्तर भारत में इसकी लहर चल पड़ी थी और इसे 298 सांसद मिले थे। मगर दक्षिण के राज्यों में इसे केवल एक सीट स्व. संजीव रेड्डी की आन्ध्र प्रदेश से मिली थी। वह भी बाद में राष्ट्रपति बन गये थे। दक्षिणी राज्यों व कुछ अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों से इन चुनावों में कांग्रेस को 153 सीटें मिली थीं।

लोकसभा में तब कांग्रेस ने अपना विपक्ष का नेता केरल से ही स्व. सी.एम. स्टीफन को चुना था। स्व. स्टीफन खुद ईसाई थे मगर हिन्दू धर्म ग्रन्थों का उनका अध्ययन इतना गहरा था कि लोकसभा में अपने वक्तव्यों से उन्होंने तत्कालीन जनता पार्टी नेताओं से भी लोहा मनवा लिया था। स्व. स्टीफन संस्कृत के भी विद्वान थे। गीता के श्लोक उन्हें कंठस्थ थे। कहने का मतलब यह है कि केरल राज्य परंपरागत रूप से कांग्रेस की विचारधारा का प्रवाहक माना जाता रहा है। श्रीमती प्रियंका गांधी ने भी इसी विचारधारा को 2024 के चुनावों में फैलाने में मदद की और रायबरेली व अमेठी दोनों चुनाव क्षेत्रों में उन्होंने मतदाताओं को यह बताने का भरपूर प्रयास किया कि भारत में लोक कल्याणकारी राज की स्थापना ही भारतीय संविधान का प्रमुख उद्देश्य है। इतने दुरूह विषय को उन्होंने जनता से सीधा संवाद करके समझाने का प्रयास किया जिसमें वह सफल रहीं। रायबरेली व अमेठी के अलावा प्रियंका ने देश के लगभग हर राज्य में चुनाव प्रचार भी किया और लोगों को यह समझाने का प्रयास किया कि मौजूदा परिस्थितियों में इंडिया गठबन्धन ही सकारात्मक विकल्प है क्योंकि गांधी और नेहरू की विरासत की राजनीति करना इस गठबन्धन का धर्म बन चुका है। रायबरेली व अमेठी में डेरा डाल कर प्रियंका गांधी ने पूरे अवध क्षेत्र को इस प्रकार आन्दोलित किया कि पड़ोस की सुल्तानपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी उनकी चाची मेनका गांधी चुनाव हार गईं और अयोध्या (फैजाबाद) से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह भी परास्त हो गये। इनके अलावा पूर्वांचल की और भी अनेक सीटें इंडिया गठबन्धन जीत गया। प्रियंका नौजवान पीढ़ी की एक होनहार व शब्दों का शास्त्रीय चयन करने वाली सफलतम चुनाव प्रचारक हैं। वायनाड से यदि वह चुनाव लड़ रही हैं तो मतदान से पहले ही उनकी जीत के नतीजे पर भी पहुंचा जा सकता है मगर राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता, अत: उन्हें वायनाड में भी पूरा दम-खम लगा कर चुनाव लड़ना होगा।

राहुल गांधी द्वारा रायबरेली सीट पर बना रहना गांधी परिवार की मजबूरी भी हो सकती है क्योंकि यह सीट उनके दादा स्व. फिरोज गांधी से लेकर उनकी दादी इन्दिरा गांधी व माताश्री सोनिया गांधी तक की रही हैं। पं. नेहरू ने तो 1920 के लगभग अपनी राजनीति की शुरूआत ही रायबरेली के गांवों से की थी। इस सन्दर्भ में 1945 में प्रकाशित एक पुस्तक 'कलेक्टेड स्पीचेज आफ जवाहर लाल नेहरू' बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसमें नेहरू जी द्वारा किसानों की सभाओं में दिये गये भाषण संग्रहित हैं। उस समय नेहरू जी ने रायबरेली के किसानों से आह्वान किया था कि वे रूढ़ीवादी परंपराएं छोड़ कर आगे बढ़ें और जात-पात को देखकर लोगों का मूल्यांकन करना बन्द करें। 2024 के चुनावों के दैरान प्रियंका गांधी की नुक्कड़ सभाओं के सन्देश को देखा जाये तो उन्होंने भी रायबरेली व अमेठी के लोगों से यही आह्वान किया कि वे सरकार के लोगों की जिम्मेदारी तय करते हुए जनता के प्रति जवाबदेह बनायें और उनसे उनके कामकाज का हिसाब-किताब मांगे। वह कहती थीं कि नेताओं की आदत मत खराब कीजिये और उनसे पिछले पांच साल का हिसाब मांगिए और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनिये। क्योंकि एक जागरूक नागरिक ही लोकतन्त्र को मजबूत बना सकता है। उनकी बातों का असर इस कदर हुआ कि अमेठी से केन्द्रीय मन्त्री स्मृति इरानी कांग्रेस के एक सामान्य कार्यकर्ता किशोरी लाल शर्मा से एक लाख 67 हजार वोटों से हार गईं।

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# एचएएल को 156 कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का ऑर्डर मिला



● 90 हेलीकॉप्टर भारतीय सेना और 66 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिए हैं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत की डिफेंस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का ऑर्डर मिला है। नया ऑर्डर मिलने के साथ ही एचएएल के शेयर में तेजी देखी जा रही है।एचएएल द्वारा रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा गया कि कंपनी को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) मिला है। 156 में से 90 हेलीकॉप्टर भारतीय सेना और 66 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिए हैं। बता दें, आरपीएफ एक दस्तावेज होता है जिसमें किसी भी सरकार या कंपनी द्वारा अपनी आवश्यकताओं को बताया जाता है।इसमें सामान खरीदने के प्रोसेस, टाइमलाइन, नियम और शर्तों की जानकारी होती है।माना जा रहा है कि ये टेंडर 45,000 से 50,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर खरीदने का प्रस्ताव एचएएल को दिया जाना, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।नई सरकार बनने के बाद कार्यभार संभालते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य देश की सुरक्षा को मजबूत करना है। साथ ही रक्षा जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का नया ऑर्डर मिलने से पहले एचएएल के पास 38,561 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक थी। हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच एडवांस जीई इंजन बनाने को लेकर समझौता हुआ है। ये इंजन एचएएल की ओर से बनाए जाएंगे।

भारत में डिफेंस इंडस्ट्री तेजी से विकसित हो रही है। एक अन्य सरकारी डिफेंस कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) की ऑर्डर बुक 75,934 करोड़ रुपये की है। एलएंडटी, जो कि डिफेंस क्षेत्र में भी कारोबार करती है।

# कार चला रही महिला खाई में गिरी, रील्स बनवा रही थी

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र में रील्स बनाने के चक्कर में एक महिला की 300 फीट नीचे खाई में गिरकर मौत हो गई।मामला औरंगाबाद जिले के सुलीभंजन का है। महिला की पहचान 23 साल की श्वेता दीपक सुरवासे के रूप में हुई है। खाई में गिरने से कुछ सेकेंड पहले का वीडियो भी सामने आया है।श्वेता सोमवार (17 जून) की दोपहर करीब 2 बजे अपने 25 साल के दोस्त सूरज संजाउ मुले के साथ औरंगाबाद से सुलीभंजन हिल्स गई थी। वह सुलीभंजन में दत्त मंदिर के पास पहाड़ पर डाइविंग सीखते हुए रील्स बना रही थी।इसी दौरान गाड़ी रिवर्स करते समय यह हादसा हुआ।

वीडियो में देखा गया कि श्वेता ड्राइविंग सीट पर बैठकर कार चला रही थी। उसका दोस्त सूरज कार के बाहर से वीडियो शूट कर रहा था। इसी दौरान श्वेता कार रिवर्स करने लगी। तब खाई और कार के बीच महज 50 मीटर की दूरी थी। श्वेता ने कार रिवर्स करते समय ब्रेक लगाने की बजाय एक्सीलरेटर दबा दिया।

# अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री हैं या 'रील मंत्री' : खड़गे

## सरकार पर रेलवे को 'बर्बाद' करने का आरोप लगाया, अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार पर भारतीय रेलवे को "बर्बाद" करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कांग्रेस ने कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना के मद्देनजर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की और कहा कि उन्हें पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

विपक्षी दल ने मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के लिए वैष्णव पर कटाक्ष करते हुए पूछा कि वह रेल मंत्री हैं या "रील मंत्री"।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब भी कोई रेल दुर्घटना होती है, मोदी सरकार के रेल मंत्री कैमरों की चकाचौंध में घटनास्थल पर पहुंचते हैं और ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे सब कुछ ठीक है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा, "नरेंद्र मोदी जी, हमें बताएं कि किसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, रेल मंत्री को या आपको?" खरगे ने सरकार से सात सवाल पूछे और जवाब मांगे। उन्होंने पूछा कि बालासोर जैसी बड़ी दुर्घटना के बाद, बहुचर्चित "कवच" ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली का दायरा एक किलोमीटर भी क्यों नहीं बढ़ाया गया? कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा, "रेलवे में करीब तीन लाख पद खाली क्यों हैं, पिछले 10 सालों में उन्हें क्यों नहीं भरा गया। एनसीआरबी (2022) की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2021 के बीच ही रेल दुर्घटनाओं में 1,00,000 लोगों की मौत हुई है! इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।" उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड ने स्वयं स्वीकार किया है कि मानव बल की भारी कमी के कारण इंजन चालकों का लंबे समय तक काम करना दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या का मुख्य कारण है। उन्होंने पूछा कि इन पदों को क्यों नहीं भरा गया।खरगे ने पूछा, "अपनी 323वीं रिपोर्ट में संसद की स्थायी समिति ने रेलवे सुरक्षा आयोग (सीआरएस) की सिफारिशों के प्रति रेलवे बोर्ड द्वारा दिखाई गई 'उपेक्षा' के लिए रेलवे की आलोचना की थी। यह रेखांकित किया गया कि सीआरएस केवल 8 से 10 प्रतिशत दुर्घटनाओं की जांच करता है।

### लोकसभा अध्यक्ष जो भी हो, सदन का तापमान बढ़ने वाला है

लोकसभा का अगला अध्यक्ष कौन होगा, इन अटकलों के बीच कांग्रेस का कहना है कि कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन स्पीकर बने और कौन डिप्टी स्पीकर। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने कहा कि अब वे संसद का सदन उस तानाशाही से नहीं चला पाएंगे, जैसे पहले चलाया जाता था। राहुल गांधी के 14 मिनट के वक्तव्य में 11 मिनट तक आपको स्पीकर नहीं दिखेंगे। जिस सदन में सरकार पहले राहुल गांधी को ही नहीं संभाल पा रही थी, अब उसी सदन में प्रियंका गांधी भी आ रही हैं। इंडिया गठबंधन के बड़े-बड़े प्रबल नेता, प्रखर वक्ता सब आने वाले हैं।
कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कुर्सी की पेटी बांध लीजिए, क्योंकि सदन का तापमान जबरदस्त बढ़ने वाला है। अब कोई फर्क नहीं पड़ता स्पीकर कौन बने और डिप्टी स्पीकर कौन बने। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से प्रश्न करते हुए कहा कि देश में लगातार रेल हादसे हो रहे हैं। ऐसे में रेलवे की सुरक्षा को लेकर क्या बदलाव किए गए हैं? वर्ष 2014 से 2023 तक 1,017 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। हर महीने 11 रेल दुर्घटनाएं और हर तीसरे दिन एक रेल दुर्घटना हुई हैं।



केन्द्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण अडवानी को एक सद्भावना भेंट के दौरान गुलदस्ता देते हुए। (छाया : प्रैट्र)

# मराठों को ओबीसी कोटे से आरक्षण नहीं दिया जा सकता : छगन भुजबल



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने अपनी इस बात को दोहराया कि मराठा समुदाय को ओबीसी समुदाय के कोटा में से आरक्षण नहीं दिया जा सकता। महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में राज्य में जाति आधारित जनगणना कराने की अपनी मांग भी दोहराई। भुजबल का बयान आरक्षण कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके और नवनाथ वाघमारे के विरोध प्रदर्शन के बीच आया है जो पिछले छह दिन से अनशन पर हैं। उन्होंने कहा है कि वे मराठा समुदाय को आरक्षण दिए जाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इससे ओबीसी आरक्षण प्रभावित नहीं होना चाहिए। सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को हाके और वाघमारे से मुलाकात कर उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया लेकिन दोनों ने इसे खारिज कर दिया। भुजबल ने कहा, ''मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे से आरक्षण नहीं दिया जा सकता। हम यह बात नहीं कह रहे, बल्कि पहले चार आयोग यह बात कह चुके हैं। उच्चतम न्यायालय ने भी इसके लिए मना किया है।'' उन्होंने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि फिर से ओबीसी कोटे में से मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग उठ रही है।

# लॉरेंस का वीडियो वायरल: पाकिस्तानी डॉन भट्टी को दे रहा ईद की बधाई



**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी): फिल्म अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने के बाद सुर्खियों में बने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के एक वायरल वीडियो से हड़कंप मच गया है।

लॉरेंस बिश्नोई इस वायरल वीडियो में पाकिस्तान के डॉन शहजाद भट्टी को ईद को बधाई दे रहा है। लॉरेंस बिश्नोई के इस वीडियो पर सुरक्षा एजेंसियों के बीच हड़कंप की स्थिति है। सवाल खड़ा हो रहा है कि लंबे समय से हिरासत और जेल में होने के बाद लॉरेंस बिश्नोई ने यह वीडियो कॉल कब और कैसे की? लॉरेंस का वायरल हुआ यह वीडियो सिर्फ 17 सेकेंड का है। इसमें लॉरेंस बिश्नोई के बाल छोटे हैं। वह पाकिस्तान के डॉन को बधाई देते हुए मुस्कराता भी है। लॉरेंस बिश्नोई के वायरल वीडियो पर गुजरात की साबरमती जेल के प्रांरभिक जांच के बाद सफाई दी है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई अभी गुजरात की सबसे ज्यादा सुरक्षित साबरमती जेल में बंद है। साबरमती जेल के डीवाईएसपी परेश सोलंकी ने कहा कि वीडियो में दिख रहा बैकग्राउंड साबरमती जेल का नहीं है। यह वीडियो पुराना प्रतीत हो रहा है। सुरक्षा एजेंसियां जांच करेंगी कि यह वीडियो कब का है। एजेंसियों की जांच में पता चलेगा कि यह डीपफेक तो नहीं है।

सोलंकी ने कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई साबरमती जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है। दिन में चार बार उनकी बैरक की तलाशी होती है। ऐसे में उस तक मोबाइल पहुंचने की संभावना बिल्कुल नहीं है। सोलंकी ने कहा कि वीडियो में दिख रहा बैकग्राउंड हाई सिक्योरिटी बैरक का नहीं है। वायरल वीडियो संज्ञान में आने के बाद जेल अथॉरिटी अलर्ट हुई है। एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि यह वीडियो कब का है। जेल में बंद लारेश बिश्नोई का पहला इंटरव्यू जेल से ही हुआ था। इस वीडियो के बाद एक बार फिर प्रशासन सवालों के घेरे में है।

# मोदी खेमे में असंतोष, उनके कई लोग हमारे संपर्क में : राहुल गांधी



● मोदी सरकार को टिकने के लिए संघर्ष करना होगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला । चुनाव नतीजों के बाद एक अखबार को दिए इंटरव्यू में राहुल गांधी ने कहा, मोदी की छवि नष्ट हो गई है। मोदी की विचारधारा नष्ट हो गई है। राहुल ने कहा, बीजेपी का बुनियादी ढांचा और धार्मिक वैमनस्यता फैलाने की उनकी विचारधारा चरमरा गई है। राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार को टिकने के लिए संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा, इन चुनाव के अप्रत्याशित नतीजों के बाद भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक बदलाव आया है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को बने रहने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने नतीजों का जिक्र करते हुए कहा कि सीटों के नंबर ऐसे हैं कि वे बहुत नाजुक हैं और छोटी सी गड़बड़ी सरकार गिरा सकती है। स्थिति ये है कि एक सहयोगी के दूसरी ओर मुड़ते ही सरकार गिर सकती है। राहुल ने दावा किया कि मोदी खेमे में काफी असंतोष है और वहां कई ऐसे लोग हैं, जो उनके संपर्क में हैं। हालांकि, राहुल गांधी ने इसे लेकर कोई और जानकारी नहीं दी। इंटरव्यू में राहुल गांधी ने कहा, ये विचारधारा कि आप नफरत फैलाएंगे, गुस्सा फैलाएंगे और उसका आपको फायदा मिलेगा। भारत के लोगों ने इस चुनाव में इस विचारधारा को नकार दिया। उन्होंने कहा, "यही वजह है कि इस बार सत्ताधारी गठबंधन संघर्ष करेगा, क्योंकि 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी के लिए जो काम आया वह काम नहीं कर रहा है। राहुल गांधी ने इंटरव्यू में दावा किया कि उचित परिस्थितियों में विपक्षी इंडिया गठबंधन ने बिना संदेह बहुमत हासिल कर लिया होता। उन्होंने कहा, हम लोगों ने बंधे हाथों के साथ चुनाव लड़ा। लेकिन जनता ने हमारा साथ दिया।

# राहुल ने वायनाड को धोखा दिया : भाजपा

**तिरुवनंतपुरम,** (पंजाब केसरी): केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने मंगलवार को वायनाड सीट छोड़ने को लेकर राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वहां की जनता को धोखा दिया है। वह वायनाड को अपने परिवार की संपत्ति बनाना चाहते हैं। मुरलीधरन ने कहा, यह वायनाड के मतदाताओं के साथ सरासर धोखा है। निष्पक्ष रूप से कहें तो उन्हें प्रचार के दौरान ही वायनाड के लोगों को यह बता देना चाहिए था कि अगर वह जीतते हैं तो वह सीट छोड़ देंगे। लेकिन उन्होंने वायनाड में मतदान खत्म होने का इंतजार किया और जब मतदान खत्म हो गया तब रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। यह धोखा नहीं तो और क्या है। हाल के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि अब जब प्रियंका गांधी वाड्रा को उनकी सीट से मैदान में उतारा जा रहा है।

### राहुल ने वायनाड सीट छोड़ने की सूचना दी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने की औपचारिक सूचना दी। उन्होंने इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय को एक पत्र दिया है। राहुल गांधी ने लोकसभा के लिए उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। वह दोनों ही सीटों से चुनाव जीते हैं। ऐसे में नियमों के मुताबिक उन्हें दोनों में से एक सीट छोड़नी थी। राहुल ने रायबरेली सीट से सांसद बने रहने का निर्णय लिया है और वायनाड सीट छोड़ दी है। राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ने की घोषणा की थी।

### जनता के साथ अन्याय हुआ : एनी राजा



राहुल गांधी के वायनाड लोकसभा सीट को छोड़ने के मामले पर सीपीआई नेता एनी राजा ने कहा कि राहुल गांधी को इस निर्णय के बारे में वायनाड की जनता को बताना चाहिए था, जिन्होंने उन्हें भारी मतों से विजयी बनाया। राहुल गांधी को वायनाड की जनता को यह बताना चाहिए था कि वो दूसरे लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ने वाले हैं। वायनाड की जनता के साथ यह अन्याय हुआ है। एनी राजा ने आगे कहा, कांग्रेस और सीपीआई ने एक साथ ये फैसला किया है कि फासीवादी ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए हमें एक साथ आना होगा।

# मतपत्रों का इस्तेमाल हो, न कि ईवीएम का: जगन मोहन



**अमरावती,** (पंजाब केसरी): युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की जगह मतपत्रों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश में हाल ही में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी हार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि लगभग हर उन्नत लोकतंत्र में मतपत्रों का इस्तेमाल होता है। रेड्डी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''दुनिया भर में लगभग हर उन्नत लोकतंत्र में चुनावों में ईवीएम का नहीं, बल्कि मतपत्रों का इस्तेमाल किया जाता है।'' आंध्र प्रदेश में विपक्ष के नेता ने कहा कि हमारे (भारत) लोकतंत्र की सच्ची भावना को बनाए रखने के लिए ''हमें भी उसी (डाक मतपत्रों) की ओर बढ़ना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''जैसे कि न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि दिखना भी चाहिए कि न्याय हुआ है उसी प्रकार लोकतंत्र भी न केवल कायम रहना चाहिए, बल्कि ऐसा दिखना भी चाहिए।'' आंध्र प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में वाईएसआरसीपी को केवल 11 विधानसभा सीट और चार लोकसभा सीट पर ही संतोष करना पड़ा।

तेलुगु देशम पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और जनसेना वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा की 175 में से 164 सीट पर जीत हासिल की और लोकसभा की 25 सीट में से 21 को अपने नाम किया। जब जीत रहे थे।

# पीपीए के दो विधायकों ने पेमा खांडू सरकार को अपना समर्थन दिया

**ईटानगर,** (पंजाब केसरी): अरुणाचल प्रदेश में पीपुल्स पार्टी ऑफ अरूणाचल (पीपीए) के दो विधायकों ने मंगलवार को पेमा खांडू सरकार को अपना समर्थन दिया।पीपीए से पहली बार के विधायकों-- नबाम विवेक और ओकेन तायेंग ने मंगलवार को यहां मुख्यमंत्री कार्यालय में खांडू को अपना समर्थन पत्र सौंपा तथा इस पूर्वोत्तर राज्य की भाजपा सरकार में अपना विश्वास जताया। खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' मैं अरूणाचल प्रदेश में भाजपा सरकार को बिना शर्त समर्थन देने के लिए पीपुल्स पार्टी ऑफ अरूणाचल के विधायकों-- श्री नबाम विवेक जी और श्री ओकेन तायेंग जी के प्रति बहुत आभारी हूं। उन्होंने अपना समर्थन पत्र सौंपा है।''मुख्यमंत्री ने कहा ,'' हम अरूणाचल प्रदेश में वृहद विकास एवं समृद्धि हासिल करने के लिए मिलकर काम करेंगे।''

# नीतीश के बेटे की राजनीति में आने की अटकलें तेज



पटना, (पंजाब केसरी) : बिहार में अटकलें लगाई जा रही हैं कि 'वंशवाद' की खिलाफत करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इकलौते बेटे सक्रिय राजनीति में आ सकते हैं। निशांत कुमार आम तौर पर सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आते हैं। उन्हें बेहद कम अवसरों पर सार्वजनिक तौर पर पिता के साथ देखा गया है। पिछले कुछ हफ्तों से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि 73 वर्षीय नेता "पार्टी के अंदर उठ रही मांगों" पर सहमत हो सकते हैं कि निशांत औपचारिक रूप से जद(यू) में शामिल हो जाएं। जद(यू) के पास दूसरे पंक्ति का नेतृत्व नहीं है जो सुप्रीमो नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद उनकी जगह ले सके। सोमवार को अटकलें और तेज हो गईं, जब पार्टी से जुड़े और राज्य खाद्य आयोग के प्रमुख विद्यानंद विकल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली। विकल ने लिखा कि बिहार को नए राजनीतिक परिदृश्य में युवा नेतृत्व की जरूरत है। निशांत कुमार में सभी अपेक्षित गुण हैं। मैं जद(यू) के कई साथियों की राय से सहमत हूं कि वे पहल करें और राजनीति में सक्रिय हों। हालांकि, जब इस संबंध में पूर्व राज्य जद(यू) अध्यक्ष और नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में से एक विजय कुमार चौधरी से सवाल पूछे गए तो उन्होंने दावा किया कि अटकलें "निराधार" हैं। मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले चौधरी ने कहा कि मैं पार्टी के लोगों से भी आग्रह करूंगा कि वे इस अति संवेदनशील मुद्दे पर सार्वजनिक चर्चा न करें, इसका कोई आधार नहीं है, बल्कि इससे लोगों के मन में संदेह पैदा हो सकता है।

# प्रसार भारती के पूर्व अधिकारी सुनील आईईटीई के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रसार भारती के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक सुनील को इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशंस इंजीनियर्स (आईईटीई) का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वर्ष 1953 में स्थापित आईईटीई भारत की अग्रणी पेशेवर सोसायटी है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी की उन्नति के प्रति समर्पित है। सुनील के पास प्रसारण क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है और इस दौरान उन्होंने प्रौद्योगिकी, वैश्विक पहुंच, विपणन, वितरण, केंद्रीय अभिलेखागार और आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के विदेश सेवा प्रभाग के प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्हें भारत के पहले डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) मंच की योजना बनाने और उसका कार्यान्वयन का श्रेय दिया जाता है। उन्हें नीलामी के माध्यम से निजी प्रसारकों के एकीकरण का श्रेय दिया जाता है।

# हिमाचल के सीएम की पत्नी होंगी कांग्रेस उम्मीदवार

## कमलेश ठाकुर को कांगड़ा जिले के देहरा से टिकट मिला, 10 को है उपचुनाव



शिमला, (पंजाब केसरी): कांग्रेस ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को कांगड़ा जिले के देहरा में 10 जुलाई को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया। कमलेश ठाकुर भाजपा उम्मीदवार और दो बार के विधायक होशियार सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। होशियार सिंह ने 2022 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में इस सीट से जीत हासिल की थी। मुख्यमंत्री सुक्खू देहरा के निकट स्थित हमीरपुर जिले के नादौन से चार बार के विधायक हैं। हिमाचल में तीन विधानसभा सीटों - देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ के लिए 10 जुलाई को उप चुनाव होंगे और नतीजे 13 जुलाई को घोषित किए जाएंगे।

भाजपा की ओर से के.एल. ठाकुर नालागढ़ से और आशीष शर्मा हमीरपुर से चुनाव लड़ेंगे। उनका मुकाबला क्रमश: कांग्रेस के हरदीप बावा और पुष्पेंद्र वर्मा से होगा। इस साल की शुरुआत में भाजपा में शामिल होने से पहले 2022 में ठाकुर और शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। होशियार सिंह के साथ दोनों ने मार्च में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गए। चार 4 जून को स्पीकर ने उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिए। इसके बाद उप चुनाव कराना आवश्यक हो गया।

### हमीरपुर उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार ने नामांकन भरा

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश),** (पंजाब केसरी): हमीरपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार आशीष शर्मा ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले, भाजपा नेताओं ने एक रैली कर अपना शक्ति प्रदर्शन भी किया। शर्मा उन तीन निर्दलीय विधायकों में से एक हैं जिन्होंने 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। बाद में तीनों ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा का दामन थाम लिया था। राज्य की तीन विधानसभा सीटों हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में 10 जुलाई को उपचुनाव के तहत मतदान होने हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले, शर्मा ने अपनी पत्नी के साथ गसोता में एक शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि उनकी जीत निश्चित है क्योंकि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र की सेवा की है और आगे भी करते रहेंगे। बाद में, भाजपा ने एक रैली में एकजुटता का प्रदर्शन किया जिसमें राज्य और जिला स्तर के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।

# गोहत्या से रोका तो पुलिस पर किया हमला

**पालघर,** (पंजाब केसरी) : महाराष्ट्र के पालघर जिले में हत्या के लिए गायों को ले जाने की कोशिश को नाकाम करने के दौरान लोगों के एक समूह ने पुलिस दल पर हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार तड़के जव्हार के धरनपाड़ा इलाके में हुई। अधिकारी ने कहा कि तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य की तलाश शुरु कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की गश्ती टीम को सूचना मिली थी कि गायों को एक ट्रक में भरकर इलाके के एक बाग से वध के लिए ले जाया जा रहा है।

सूचना के आधार पर जब टीम ने इलाके की तलाशी ली तो आरोपी को एक छोटी पहाड़ी में छिपा हुआ पाया।

# धरना दे रहे लोगों पर पथराव के बाद झड़प, बालासोर में कर्फ्यू

● मवेशियों की कुर्बानी से सड़क पर बह रहे खून को लेकर विरोध प्रकट कर रहे थे लोग

**बालासोर,** (पंजाब केसरी): ओडिशा के बालासोर शहर में दो समूहों के बीच झड़प के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के भुजखिया पीर इलाके में सोमवार को मवेशियों की कुर्बानी से सड़क पर बह रहे खून को लेकर विरोध जताते हुए लोगों का एक समूह धरने पर बैठ गया। पुलिस ने बताया कि दूसरे समूह ने उन पर पथराव किया, जिसके बाद झड़प शुरू हो गई। जिला प्रशासन ने शहर के कुछ संवेदनशील इलाकों में इंटरनेट सेवा भी निलंबित कर दी और लोगों से घरों से बाहर नहीं निकलने का आग्रह किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 17 जून की मध्यरात्रि से 18 जून की मध्यरात्रि तक कर्फ्यू लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को बालासोर के जिलाधिकारी आशीष ठाकरे से बात की और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए उन्हें तत्काल कदम उठाने को कहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून- व्यवस्था) संजय कुमार बालासोर में डेरा डाले हुए हैं। पुलिस ने बालासोर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने बताया कि अब तक करीब 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, ''ओटी रोड के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए हैं।' पुलिस ने बताया, ''कोई भी व्यक्ति अपने घरों से बाहर नहीं निकलेगा। न ही पैदल और न ही वाहन से जाने की अनुमति होगी। सिर्फ और सिर्फ आपात चिकित्सा सहायता के अलावा लोगों को निकलने की अनुमति नहीं है।''

बालासोर पुलिस अधीक्षक सागरिका नाथ ने बताया, 'बालासोर नगर पालिका क्षेत्र में कर्फ्यू लगाया गया है। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान और दुकानें बंद रहेंगी।' पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की गई है।


हरियाणा सरकार
"समर्पित श्रम और सृजन कौशल के धनी श्रमिक भाई देश व प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। हरियाणा सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हम इनकी मूलभूत जरूरतों के साथ-साथ इन्हें आधुनिक सुविधाएँ भी उपलब्ध करवाते रहें।"
- नायब सिंह
"सरकार का मार्ग 'श्रम की गरिमा', 'आत्मनिर्भर श्रमिक' और 'गरीबों का कल्याण' है।"
- नरेन्द्र मोदी
श्रमेव जयते !
श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह
निर्माण श्रमिकों को 18 योजनाओं के एक लाख से अधिक लाभों का वितरण
दिनांक - 19 जून, 2024 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - नई अनाज मंडी, रोहतक रोड, जींद
राज्य स्तरीय समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा
विशिष्ट अतिथि
श्री मूल चंद शर्मा
श्रम मंत्री, हरियाणा
श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा
नई पहल
• श्रमिक पंजीकरण प्रोत्साहन योजना - अब निर्माण श्रमिकों को पंजीकरण पर ₹1100 की वित्तीय सहायता दी जाएगी।
• कन्यादान एवं विवाह सहायता की 75 प्रतिशत राशि विवाह के तीन दिन पूर्व मिलेगी।
• निर्माण श्रमिकों को ₹3,500 प्रतिमाह की दर से वृद्धावस्था पेंशन दी जाएगी।
सभी निर्माण श्रमिक सादर आमंत्रित हैं
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
श्रम विभाग, हरियाणा
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
SAMVAD RO.NO.1089/13/1630/2025/26894/142/7 Dt.18.06.2024

लुटियंस दिल्ली में गहराया जल संकटः एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत चहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

# पीएम हाउस समेत कई अस्पतालों में पानी की किल्लत, जल बोर्ड दे रहा है कम पानी



कुलजीत सिंह चहल



जल संकट के बीच संजय कैंप में घंटों लाइन में खड़े होकर टैंकर का इंतजार करते लोग।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनी, वीवीआईपी इलाके के बाद अब दिल्ली के नामी अस्पतालों में भी पानी की किल्लत होने लगी है। यहीं नहीं दिल्ली की पॉश लुटियन दिल्ली यानी नई दिल्ली इलाका भी पानी किल्लत की चपेट में है। इसका असर सांसद आवास के साथ-साथ अब पीएम हाउस तक दिखने लगा है। यहां दिल्ली जल बोर्ड द्वारा एनडीएमसी को कम पानी सप्लाई किए जाने के कारण आरएमएल, कलावती और लेडी हार्डिंग जैसे कई बड़े अस्पतालों को कम पानी मिल रहा है।

एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा एनडीएमसी को उपलब्ध कराये जाने वाले पानी की न्यूनतम प्रतिबद्ध मात्रा 125 एमएलडी है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा एनडीएमसी को मुख्य रूप से तीन जल उपचार संयंत्रों यानी वजीराबाद, चंद्रावल और सोनिया विहार से जल आपूर्ति प्रदान की जा रही है। दिल्ली जल बोर्ड के जल उपचार संयंत्र के कुल 18 इनलेट बिंदु जहां से एनडीएमसी को 27 जलाशयों में पानी की आपूर्ति प्रदान की जाती है, जिनकी क्षमता 56 एमएलडी हैं।

चहल ने कहा कि मुख्य मुद्दा अभी वजीराबाद जल उपचार संयंत्र है, जो 50 फीसदी से कम क्षमता के साथ चल रहा है। दिल्ली जल बोर्ड को 60 एमएलडी पानी उपलब्ध कराना था, जिसके मुकाबले पानी की एक बूंद भी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी, जिसके परिणामस्वरूप गोल मार्केट, बंगाली मार्केट, तिलक मार्ग, संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, न्यायाधीशों के बंगलों के संबंधित क्षेत्र में पानी की गंभीर कमी हो गई। डीआईजे क्षेत्र, आरएमएल, कलावती और लेडी हार्डिंग जैसे अस्पताल भी शामिल है। चहल ने बताया कि एनडीएमसी में कुल उपभोक्ताओं की संख्या 18955 है, जिनमें घरेलू 12797, फ्लैट रेट 1022, एनडीएमसी कर्मचारी 16412, गैर घरेलू 3514, धोबी घाट 10 हैं।

### राष्ट्रपति एस्टेट, पीएम हाउस में कम सप्लाई


चंद्रावल जल उपचार संयंत्र 30 फीसदी कम क्षमता पर चल रहा है, जिसमें 35 एमएलडी पानी है। इसके मुकाबले 20 से 25 एमएलडी पानी दिल्ली जल बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रपति एस्टेट, चाणक्यपुरी, दूतावास, पीएम हाउस, एमपी फ्लैट आदि शामिल हैं।

### सोनिया विहार जल संयंत्र में भी आई कमी

सोनिया विहार जल उपचार संयंत्र 10 फीसदी कम क्षमता पर चल रहा है, दिल्ली जल बोर्ड को 30 एमएलडी पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिसके मुकाबले दिल्ली जल बोर्ड द्वारा 20 एमएलडी पानी उपलब्ध करा रहा है। संकट का एक छोटा सा मुद्दा है, इसके क्षेत्र में मुख्य रूप से जोर बाग शामिल है। भारती नगर, पंडारा रोड, खान मार्केट, काका नगर, बापा नगर आदि भी है।

## जल संकट के लिए तत्काल उपाय और जवाबदेही आवश्यकः सतीश उपाध्याय

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड से एनडीएमसी को प्रतिदिन 125 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति होती है। इस जल को तीन जल शोधन संयंत्र से प्राप्त किया जाता है। पानी की कम आपूर्ति को पूरा करने के लिए एनडीएमसी इलाके में वाटर टैंकरों की तैनाती की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि मानसून में दस दिन बचे हैं लेकिन अब तक दिल्ली सरकार ने 717 नाले में से 198 नाले की ही सफाई का काम किया है। उन्होंने बताया कि जिन तीन जल शोधन संयंत्र में जल मिल रहा है उसमें वजीराबाद, चंद्रावल तथा सोनिया विहार हैं। पानी की आपूर्ति कम होने की वजह से बंगाली मार्केट, तिलक मार्ग, गोल मार्केट, कलावती अस्पताल, लेडी हार्डिंग अस्पताल सहित अन्य क्षेत्रों में पानी का संकट उत्पन्न हो रहा है। क्योंकि अन्य जल शोधन संयंत्र संयंत्र भी पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं।



सतीश उपाध्याय

● *जल बोर्ड से एनडीएमसी को 125 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति...*

उपाध्यक्ष ने बताया कि पानी की कमी को देखते हुए एनडीएमसी लोगों को पानी की सुविधा मुहैया कराने के लिए जल टैंकरों की व्यवस्था कर रही है। एनडीएमसी के क्षेत्र के तहत आने वाले झुग्गी झोपडी संजय कैंप और विवेकानंद कैंप में दस हजार लीटर क्षमता वाले सतही जल टैंकरों की स्थापना की है।उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में चल रही जलापूर्ति की कमी ने दिल्ली सरकार के कुप्रबंधन को उजागर किया है। दिल्ली सरकार को जलाशयों और बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए अपने पिछले प्रयासों के बारे में महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि मानसून आने में केवल दस दिन बचे हैं, लेकिन अभी तक दिल्ली सरकार ने इस संबंध में कोई काम नहीं किया है। अब तक केवल 717 में से 198 नालों की ही सफाई का कार्य किया जा सका है।

## 'हरियाणा पानी छोड़े तो खत्म होगी दिक्कत'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के वीवीआईपी इलाके सहित पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में पानी की किल्लत को लेकर परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय के बयान पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया है। आप का कहना है कि जल संकट हरियाणा से मिल रहे कम पानी की वजह से है। पर्याप्त और अतिरिक्त पानी मिलने पर ही इस संकट को दूर किया जा सकता है। आप का कहना है कि जल संकट की इस घड़ी में जब दिल्ली भारी पानी की कमी से जूझ रही है, यह उम्मीद की जाती है कि हममें से हर कोई एकजुट होकर खड़ा हो और दिल्ली के नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए कार्य करे। लेकिन भाजपा के लोग राजनीति के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित हरियाणा सरकार से दिल्ली के लिए अधिक पानी जारी करने का आग्रह करके दिल्ली के लोगों की तकलीफों को कम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे जल उपचार संयंत्र अपनी इष्टतम क्षमता पर काम करें।

दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को कम करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदान किए गए अधिशेष पानी को जारी करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप की मांग की। हमने दिल्ली के उपराज्यपाल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया ताकि दिल्ली को इस भीषण गर्मी में कुछ राहत मिल सके।

## पेयजल संकट को लेकर भाजपा वार्ड स्तर पर निकालेगी पदयात्रा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के अंदर लगातार पानी की कमी से जूझ रहे लोगों की समस्या को लेकर बुधवार को दिल्ली भाजपा का हर कार्यकर्ता, सांसद, विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी वार्ड स्तर पर पदयात्रा निकालेंगे, घर-घर जाकर हैंडबिल का वितरण करेंगे और लोगों को बताएंगे कि कैसे दिल्ली को लूटने का काम आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने किया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पानी को लेकर दिल्ली को गंदी राजनीति में धकेल रही है जिसका हश्र हम देख रहे हैं। अस्पताल से लेकर लोगों के घरों तक पानी का न होना काफी शर्मनाक है। निजी टैंकरों से पानी पहुंचाए जाने की अगर यह नौबत आई है तो उसकी वजह सिर्फ आप के नेताओं की गंदी राजनीति है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बार-बार दिल्ली की जलमंत्री आतिशी झूठ बोल रही हैं, जबकि हरियाणा सरकार ने जारी किए डाटा में बताया है कि उन्होंने तय क्षमता से 17 फीसदी से अधिक पानी दिल्ली को दिया है।

उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास से झूठ बोलना आप के नेता होने की पहचान है। नल से जल देने की बात करने वाले मुख्यमंत्री बताएं कि आखिर दिल्ली के कई इलाकों में अभी तक पाइप क्यों नहीं डाले गए हैं। सचदेवा ने कहा कि पानी की चोरी और लीकेज सिस्टम, जो पिछले 10 साल में ठीक होने चाहिए थे, वह अभी तक नहीं हुए और अपनी कमियों के लिए दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी हरियाणा और भाजपा को दोषी बना रही हैं।

## 5 वर्षों का टैंकरों का लेखा जोखा मांगना भ्रष्टाचार के संकेत : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में जहां दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है वहीं दिल्ली सरकार जनता को पर्याप्त पानी देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। पिछले 6-7 वर्षों में जहां टैंकर से पानी की जरूरत पूरी करने वाले पॉइंट की संख्या 10.5 हजार के लगभग पहुंच गई है वहीं दिल्ली जल बोर्ड के 100 टैंकर रिकार्ड से ही गायब हो गए है। उन्होंने कहा कि जहां पिछले वर्ष जल बोर्ड के पास 250 टैंकर थे वो 150 रह गए है। 100 टैंकर कम होने का विभाग के पास कोई रिकॉर्ड नहीं होने मिलीभगत और भारी भ्रष्टाचार को दर्शाता है जिसकी जांच होनी चाहिए।



देवेन्द्र यादव

देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस पिछले एक सप्ताह में दिल्ली जल बोर्ड के जल रिसाव में पानी की बर्बादी और करोड़ों के राजस्व नुकसान पर केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त और उपराज्यपाल को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग कर चुके है। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में बढ़ते भ्रष्टाचार के चलते सर्तकता विभाग ने पिछले 5 वर्षों में कितने टैंकर हायर किए गए, हर वर्ष कितने टैंकर उपलब्ध कराए गए, प्रत्येक टैंकर मालिक ने जल बोर्ड को कितना पानी पहुंचाया और टैंकर मालिक ने किराए में कितनी राशि मांगी, यह पूरा हिसाब सतर्कता विभाग ने मांगा है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में पानी की समस्या वाली जगह बढ़ रही है तब जल बोर्ड ने टैंकरों की संख्या क्यों नहीं बढ़ाई और सभी को पानी देने का वायदा करके दिल्ली की जनता को 10 वर्षों में पर्याप्त पानी देने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी लगातार आरोप प्रत्यारोप की बयानबाजी तो कर रही है परंतु पानी संकट खत्म करने के लिए न एलजी या केन्द्र सरकार के साथ मिलकर कोई कारगर कदम नहीं उठा रही हैं।



## दिल्ली को मानवीय आधार पर अतिरिक्त पानी देने से हरियाणा सरकार ने किया इंकारः आतिशी

चंडीगढ़ में दिल्ली सरकार के तीन अफसरों और हरियाणा के प्रधान सचिव के बीच हुई बैठक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : हरियाणा सरकार ने मौजूदा जल संकट के बीच दिल्ली को मानवीय आधार पर अतिरिक्त पानी देने से साफ मना कर दिया है। इस गंभीर जल संकट से निपटने के लिए दिल्ली सरकार के अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल बुधवार को चंडीगढ़ में हरियाणा सरकार के प्रमुख सचिव (जल संसाधन) के साथ बैठक की। इस बैठक में दिल्ली सरकार ने हरियाणा सरकार से दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का अनुरोध किया। इस दौरान दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने इस भीषण गर्मी की वजह से पैदा हुए जल संकट को कम करने के लिए मिलजुल कर काम करने पर बल दिया। उन्होंने दिल्ली के लोगों की परेशानी कम करने के लिए तत्काल सहायता की मांग की और स्थिति सामान्य होने तक यमुना के जल वितरण की चर्चा स्थगित करने का अनुरोध किया।



आतिशी

### जल मंत्री ने 15 जून को किया था अनुरोध

आतिशी ने 15 जून को हरियाणा से मानवीय आधार पर दिल्ली को कुछ अतिरिक्त पानी देने का अनुरोध किया था। अपर यमुना रिवर बोर्ड ने दिल्ली और हरियाणा को द्विपक्षीय बैठक करने और हरियाणा से दिल्ली को कुछ अतिरिक्त पानी देने पर विचार करने की सलाह दी थी। हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि मानवीय आधार पर दिल्ली की मौजूदा स्थिति को देखते हुए दिल्ली को कुछ अतिरिक्त पानी दे। दिल्ली सरकार के तीन वरिष्ठ अधिकारियों अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीष गुप्ता, डीजेबी के सीईओ ए अनबरसु और नोडल सीई जल एसएल मीना ने मंगलवार को हरियाणा सरकार के प्रमुख सचिव (जल संसाधन) के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की।

### इससे पहले ऐसी परिस्थिति कभी पैदा नहीं हुई

दिल्ली के जल मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट करते हुए कहा कि यमुना के पानी के समान वितरण के बारे में चर्चा को हीट वेव के बाद तक स्थगित किया जा सकता है, हमारी प्राथमिकता अभी इस आपातकाल को संभालना है। इस अभूतपूर्व हीट वेव ने एक गंभीर स्थिति पैदा कर दी है और हम मानवीय आधार पर पानी छोड़ने के लिए हरियाणा सरकार से अपील करते हैं। दिल्ली के लोगों को पानी की कमी के कारण अत्यधिक तकलीफ का सामना करना पड़ रहा हैं। इससे पहले दिल्ली ने कभी ऐसी भीषण गर्मी का अनुभव नहीं किया है।

## मालीवाल ने इंडिया गठबंधन के नेताओं से मांगा समर्थन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री के निवास पर सीएम के पीए द्वारा उन पर किए गए हमले के मामले में इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं को पत्र लिखकर समर्थन की मांग की है। स्वाति ने इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं राहुल गांधी, शरद पवार, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, एमके स्टालिन, लालू प्रसाद यादव और अन्य को पत्र लिखकर अपने साथ हुए घटना के लिए समर्थन मांगा है। वहीं स्वाति ने मंगलवार को इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता राहुल गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर मुलाकात के लिए समय भी मांगा है। मालीवाल ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को लिखे पत्र में उनके साथ 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री के निवास पर उनके पीए द्वारा उन पर किए गए हमले की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि समर्थन मिलने के बजाय, उन्हें अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा चरित्र हनन और पीड़िता को शर्मसार करने का सामना करना पड़ा। उन्होंने उल्लेख किया कि उनके खिलाफ फैलाए गए झूठ के कारण, उन्हें कई बलात्कार और हत्या की धमकियां मिल रही हैं। स्वाति ने पत्र में कहा कि इस हमले के बाद जब वह अपने लिए न्याय के लिए लड़ रहीं हैं, तो पहली बार एक पीड़िता के दर्द और अलगाव को महसूस किया है। उन्होंने जिस तरह से शर्मसार और चरित्र हनन का सामना करना पड़ा है, उस पर चिंता जताई है, क्योंकि इससे अन्य महिलाओं और लड़कियों को दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने से हतोत्साहित किया जाएगा।



स्वाति मालीवाल

## 'मालीवाल ने अपनी पार्टी से न्याय की उम्मीद छोड़ दी है'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल द्वारा राहुल गांधी और शरद पवार को पत्र लिखकर मिलने के लिए समय मांगे जाने के विषय पर कहा कि जिन स्वाति मालीवाल को अरविंद केजरीवाल रानी लक्ष्मी बाई और न जाने किस-किस नाम से बुलाते थे, उन्हीं मालीवाल को पूरी पार्टी ने अकेला छोड़ दिया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जिस प्रकार से सीएम अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में उनके सहयोगी द्वारा मुख्यमंत्री आवास पर एक महिला सांसद को बुलाकर बदसलूकी की गई, उस पर न तो केजरीवाल के किसी मंत्री ने और न ही इंडी गठबंधन के नेताओं ने कुछ कहा।



वीरेंद्र सचदेवा

स्वाति मालीवाल को भी अब समझ आ गया है कि आप जो महिला सम्मान की बातें करती है, वह सिर्फ खोखली बाते हैं और शायद इसलिए उन्होंने अब आप से न्याय की उम्मीद भी छोड़ दी है। वह इंडी गठबंधन के उन नेताओं से उम्मीद लगा रही हैं जिन्होंने अब तक इस विषय पर एक शब्द नहीं बोला और इसलिए राहुल गांधी और शरद पवार से मिलने के लिए पत्र लिखा है।

## अरुंधति के खिलाफ हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर सकती है पुलिस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अतंर्राष्ट्रीय लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के कथित भड़काऊ भाषणों को लेकर यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस अगले सप्ताह आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। बता दें कि यह मामला साल 2010 का है, जब नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में इन दोनों ने कश्मीर को लेकर वह भड़काऊ भाषण दिया था।



अरुंधति रॉय



वीके सक्सेना

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एक हजार से अधिक पन्नों की चार्जशीट तैयार की है, जिसमें रॉय और हुसैन पर कई वीडियो और फोरेंसिक सबूतों के आधार पर आरोप लगाए गए हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि पुलिस ने 6 से अधिक चश्मदीदों के बयानों का हवाला भी दिया है, साथ ही सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के जांच की फोरेंसिक रिपोर्ट भी पुलिस ने उपलब्ध कराई है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुक्रवार को यूएपीए की धारा 45 (1) के तहत उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर 21 अक्टूबर, 2010 को कॉपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में 'आजादी - द ओनली वे' के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में नई दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में मामले को आगे की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दिया गया था। बता दें कि 21 अक्टूबर 2010 को 'आजादी-द ओनली वे' के बैनर तले आयोजित इस सम्मेलन में 'कश्मीर को भारत से अलग करने' का प्रचार किया गया था। इस मामले में 28 अक्टूबर 2010 को कश्मीर के रहने वाले सुशील पंडित द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### संक्षिप्त समाचार...

### चंदोलिया ने दी आप विधायक के खिलाफ शिकायत



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया के नेतृत्व में मंगलवार को दिल्ली भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने समयपुर बादली पुलिस स्टेशन में पुलिस उपायुक्त को एक शिकायत पत्र सौंपा जिसमें बवाना से आप विधायक जय भगवान उपकार एवं उनके समर्थकों द्वारा गरीब जनता को पानी की मांग के लिए जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल में निगम में उपनेता जय भगवान यादव, निगम पार्षद अंजु अमन एवं प्रदेश प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी शामिल रहे। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि हमने मांग की है कि जो वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से हमें मिला है उस पर संज्ञान लेते हुए बवाना विधायक जय भगवान उपकार एवं उनके अन्य साथी जो गरीब जनता को जान से मारने की धमकी देते दिख रहे हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करके उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बवाना के विधायक के पास जब जनता पानी की मांग को लेकर गई तो वे और उनके समर्थकों ने जान से मारने की धमकी दी जिसके बाद हमने उस पूरे घटनाक्रम का वीडियो और एक शिकायत पत्र लेकर पूरी घटना को पुलिस उपायुक्त के संज्ञान में दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी आर्थिक मजबूरी के कारण गरीब लोग अपने विधायक कार्यालय में जाकर पानी की टैंकर के लिए विनती कर रहे हैं, लेकिन विधायक जय भगवान उपकार और उनके साथी खुलेआम लोगों को मारने की धमकी दे रहे हैं।

### साहनी ने पंजाब के लिए केंद्र से सहयोग की मांग की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पंजाब से राज्यसभा सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने पंजाब में बेहतर बुनियादी ढांचे के लिए विशेष परियोजनाओं की मंजूरी और उपयुक्त बजट आवंटन करने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया है। उन्होंने कहा की पंजाब के ऊपर पहाड़ जैसा कर्ज होने और एक सीमावर्ती राज्य होने के साथ-साथ, प्रदेश ने आतंकवाद के एक भयावह दौर का सामना किया है। डॉ. साहनी ने पीएलआई योजनाओं में अधिक उद्योगों को शामिल करने की मांग की, वहीं एमएसएमई को समर्थन देने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पंजाब के उद्योगों को निर्यात के लिए परिवहन शुल्क कम करने हेतु सब्सिडी प्रदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। डॉ. साहनी ने कहा कि आज किसानों के लिए एमएसपी सुधार, फसल विविधीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाले व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है ताकि किसानों की आय को बढ़ाया जा सके और पर्यावरण की चुनौतियों को कम किया जा सके। उन्होंने उचित पारिश्रमिक और दीर्घकालिक कृषि प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के क्रम में किसानों के साथ बातचीत की आवश्यकता पर बल दिया।



## सीडीएस जनरल ने 'ज्वाइंट डॉक्ट्रिन' जारी किया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने नई दिल्ली में मंगलवार को आयोजित चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की बैठक के दौरान साइबरस्पेस संचालन के लिए 'ज्वाइंट डॉक्ट्रिन" जारी किया। 'ज्वाइंट डॉक्ट्रिन" एक प्रमुख प्रकाशन है, जो आज के जटिल सैन्य संचालन वातावरण में साइबरस्पेस संचालन में कमांडरों का मार्गदर्शन करेगा।'ज्वाइंट डॉक्ट्रिन" का विकास संयुक्तता और एकीकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू है, एक ऐसा कदम जिसे भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। साइबरस्पेस संचालन के लिए 'ज्वाइंट डॉक्ट्रिन" जारी प्रक्रिया को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सुंदरकांड का किया आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव में भाजपा के सभी 7 सीटें जीतने पर श्री श्याम कृपा मंडल, दिल्ली ने आर्य ऑडिटोरियम में 'धन्यवाद दिल्ली' के उद्देश्य से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। श्रद्धेय रासरज महाराज की मधुर वाणी में हुए सुंदरकांड ने एकत्र भक्तों का मनमोह लिया। सुंदरकांड पाठ सांसद प्रवीन खंडेलवाल, बांसुरी स्वराज के सानिध्य एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर के संयोजन में आयोजित किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सासंद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया व विधायक अजय महावर सुंदरकांड पाठ में सम्मलित हुए और श्रद्धाभाव से उसका आनंद लिया। इस मौके पर निगम पार्षद योगिता सिंह, राजपाल सिंह और भाजपा नेता हरीश खुराना आदि भी उपस्थित रहे। प्रवीण शंकर, पार्षद शिखा राय, सनातन धर्म सभा अध्यक्ष सुभाष मलहोत्रा, राघव मंडल, विनोद सिंहल ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

## फर्जी खबरें पैदा कर सकती है आपदाः उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को 2022 और 23 बैच के भारतीय सूचना सेवा अधिकारी प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि अनियमित सूचना और फर्जी खबरें अकल्पनीय अनुपात में आपदा पैदा कर सकती हैं। उन्होंने सूचना को विनियमित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अनियमित सूचना और फर्जी खबरें अकल्पनीय अनुपात में तबाही या आपदा पैदा कर सकती हैं। उन्होंने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में भारतीय सूचना सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह से बातचीत करते हुए कहा, "सूचना शक्ति है, सूचना बहुत खतरनाक शक्ति है, सूचना वह शक्ति है जिसे विनियमित किया जाना चाहिए।

**सख्त रुख अख्तियार: पौधारोपण व पुनर्वनीकरण पर अब कोई ढिलाई नहीं होगी: एलजी**

# दिल्ली में पेड़ लगाने के मुद्दे पर एलजी ने अफसरों को चेताया



**समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश, पेड़ लगाने के लिए नए साधन अपनाएं**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में नये पेड़ लगाने व पुनर्वनीकरण को लेकर एलजी वीके सक्सेना ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एलजी सक्सेना ने राजधानी में प्लांटेशन एक्सरसाइज की समीक्षा के लिए एक अंतर-विभागीय/एजेंसी की बैठक की। उन्होंने दिल्ली में प्रचंड गर्मी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे मानवता के अस्तित्व पर सवाल खड़ा हो गया है। ऐसे में वृक्षारोपण, वनीकरण और पुनर्वनीकरण के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। एलजी ने कहा कि हम पहले ही महत्वपूर्ण ट्रिपिंग प्वाइंट पार कर चुके हैं और इस मामले में अब और कोई ढिलाई नहीं बरती जा सकती। इस दौरान डीडीए और एनडीएमसी को नए साधन को अपनाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने दिल्ली सरकार के तहत पर्यावरण एवं वन, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग और लोक निर्माण विभाग को भी इनका पालन करने की सलाह दी। एलजी ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों और अन्य वन क्षेत्रों में फलदार वृक्षों को लगाया जाएं, विशेष रूप से केले के पेड़, जो कम समय में फल देने लगते हैं। इसके अलावा अमरूद, जामुन, आम और बेर लगाए जाएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बंदरों और पक्षियों को उनके ही आवासीय क्षेत्रों में रहते हुए भोजन उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इससे इंसान-पशुओं के बीच संघर्ष को कम करने के अलावा, सड़कों पर लोगों द्वारा ऐसे जानवरों को खाना खिलाने के कारण लगने वाले जाम की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। इससे दिल्ली में बंदरों के खतरे को भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि फुटपाथों पर पौधे नहीं लगाये जाने चाहिए और जहां तक संभव हो सेंट्रल रिज पर पेड़ लगाने की कोशिश की जानी चाहिए। एजेंसियां उन हिस्सों पर काम करें, जहां ट्रीटेड पानी की पाइपलाइनें सेंट्रल रिज में स्थापित हों और उनसे स्प्रिंकलर जोड़े जा सकें।

इससे यह सुनिश्चित होगा कि पौधों को साइट पर पानी मिल सकेगा और मोबाइल टैंकरों के माध्यम से उन्हें पानी देने और इससे होने वाले प्रदूषण और जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी। लोगों को मुफ्त में पौधे वितरित किए जाने चाहिए और उनकी निगरानी आरडब्ल्यूए को सुनिश्चित करनी चाहिए। एलजी ने डीडीए और एनडीएमसी को विशेष निर्देश दिये कि वृक्षारोपण के दौरान लगाए गए कम से कम 90 प्रतिशत जीवित रहें।

गौरतलब है कि 2024-25 के दौरान डीडीए राजधानी में फैले अपने 11 बागवानी प्रभाग और इसके 7 जैव-विविधता पार्कों में लगभग 9.5 लाख पेड़ और झाड़ियां लगा रहा है। पिछले 2 वर्षों के दौरान, डीडीए ने लगभग 21 लाख पेड़ और झाड़ियां लगाई हैं जिनकी जीवित रहने की दर 90 प्रतिशत रही है।

# दिल्ली का ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए लगाए जाएंगे 64 लाख पौधे: राय

**मंत्री गोपाल राय ने पौधरोपण अभियान को लेकर सभी एजेंसी के साथ की बैठक**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली को हिट वेव से बचाने के मुख्य उपाय हरित क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने इस साल के लिए 64 लाख पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह फैसला दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में पौधरोपण अभियानको लेकर 25 से ज्यादा एजेंसियों केसाथ बैठक में लिया गया। बैठक में वन विभाग, डीडीए, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग, एनडीएमसी, दिल्ली जल बोर्ड,पर्यावरण विभाग, डीएसआईआईडीसी, सीपीडब्ल्यूडी, एनडीपीएल,आईएफसीडी, नॉर्दन रेलवे, बीएससीएस, पर्यावरण आदि विभागों के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के बाद गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार ने इस साल जो 64 लाख पौधे लगानेऔर वितरित करने का लक्ष्य तय कियाहै। इसमें 24 लाख 83 हजार बड़े पौधे और 31लाख 57 हजार झाड़ियां लगाई जाएंगी।

राय ने बताया कि पिछले साल हमने 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था।इस साल हमने 64 लाख पौधे लगाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है। उसमें सबसे ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य वन विभाग ने लिया है। वन विभाग 20 लाख 40 हजार पौधे लगाएगा, जबकि डीडीए 10 लाख 20 हजार, एनडीएमसी 6 लाख, शिक्षा विभाग 3.30लाख, एमसीडी 6 लाख आदि पौधे लगाएगी। इसके साथ-साथ अन्य एजेंसी भी पौधरोपण का कार्य करेंगी।

**सरकारी नर्सरियों में मुफ्त पौधों का होगा वितरण**

पर्यावरण एवं वनमंत्री गोपाल राय ने बताया कि सरकार के साथ दिल्लीवासियो का भी इस वृक्षारोपण अभियान में सहयोग रहे इसी कारण सरकार द्वारा दिल्लीवासियों के लिए मुफ्त औषधीय पौधे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। दिल्ली की सरकारी नर्सरियो से निःशुल्क औषधीय पौधे बाटें जाएंगे ताकि लोगअपने-अपने घरों में वृक्षरोपण कर दिल्ली के हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने में सहभागिता दे सकेंगे। इस साल लगभग 7 लाख 74 हजार से ज़्यादा निशुल्क पौधे वितरित किये जाएंगे। वन विभाग 4 लाख 80 हजार पौधे, दिल्ली पार्क्सएंड गार्डन सोसाइटी 2 लाख 50 हजार पौधे, सीपीडब्लूडी 40 हजार पौधे और डूसिब 4000 पौधे वितरित करेगी।

## दिल्ली में पौधारोपण के नाम पर घोटाला चल रहा है : भाजपा



वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार का दिल्ली में हरियाली बढ़ाने और दिल्ली में वृक्षारोपण के नाम पर सिर्फ घोटाला कर रही है। हरित वृक्षारोपण क्षेत्र में वृद्धि नहीं हुई है, यह सब भ्रामक है, पूरी दिल्ली में हमें बंजर सड़कें देखने को मिलती हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 12 सूत्रीय समर एक्शन प्लान हर साल की तरह पुरानी स्क्रिप्ट है जिसे समर एक्शन प्लान का नाम दिया गया है। पिछले वर्ष भी मंत्री गोपाल राय ने 1 करोड़ पौधारोपण और सीएम ने 5.50 लाख पौधे लगाने का वायदा किया था, लेकिन क्या दिल्ली सरकार बता सकती है कि वह पौधारोपण कहां हुआ? मंत्री गोपाल राय का बयान कि 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसदी था, जो 2021 के आकलन के अनुसार 23.6% हो गया है, सिर्फ एक झूठ है। दिल्लीवासी साल-दर-साल वृक्षारोपण के नाम पर एक तमाशा देखते हैं। पिछले साल मुख्यमंत्री दावा कर रहे थे कि हरित क्षेत्र 10 फीसदी से 25 फीसदी बढ़ गई है, जो गोपाल राय के अब दिए बयान से बिल्कुल विपरीत है।

# जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एमसीडी तैयार: मेयर



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने मंगलवार को नेता सदन मुकेश गोयल के साथ सिविक सेंटर में प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली नगर निगम ने आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली है। मेयर ने कहा कि पिछले एक महीने से हम लगातार अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे हैं। मॉनसून एक्शन प्लान पहले ही तैयार कर लिया गया था और उसके अनुसार अब सभी जोन में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम दिल्ली में मानसून से पूर्व नालों की सफाई का काम तेजी से कर रहा है। निगम के अंतर्गत चार फीट से ऊपर के 713 नाले हैं जिनकी लंबाई लगभग 460 किलोमीटर है व चार फिर से नीचे लगभग 21,000 नाले हैं, जिसकी लंबाई लगभग 6600 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा दो फेज में नालों की सफाई की जाती है। पहले फेज में मॉनसून से पहले नालों की सफाई होती है और दूसरे फेज में मॉनसून खत्म होने के बाद सफाई का कार्य किया जाता है।

# आप सरकार ने फिर दिल्ली को डुबाने की कर ली है तैयारी: नेता प्रतिपक्ष

**दो डेडलाइन खत्म होने के बाद अभी तक नालों की नहीं हुई सफाई**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मेयर सरदार राजा सिंह ने कहा कि बारिश के दौरान दिल्ली वालों को प्रदूषण का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी निगम ने नालों की सफाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि मेयर लाखों दावे कर लें क्योंकि मेयर के दावे की कागजी प्रक्रिया है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि एमसीडी से लेकर दिल्ली सरकार के नाले साफ ही नहीं हुए हैं। इसके कारण से जब वर्षा होगी तो जलभराव होगा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ऐसा प्रतीत होता है कि आप सरकार ने पिछले साल की तरह फिर दिल्ली को डुबानों की तैयारी कर ली है। एमसीडी मुख्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह कहा कि पहले दिल्ली नगर निगम ने नालों की सफाई का लक्ष्य 30 मई रखा था, जब नाले साफ नहीं हो पाए तो इसे बढ़ाकर 15 जून कर दिया गया था। स्थिति इतनी खराब है कि आप सरकार द्वारा तय की गई समय सीमा पर भी निगम सफाई नहीं कर पाए हैं। मेयर अब दावा कर रही हैं कि वह उच्चस्तरीय बैठक की हैं, लेकिन अब तो बात हाथ से निकल चुकी है क्योंकि आने वाले दस दिन में ही कामयाब होंगी। जब वर्षा होगी तो जिस प्रकार से दिल्ली में जल संकट पर आप सरकार अपनी विफलता को दूसरे पर आरोप लगा रही है, ठीक उसी प्रकार फिर अपनी नाकामी छुपाने के लिए दूसरे को जिम्मेदार ठहराएगी। बताया कि दिल्ली नगर निगम के अधीन 713 नाले आते हैं, लेकिन अभी तक कागजों पर 259 नाले ही साफ हुए हैं। निगम का दावा है कि 71412 लीटर टन गाड़ियां निकाली गई हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि अभी भी नाले और गाज से अटे पड़े हैं।

# एनएचएआई ने 'मियावाकी पौधारोपण' की योजना बनाई

**मानसून सत्र के दौरान वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया जाएगा, यह कार्य अगस्त तक पूर्ण हो जाएगा**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास हरियाली बनाए रखने के लिए मियावाकी वृक्षारोपण की योजना बनाई है। इसके लिए दिल्ली-एनसीआर और उसके आसपास राष्ट्रीय राजमार्गों से सटी 53 एकड़ से अधिक भूमि को चिन्हित किया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि इस क्षेत्र में अगस्त के अंत तक वृक्षारोपण पूरा हो जाने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे मियावाकी वृक्षारोपण के लिए प्रस्तावित कुछ स्थलों में द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड पर 4.7 एकड़ भूमि क्षेत्र, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-वडोदरा खंड पर सोहना के पास 4.1 एकड़ भूमि क्षेत्र, हरियाणा में अंबाला-कोटपुतली कॉरिडोर के एनएच 152डी पर चाबरी और खरखरा इंटरचेंज पर लगभग 5 एकड़ भूमि क्षेत्र, एनएच-709बी पर शामली बाईपास पर 12 एकड़ से अधिक भूमि, गाजियाबाद के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दुहाई इंटरचेंज पर 9.2 एकड़ भूमि क्षेत्र और उत्तर प्रदेश में एनएच-34 के मेरठ-नजीबाबाद खंड के पास 5.6 एकड़ भूमि क्षेत्र शामिल हैं। चयनित स्थलों पर तैयारी शुरू हो चुकी है और आगामी मानसून सत्र के दौरान वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया जाएगा। यह कार्य अगस्त 2024 के अंत तक पूर्ण हो जाएगा।

मियावाकी वृक्षारोपण एक जापानी पद्धति है जिसके जरिए कम समय में जैव विविधता वाले घने वन क्षेत्र विकसित किए जाते हैं। ये जंगल वर्षाजल को भी संचित करने में कारगर होते हैं। इस पद्धति का उद्देश्य कम समय में घने, देशी और जैव विविधता वाले वनों का निर्माण करना है। ये वन भूजल को बनाए रखते हैं और भूजल स्तर को रिचार्ज करने में मदद करते हैं।

इस पद्धति से, पेड़ दस गुना तेजी से बढ़ते हैं और वृक्षारोपण ध्वनि और धूल अवरोधक के रूप में कार्य करते हैं। मियावाकी वृक्षारोपण पद्धति को सफल रूप से लागू करने के लिए, स्थानीय जलवायु और मिट्टी की स्थितियों में जीवित रहने वाले पौधों की स्वदेशी प्रजातियों के रोपण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।


**GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE**

SAMVAD R.O. No. 13/2025/40/26879/I/142/7 Dt. 18/06/2024

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MUNICIPAL COUNCIL BAHADURGARH | CLEANING AND DESILTING OF DRAIN/NALA IN MC BAHADURGARH | CLOSING DATE 20.06.2024 | 55 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416188946 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


# अश्विनी होंगे एमसीडी के नए कमिश्नर, भारती का हुआ ट्रांसफर



अश्विनी कुमार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : गृह मंत्रालय ने 1992 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार को दिल्ली नगर निगम के नए कमिश्नर के पद पर तैनात किया है। इस बाबत गृह मंत्रालय ने एक सूचना दिल्ली के उपराज्यपाल के प्रधान सचिव को भेज दी है। केंद्र में मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद दिल्ली के सीनियर ब्यूरोक्रेट्स की ट्रांसफर पोस्टिंग का सिलसिला शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय के आदेश पर हाल ही में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के चेयरपर्सन आईएएस अमित यादव का ट्रांसफर किया गया था। वहीं, अब दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर ज्ञानेश भारती का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। अब, उनकी जगह गृह मंत्रालय ने एजीएमयूटी कैडर के 1992 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार को एमसीडी का कमिश्नर नियुक्त किया है। सीनियर आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार वर्तमान में दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और मंडलायुक्त हैं। गौरतलब है कि अश्विनी कुमार को दिल्ली सरकार भेजने से पहले केंद्र सरकार की ओर से उस वक्त एमसीडी का स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया गया था, जिस वक्त केंद्र में दूसरी बार रही मोदी सरकार ने तीनों नगर निगम को एकीकृत करने का फैसला किया था। इसके बाद एकीकृत निगम के चुनाव कराने के दौरान अश्वनी कुमार को स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया गया था। तब आईएएस ज्ञानेश भारती जो विभाजित दिल्ली नगर निगम में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर थे, उनको ही 2022 में एकीकृत नगर निगम में एमसीडी आयुक्त नियुक्त किया गया था। दिल्ली नगर निगम चुनाव के बाद अश्वनी कुमार को दिल्ली सरकार में राजस्व विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी के तौर पर नियुक्त किया गया था।


15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**कार्यालय सदस्य सचिव मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी एवं अधीक्षक**
**जनाना अस्पताल, चांदपोल, जयपुर**
संलग्न सवाई मानसिंह चिकित्सा एवं महाविद्यालय जयपुर राजस्थान
दूरभाष नम्बर 0141 2776205 E-mail SUPERITENDENT@GMAIL.COM

क्रमांक :- स्टोर-लेखा./ज.अ.ज./आरएमआरएस/2024-25/2181 दिनांक :- 12.06.24

**निविदा सूचना (NIB)**

इस चिकित्सालय के लिए वार्डबॉय/वार्डमेड/ट्रोलीपूलर/स्वीपर की सेवाएं कार्य बिन्दु आधारित जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराने एवं मैन पॉवर आपूर्ति हेतु अधीकृत पंजीकृत अनुभवी फर्मों से ई-निविदा/खुली निविदा के माध्यम से दर संविदा बोली आमंत्रित की जाती है। निविदा के अन्य नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत जानकारी राज्य सरकार के उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | UBIN No. | बोली प्रारम्भ तिथि | बोली की अंतिम तिथि | निविदा अवधि | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चिकित्सालय की मैन पॉवर आपूर्ति हेतु | SMS2425SLRC00011 | 11.06.2024 सायं 05:00 बजे से | 04.07.2024 सायं 05:00 बजे तक | 02 वर्ष | 260.00 लाख |
| 2. | इस चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो/ऑपरेशन थियेटर्स/ब्लड बैंक/लैब आदि हेतु कार्य बिन्दु पर वार्डबॉय/वार्डमेड/ट्रोलीपूलर/स्वीपर की से सेवाएं जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराने का कार्य। | SMS2425SLRC00012 | 11.06.2024 सायं 05:00 बजे से | 03.07.2024 सायं 05:00 बजे तक | 02 वर्ष | 110.00 लाख |

-हस्ता./-, सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी,
एवं अधीक्षक, जनाना अस्पताल, जयपुर

DIPR/C/4358/2024 dt. 14.06.2024



**Markfed PUNJAB** A House Of Quality Food Products

**ई-निविदा सूचना**

रेफ्रेंस नं. एमएफडी/मार्केटिंग/एसए-3/2024/294 दिनांक 18.6.2024

पंजाब राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन परिसंघ लिमिटेड (मार्कफेड) वनस्पति घी की आउटसोर्सिंग के लिए आनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है।

अंतिम तिथि व समय : 10.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे
निविदा खोलने की तिथि : 10.07.2024 को अप. 3:00 बजे

विवरण के लिए eproc. punjab.gov.in & www.markfed punjab.com पर लॉग इन करें।

**नोट :** निविदा सूचना से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल उक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित होगा।

प्रबंध निदेशक
मर्कफेड, चंडीगढ़

R.O. No. PR-ADVT. No. NA/12/23476/2023/34698 dt. 18.06.2024



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-W-37-24 दिनांकः 15.06.2024

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य लागत लगभगः** Rs. 17766179.60 | **धरोहर राशिः** Rs. 238800/-

**कार्य का नामः** अपग्रेडेशन ऑफ़ डीआरएम कांफ्रेंस रूम इन्सटाल्ड एट डीआरएम ऑफिस ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil., **निविदा खुलने की तिथिः** 10.07.2024 Time 15:00, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 06 माह, • निविदा दिनॉक 10.07.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। •पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1049/24 (P)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495009
वेबसाइट www.bilaspuruniversity.ac.in, ईमेल-आईडी registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/460 /स्था.प्रशा./2024 बिलासपुर, दिनांक 14.06.2024

**विज्ञापन**

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 15.06.2024 से 15.07.2024 (सायं 05.30 बजे) तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है:-

(1.) प्राध्यापक, संगणक विज्ञान- (अजजा.-01), वाणिज्य-(अना.-01), खाद्य प्रसंस्करण-(पिछड़ा वर्ग-01), सुक्ष्मजीव विज्ञान-(अजजा.-01) होटल प्रबंधन-(अना.-01)

(2.) सह-प्राध्यापक, संगणक विज्ञान- (पिछड़ा वर्ग-01), वाणिज्य-(अना.-01, अजजा.-01), खाद्य प्रसंस्करण- (अजा-01 अजजा-01), सुक्ष्मजीव विज्ञान-( पिछड़ा वर्ग -01) होटल प्रबंधन-(अना.-01, अजजा-01)

(3.) सहायक प्राध्यापक , संगणक विज्ञान- (अजजा-01), वाणिज्य-(अजजा.-01), खाद्य प्रसंस्करण-(अजजा-01),होटल प्रबंधन-(अजा.-01, अजजा-01)। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in पर देखी जा सकती है।

कुलसचिव

S-40454/7


# नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर 'आप' ने जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन



नीट परीक्षा को लेकर प्रदर्शन करते आप के नेता व कार्यकर्ता।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आप ने मंगलवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और मांग की इस मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की जाए। वहीं प्रदर्शन के दौरान आप के पार्टी के सांसद, विधायक और पार्षदों ने नीट पेपर की प्रतियां जलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और परीक्षा को रद्द करने की मांग की। वहीं इस कथित अनियमितताओं के शिकार लाखों छात्रों को न्याय दिलाने का भरोसा देते हुए आप ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य को बचाने की यह लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी। संसद में हमारे सांसद नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाएंगे और युवाओं न्याय दिलाने की मांग करेंगे। इसी को लेकर आज आप पूरे देश में प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन में सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय व सौरभ भारद्वाज, राखी बिड़लान, संजीव झा समेत अन्य गणमान्य शामिल हुए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय और उसके अधीन आने वाले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए)ने भाजपा शासित राज्यों में उसके नेताओं के साथ मिलकर देश के लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

**केंद्र सरकार मामले की लीपापोती में जुटी : राय**

गोपाल राय ने कहा कि देश के लाखों बेटे-बेटियां जो अपने सुनहरे भविष्य के लिए सालों से परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, लेकिन आज वे बच्चे और उनके माता-पिता निराश हैं। उन्होंने कहा कि देश युवा और उनके मां-बाप सड़कों पर उतर कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं केंद्र सरकार इस घोटाले पर लीपापोती कर रही है।

**प्रश्न पत्र के लिए 30 से 50 लाख रुपए लिए : भारद्वाज**

नीट के प्रश्न पत्र के लिए छात्रों से 30 से 50 लाख रुपए लिए गए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से लगातार गुजरात के गोधरा, बिहार के पटना और उत्तर प्रदेश से परीक्षा में बड़े घोटाले की खबर आ आ रही है। 5 मई को होने वाले नीट एग्जाम से एक दिन पहले 4 मई को आस-पास के राज्यों से बच्चों को पटना के एक सेफ हाउस में लाया गया।


**छत्तीसगढ़ संवाद**
**(जनसम्पर्क विभाग की सहयोगी संस्था)**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर**
**जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़**
**फोन नं. 0771-2512580, 81**
**Web: www.cg.nic.in/samvad, email: cgsamvad@gmail.com**

क्रमांक 349/छ.ग.सं./ प्रका./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 18/06/2024

**वर्ष 2024-2026 तक के लिए Environment Friendly and Non PVC Material मुद्रण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा Environment Friendly and Non PVC Materials मुद्रण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रुपये 1,180/- (जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रुपये 1,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 30/07/2024 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30/07/2024 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 30/07/2024 समय 4:00 बजे सायं से |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद रायपुर (छ.ग.)

S-40468/3


## पुलिस ने बदमाश का पीछा कर दबोचा

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :विकासपुरी थाना पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राम बाबू के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि विकासपुरी थाने में तैनात एचसी दिनेश और एचसी गिरिराज की टीम को चोरी के मोबाइल बेचने के लिए आए वाले एक बदमाश की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपने आला अधिकारियों को इसकी जानकारी और केजी 2 ब्लॉक, विकासपुरी के पास अपना जाल बिछा लिया। टीम ने मौके पर आते ही आरोपी को दबोच लिया।


**GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE**

SAMVAD R.O. No. 13/2025/60/26868/I/142/7 Dt. 18/06/2024

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MUNICIPAL COUNCIL PALWAL | CONSTRUCTION OF IPB ROAD FROM PALWAL TO MEGHPUR WARD 27 MC PALWAL + 5 WORKS | 14.06.2024 08.07.2024 | 8.41 CRORES | https://etenders.hry.nic.in | 9416410674 secymc.palwal@gmai.com |
| 2 | MUNICIPAL COUNCIL PALWAL | CONSTRUCTION OF IPB ROAD AND FROM H/O DR. SOLANKI TO H/O BALJEET TEWATIA IN KAILASH NAGAR WARD 04. + 2 WORKS | 13.06.2024 20.06.2024 | 53.75 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416410674 secymc.palwal@gmai.com |
| 3 | MUNICIPAL COUNCIL PALWAL | ESTIMATE FOR DESILTING AND DISPOSAL OF SILT OF VARIOUS STROM WATER OPEN DRAINS WITHIN MC LIMIT MC PALWAL | 12.06.2024 27.06.2024 | 23.79 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416410674 secymc.palwal@gmai.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# एसीबी ने रिश्वत लेते एमसीडी के बेलदार को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में तैनात एक बेलदार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। बेलदार की शिकायत पर एक जूनियर इंजिनियर (जेई) को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी दिल्ली नगर निगम के शाहदरा नॉर्थ जोन में तैनात हैं। फिलहाल एसीबी ने दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। एसीबी के चीफ मधुर वर्मा ने बताया कि 18 जून को अशोक कुमार (बदला हुआ नाम) ने एंटी करप्शन ब्रांच के कार्यालय में आकर शिकायत दी थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वह बिल्डर हैं और उनकी एक साइट भजनपुरा इलाके में चल रही है। जहां दिल्ली नगर निगम का एक बेलदार सुदर्शन उर्फ राजबीर निर्माण कार्य करने की एवज में उनसे पन्द्रह हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है। उन्होंने जब सुदर्शन के खिलाफ निगम के जेई को इसकी जानकारी दी। तो जेई ने भी बेलदार द्वार बतायी गई रिश्वत की राशि देने की बात दोहरायी। इससे शिकायतकर्ता को बेलदार व जेई की मिलीभगत की बात सामने आई। मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए एसीपी राकेश आहूजा के सुपरविजन में इंस्पेक्टर रणवीर, इंस्पेक्टर अमरजीत, हेड कांस्टेबल विवेक,अनूप, जगदीप और सुनील की एक संयुक्त टीम बनायी गई। जिसकी निगरानी डीसीपी श्वेता सिंह चौहान ने की। इस टीम को शिकायत पर कार्रवाई करने का जिम्मा सौंपा गया। एसीबी टीम ने दोपहर दो बजे शिकायतकर्ता के साथ एच. नंबर ए-29, गांव गढ़ी मेंडू, भजनपुरा के पास एक मंदिर पर पहुंची। जहां बेलदार को शिकायतकर्ता से मिलना था। जैसे ही बेलदार सुदर्शन वहां आया और शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये लेने लगा।


एसीबी चीफ मधुर वर्मा



इसी दौरान एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की पूछताछ में बेलदार ने बताया कि उसने शिकायतकर्ता से शाहदरा (नॉर्थ) जोन में तैनात जूनियर इंजीनियर गौरव गर्ग के कहने पर रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद एसीबी की टीम शाहदरा नॉर्थ जोन स्थित गौरव गर्ग के कार्यालय पहुंची। यहां टीम ने गौरव से पूछताछ की लेकिन वह कोई सही जवाब नहीं दे सका। आरोपी की तलाशी के दौरान उसके पास से पचास हजार रुपए की पांच सौ रुपये के नोट की एक गड्डी भी बरामद की। यह पैसे कहां से और किसने दिए थे। इसके बारे में भी गौरव कोई जवाब नहीं दे सका है।

# नशे में धुत कार चालक ने सात लोगों को मारी टक्कर

## कल्याणपुरीः घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के कल्याणपुरी इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सभी को मामूली रूप से चोट आई हैं। राहगीरों ने चालक को मौके पर पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर मामले की सूचना पुलिस को दी। आरोपी की पहचान देवेंद्र के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को भीड़ से बचा कर हिरासत में ले लिया। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, हादसा कल्याण पुरी इलाके के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास हुआ। जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार, दुकानदार व पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार के रूकने पर बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने कार चालक को मौके पर ही दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसी बीच किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी को लोगों से चंगुल से बचाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के बाद कार चालक आरोपी मौके से भागने लगा। हालांकि जब तक वह भाग पाता आस पास के लोगों ने उसे दबोच लिया और जमकर धुनाई कर दी। मौके बताया जा रहा है कि कार चालक शराब के नशे में था। उसके साथ कार में एक बच्चा भी मौजूद था।




# रामवीर सिंह बिधूड़ी ने नेता विपक्ष और बदरपुर विधानसभा से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से निर्वाचित होने के बाद दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बदरपुर क्षेत्र विधानसभा और नेता विपक्ष दोनों पदों से इस्तीफा दे दिया। दोनों त्यागपत्र विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को सौंप दिए। बिधूड़ी गत 4 जून को दक्षिणी दिल्ली संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव में विजयी हुए थे। 6 जून को नई लोकसभा की अधिसूचना जारी की गई। नियमानुसार इसके 14 दिन के भीतर विधानसभा या लोकसभा में से एक सीट से इस्तीफा देना होता है। उसी को ध्यान में रखते हुए बिधूड़ी ने अपना त्यागपत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया। बिधूड़ी ने त्यागपत्र सौंपते हुए विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने साथी विधायकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान सहयोग बनाए रखा। इस अवसर पर भाजपा के मुख्य सचेतक अजय महावर, विधायक जितेंद्र महाजन और विधायक अभय वर्मा भी उपस्थित रहे।

# ईद पर कामयाब हुए एलजी वीके सक्सेना के प्रयास

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ईद-उल-अजहा को उपयुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए एलजी वीके सक्सेना द्वारा किये गये प्रयास पूरी तरह से कामयाब होते दिखाई दिये हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को ईद-उल-अजहा को उपयुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए दिल्लीवासियों खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को धन्यवाद दिया है। जिस तरह एलजी के अनुरोध पर पूर्व में ईद-उल-फितर की नमाज विशेष रूप से मस्जिदों और ईदगाह परिसरों के भीतर अदा की गई थी, ठीक उसी तरह इस बार ईद-उल-अजहा की नमाज भी सड़कों पर अदा न करके मस्जिदों में ही अदा की गई। अतीत से बिल्कुल अलग हटकर, इस बार खुले में जानवरों की कुर्बानी नहीं दी गई। साथ ही एमसीडी ने नमाजियों और पुलिस के साथ समन्वय कर यह सुनिश्चित किया कि कुर्बानी के जानवरों के अवशेषों को तुरंत उठाकर, इनका निपटान पहचाने गए डंपिंग स्थलों पर कर दिया जाए। उपराज्यपाल ने ईद उल अजहा के कुशल आयोजन पर कहा कि मुस्लिम समुदाय और उसके धर्म गुरुओं के सक्रिय सहयोग के कारण यह संभव हुआ है। उन्होंने पुरजोर तरीके से कहा कि दिल्ली जैसे विविधतापूर्ण शहर में बातचीत और चर्चा से सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

ईद उल अजहा के कुशल आयोजन व प्रबंधन के लिए एलजी ने दिल्ली पुलिस और एमसीडी के सहित अन्य एजेंसियों की भी सराहना की है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दिल्ली के विभिन्न स्थानों, विशेष रूप से उत्तर-पूर्व और उत्तरी शाहदरा क्षेत्र में, सड़कों और यहां तक कि मुख्य सड़कों पर खुले में कुर्बान किए गए जानवरों के खून से लथपथ अवशेष देखने को मिली थीं।

# जैन समुदाय ने बचाई 124 बकरों की जान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अहिंसा के समर्थक जैन समुदाय ने ईद (ईद उल-अजहा) के अवसर पर सौ से ज्यादा बकरों की जान बचाकर बड़े पुण्य का काम किया है। जैन समाज ने इन 124 बकरों को खरीदकर कुर्बानी से बचाया है। जैन समाज के इस कार्य की हर जगह तारीफ हो रही है। दरअसल पेशे से सीए विवेक जैन ने ईद-उल-अजहा के मौके पर 124 बकरों को कटने से बचाने के लिए करीब 15 लाख रुपये जुटाए थे। इस संबंध में चिराग जैन ने कहा कि उनके गुरु संजीव ईद पर होने वाली बकरों की हत्या से काफी परेशान थे। चिराग ने बताया कि गुरु संजीव ने कहा कि बकरों की हत्या के बारे में कुछ करना चाहते हैं। उसी वक्त फैसला किया गया कि हम सभी बकरों को नहीं बचा सकते लेकिन जितने ज्यादा से ज्यादा बकरों को बचा सकते हैं, उनको बचाने की कोशिश करनी चाहिए। इसके बाद एक प्लानिंग की गई। 15 जून की शाम को जैन समुदाय के 25 लोगों की एक टीम बनाई गई। पैसे के लिए व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा गया। 16 जून को टीम सीक्रेट तरीके से पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद, मीना बाजार, मटिया महल और चितली कबर जैसे इलाकों में अलग-अलग बकरा बाजारों में फैल गई। सदस्यों को बताया गया था कि वे कुर्ता पहनें और इस लहजे में बात करें कि बकरों को खरीदते समय किसी भी तरह की परेशानी न हो। बकरों को खरीदते समय कोई ज्यादा मोलभाव नहीं किया गया।

ईद पर मुसलमानों के कपड़े पहनकर खरीदे बकरे



आखिरकार बकरों को 10,000 रुपये प्रति बकरे की कीमत पर खरीद लिया गया। उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद मंदिर के आंगन को खाली कर दिया।सभी टीमें शाम को बकरों को लेकर वहां लौटी तो सभी तरफ खुशी का माहौल था।

विवेक जैन ने यह भी बताया कि उन्होंने गुजरात, हैदराबाद, केरल, पंजाब और महाराष्ट्र के जैन समुदाय के लोगों से करीब 15 लाख रुपए इकट्ठा किए थे। उसी शाम विवेक, चिराग और दूसरे लोगों ने बचे हुए पैसे से भिंडी और पालक जैसा चारा खरीदा। व्हाट्सएप और फेसबुक ग्रुप पर एक मैसेज तेजी से फैलाया गया कि नेक काम में सहयोग करें ताकि कुछ जानवरों की बलि देने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम इन बकरों को गौशालाओं या दूसरी किसी जगह पर भेज देंगे। विवेक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे चार बकरे भी खरीद पाएंगे। लेकिन उनकी अपील ने लोगों पर काफी ज्यादा असर डाला और लोगों ने पैसे भी काफी दान किए। विवेक जैन ने कहा कि फिर एक बड़ा सवाल आया कि आखिर बचाए गए इन 124 बकरों को कहां पर रखा जाए। बागपत के अमीनगर बाजार में मनोज जैन ने कहा कि इन बकरों के लिए एक बाड़ा बनाया जा रहा है। इनको 15 दिन अलग-अलग रखा जाएगा।

# एनबीसीसी ने ग्रिड इंडिया के साथ किया समझौता




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने आयुर्विज्ञान नगर, नई दिल्ली में ग्रिड-इंडिया (ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड) के नए कॉर्पोरेट कार्यालय के इंटीरियर,फिट आउट्स और अन्य संबंधित इनफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों के निष्पादन के लिएग्रिड-इंडिया के साथ एक समझौता (एमओयू) किया है। इस समझौता के तहत निष्पादित किए जाने वाले कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 70.00 करोड़ रुपये आंकी गईहै। ग्रिड-इंडिया के वरिष्ठ महाप्रबंधक आलोक कुमार एवं एनबीसीसी के सीजीएम (इंजीनियरिंग) मुदित भटनागर ने एस.आर.नरसिम्हन, सीएमडी, ग्रिड-इंडिया के.पी. महादेवस्वामी, सीएमडी, एनबीसीसी, बी.के.सोखी, निदेशक(वित्त), एनबीसीसी, सलीम अहमद, निदेशक(परियोजनाएं), एनबीसीसीएवं दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।


## पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, उक्त पुरुष जिसकी उम्र लगभग **50 वर्ष** थी, उक्त पुरुष बीआरओ सीमा सड़क भवन के पास नारायणा रिंग रोड, धौला कुआँ से मायापुरी की ओर, दिल्ली में 16/06/2024 मृत पाया गया। इस सिलसिले में **डीडी नं: 63ए दिनांक 16/06/2024 को पुलिस थाना नारायणा, दिल्ली** मे दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है: **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 50 वर्ष, **ऊंचाई:** 5'6", **रंग:** सांवला, **पहनावा:** आसमानी रंग की टी-शर्ट और काली पैंट, **पहचान:** सीने के ऊपरी हिस्से पर तिल। इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी नारायणा, दिल्ली मे दर्ज को सूचित करे।


अज्ञात

ई-मेल : **cic@cbi.gov.in**
फोन : **011-24368638, 24368641**
फैक्स : **011-24368639**
**DP/7557/WD/2024**

**थाना प्रभारी**
थाना, नारायणा, दिल्ली
Ph.: 9334494958

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष **जिसका नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि **दिनांकः 01.06.2024** को **10.14 बजे**, दांडी आश्रम, यमुना बाज़ार, सीताराम चाय वाला, संत परमानंद अस्पताल के पास, दिल्ली, क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **डीडी नं0: 54ए, दिनांक 01.06.2024, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत पुरूष की पहचान दी गई है :

**लिंगः** पुरूष, **उम्रः** 35–40 वर्ष, **कदः 5'5"** **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** पीले रंग की टी–शर्ट और संतरगी रंग की लुंगी, पहने हैं।

अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना अध्यक्ष**
**पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली**
**जिला उत्तर**

**DP/7612/N/2024** **फोनः 011-23968730, 8750870123**

## मृतक की तलाश हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला नाम **अज्ञात, पुत्री अज्ञात, निवासी अज्ञात को सुबह 7:00 बजे गेट नं. 3 द्वारका कोर्ट परिसर, द्वारका** के सामने डिवाइडर के पास मृत पाई गई। इस संबंध में **DD No: 21A दिनांक 01.06.2024 थाना द्वारका साउथ, नई दिल्ली** में दर्ज कराया गया है।



**शव का विवरण इस प्रकार है:**

**नामः** अज्ञात, **उम्रः** लगभग 70 वर्ष, **कदः** 4'9", **रंगः** गेहुंआ, **पहचान चिह्नः** दाहिनी बांह पर टैटू, **पहनावाः** पीला ब्लाउज।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृत महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है। यदि किसी को मृत महिला के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना द्वारका साउथ, नई दिल्ली**
**DP/7277/DW/2024** **फ़ोन नं. 7982305813**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम सहाय शर्मा** पुत्र बाबू लाल निवासी जी–ब्लॉक, 1343 राम पार्क एक्सटेशन, हकीकत पुर, खुदाबक्श, उ.प्र. ने सी.सी. सं. 496/2018 धारा 138 एन.आई. अधिनियम, थाना भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राम सहाय शर्मा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राम सहाय शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. सं. 496/2018 धारा 138 एन.आई. अधिनियम, थाना भजनपुरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राम सहाय शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **20.07.2024** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री पंकज राय,**
**महानगर दण्डाधिकारी–01 (उत्तर–पूर्व)**
**कमरा नं. 73,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7571/NE/2024**

**थाना- राजेंद्रा पार्क** **जिला- गुरुग्राम**

**शिकायतकर्ता -** ललिता देवी पत्नी धनंजय सिंह निवासी ग्राम गैरा चांदी जिला रोहतास थाना कराकट बिहार हाल मकान भूषण पंडित का मकान गली नं 05 विष्णु गार्डन राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम

**अभियोग संख्या-**226 दिनांक-09.06.2024 धारा 346 IPC थाना राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिकायतकर्ता ललिता देवी पत्नी धनंजय सिंह निवासी ग्राम गैरा चांदी जिला रोहतास थाना कराकट बिहार हाल मकान भूषण पंडित का मकान गली नं 05 विष्णु गार्डन राजेंद्रा पार्क में हाजिर थाना आकर एक शिकायत दी कि उसका पति धनंजय बा उम्र 44 वर्ष दिनांक 01.06.2024 को सुबह 5 बजे से बिना बताए अपनी मर्जी से कहीं पर चला गया जिसका हुलिया चेहरा गोल रंग गेहुंआ कद 5 फुट 6 इंच आयु 44 वर्ष अगर किसी को इस बारे में कोई पता सुराग की सूचना मिले तो SHO थाना राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम को सूचित करें।



MOB NO. 9999981837
SHO RAJENDRA PARK
IO-8607804482

**PSI Sandeep**
**थाना राजेंद्रा पार्क, गुरुग्राम**
**दिनांक -09.06.24**

PRDH R.O.No. 1084/11/2439/2025/26859/142/7 Dt. 18.06.2024

**थाना राजेंद्रा पार्क** **जिला गुरुग्राम**

**शिकायतकर्ता-श्याम विजय पुत्र हरिनाथ निवासी गाँव मार्फी वैदावली थाना मदरह जिला गाजीपुर यूपी हाल C-91 राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम**

**अभियोग संख्या-** 99 दिनांक-22.03.2024 धारा 346 IPC थाना राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिकायतकर्ता श्याम विजय पुत्र हरिनाथ निवासी गाँव मार्फी बैदावली थाना मदरह जिला गाजीपुर यूपी हाल C-91 राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम में हाजिर थाना आकर एक शिकायत दी कि उसकी लड़की उजाला बा उम्र 17 साल दिनांक 19.03.2024 को बिना बताए अपनी मर्जी से कहीं पर चली गयी जिसका हुलिया चेहरा गोल रंग गेहुंआ कद 5 फुट आयु 17 वर्ष अगर किसी को इस बारे में कोई पता सुराग की सूचना मिले तो SHO थाना राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम को सूचित करें।



MOB NO. 9999981837
SHO RAJENDRA PARK
IO-8607804482

**PSI Sandeep**
**थाना राजेंद्रा पार्क, गुरुग्राम**
दिनांक- 09.06.24

PRDH R.O.No. 1084/11/2438/2025/26858/142/7 Dt.18.06.2024


# उत्तर रेलवे के जीएम ने कार्य प्रगति की समीक्षा की, ट्रेन के सुरक्षित परिचालन पर दिया जोर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने मंगलवार को उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, रेलगाड़ियों की सुरक्षित संचालन, समयपालनबद्धता और रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मण्डलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलपथों पर संरक्षा बढ़ाने हेतु अभियान तेज करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए और इसमें कोई त्रुटि नहीं छोड़नी चाहिए।बैठक के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों में आपातकालीन सहायता प्रोटोकॉल, कर्मचारी प्रशिक्षण पहल, अनुरक्षण शिड्यूल और नई संरक्षा प्रौद्योगिकियों का कार्यान्वयन शामिल थे। उन्होंने विभागों को कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और रिफ्रेशर पाठ्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी ताकि उन्हें प्रेरित किया जा सके और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए प्रणाली के कामकाज के बारे में जानकारी दी जा सके। उन्होंने विभाग प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता बनाए रखते और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माल लदान की गति बनाए रखने का भी निर्देश दिया।


शोभन चौधुरी

## जमानत पर जेल से आया बाहर फिर पहुंचा हवालात

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : द्वारका डिस्ट्रिक्ट के बिंदापुर थाना पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनीष उर्फ लाला के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह छह जून को ही जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर आया था। पुलिस ने इसके पास से 2250 रुपये और एक आधार कार्ड बरामद किया है। आरोपी पर पहले से नौ मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि गत 14 जून को बिंदापुर इलाके में लूट की शिकायत मिली। पीड़ित ने बताया कि वह अपने काम से लौट रहा था। इसी दौरान एक शख्स ने नन्हे पार्क, उत्तम नगर उसकी गर्दन पकड़कर उसे घायल कर दिया। आरोपी 4200 रुपए और अन्य सामान लूटकर फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# यूथ कांग्रेस ने रेल हादसे में मारे गए यात्रियों की याद में निकाला कैंडल मार्च




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारतीय युवा कांग्रेस ने आज कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे में मारे गए यात्रियों की याद में कैंडल मार्च का आयोजन किया। रेल दुर्घटना में कई यात्रियों की मृत्यु हुई है जो की अत्यंत पीड़ादायक है। भारतीय युवा कांग्रेस परिवार की संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले, यही कामना है। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ रेल हादसा बड़ी लापरवाही का सबूत है। श्रीनिवास बी वी ने यह भी कहा कि कैग ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि 'जिस फंड का इस्तेमाल सुरक्षा के लिए होना था, उससे अधिकारियों के ऐशो-आराम की चीजें खरीदी जा रही थीं। रिपोर्ट में लिखा कि इस फंड का इस्तेमाल गलत तरीके से किया गया।' इस रिपोर्ट ने केन्द्र सरकार के उन दावों की पोल खोल दी, जिसमें वह कहती है कि उसने रेलवे का कायाकल्प कर दिया है। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गण इस कैंडल मार्च में शामिल हुए और इस हादसे में मारे गए यात्रियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रेल मंत्रालय ने किए आंकड़े जारी... रेलवे के सूत्रों के मुताबिक विपक्ष का दावा गलत...

# कहा रेल हादसों में आई भारी गिरावट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : पश्चिम बंगाल में सोमवार को हुए कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे के बाद से विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर है। रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहा है। मोदी सरकार पर रेलवे की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का आरोप लगा रहा है। विपक्ष का दावा है कि मोदी सरकार में ज्यादा ट्रेन एक्सीडेंट हो रहे हैं। ऐसे में रेलवे की ओर आंकड़े भी जारी किए गए हैं कि 2014 से अबतक कितने रेल हादसे हुए हैं, साथ ही उससे पहले का भी आंकड़ा सामने आया है। सोशल मीडिया से लेकर तमाम प्लेटफॉर्म पर इस बात का विपक्ष की ओर से दावा किया जा रहा है कि मौजूदा सरकार में रेल दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। वहीं अगर सामने आए आंकड़ों पर नजर डाले तो यह दावा गलत दिखता है। रेलवे की सूत्रों के मुताबिक विपक्ष का दावा गलत है। जांकड़ों के अनुसार 2004-14 की अवधि के दौरान ट्रेन दुर्घटनाओं की औसत संख्या 171 प्रति वर्ष थी। जबकि 2014-23 की अवधि के दौरान ट्रेन दुर्घटनाओं की औसत संख्या घटकर 71 प्रति वर्ष हो गई है। रेलवे का कहना है कि दुर्घटनाओं के कम होने के पीछे रेलवे का कुशल प्रबंधन और कई तरह के ऐसे उपाय किए गये हैं। जिससे कि इस तरह के हादसों में कमी आयी है। रेलवे का दावा है कि 45,000 करोड़ मानवीय विफलता के कारण होने वाली दुर्घटना को खत्म कैंटने के लिए खर्च किए गए हैं।

### यूपीए सरकार में अधिक हुए हादसे

वहीं अगर यूपीए और एनडीए के कार्यकाल के दौरान हुई रेल दुर्घटनाओं को देखें तो पता चलता है कि यूपीए सरकार के दौरान अधिक ट्रेन हादसे होते थे। जूबकि एनडीए के कार्यकाल में इन हादसों में जबरदस्त गिरावट आई है। प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि यूपीए कार्यकाल के दौरान ट्रेन हादसों में 2453 लोगों की मौत हुई, जबकि 4486 लोग घायल हुए। वहीं एनडीए के कार्यकाल में हुए ट्रेन हादसे में 781 लोगों की मौत हुई और 1542 लोग घायल हुए हैं। यूपीए कार्यकाल के दौरान ट्रेन बेपटरी होने के 867 मामले सामने आए थे, जबकि एनडीए के कार्यकाल के दौरान ट्रेन बेपटरी होने के 426 मामले सामने आए हैं।



### यूपीए के कार्यकाल में हुआ खर्च...

रेलवे की सुरक्षा और मेंटेनेंस की बात करें तो एनडीए के कार्यकाल में पिछले 9 वर्षों के दौरान 1,78,012 करोड़ रुपये रेलवे की सुरक्षा बढ़ावे को लेकर खर्च किए गए। जिसका अगर औसत देखें तो प्रति वर्ष 17801 करोड़ रुपया रेलवे में सुरक्षा बढ़ाने को लेकर खर्च किए गए हैं। जो 2014 से पहले इस मद में किए जाने वाले खर्च का 2.5 गुणा अधिक है। आंकड़ो के अनुसार ट्रैक मरम्मति करण के लिए वित्त वर्ष 2015 और 2023 के बीच में औसतन 10201 करोड़ रुपये खर्च किया गया है। जबकि 2014 से पहले इस मद में प्रति वर्ष सिर्फ 4702 करोड़ रुपये ही खर्च किए जाते थे।

**जम्मू, कटरा, कठुआ, देहरादून, जॉली ग्रांट, चंबा, हमीरपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या और आगरा में अधिकतम तापमान दिल्ली से मिलता-जुलता ही बना हुआ है...**

# दिल्ली की तरह तप रहे हैं 'हिल स्टेशन'



राहुल शर्मा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): 2024 में धरती तप रही है और केवल दिन ही नहीं, रात के समय भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है यानी दिन और रात दोनों ही तप रहे हैं। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश लोग गर्मियों की छुट्टियों में हिल स्टेशन का लुत्फ उठाने निकले हुए हैं, लेकिन वहां भी उनके लिए राहत वाली खबर नहीं है। दरअसल हिल स्टेशन पर भी हीट वेव अपना पूरा प्रभाव छोड़ रही है, वहां रात को बेशक थोड़ी-बहुत राहत मिल भी जाए, लेकिन दिन के समय में बुरा हाल है। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार भी ऐसे में हीट वेव के दुष्प्रभाव से बचने और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अगले कुछ और दिनों तक लोगों का गर्मी से बचाव करना ही बेहतर विकल्प है। मौसम विभाग के बीते सोमवार के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो



जम्मू में अधिकतम तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस, कठुआ में 44.8 और कटरा में 40.8 डिग्री दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री या उससे अधिक पहुंच रहा है। यहां हीट वेव भी दर्ज की जा रही है। हिमाचल प्रदेश की बात करें चंबा में अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस, हमीरपुर में 41.9 डिग्री, कांगड़ा में 41.1 डिग्री, मंडी में 40.4 और सुंदर नगर में 41.2 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। यहां भी अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक ही चल रहा है, मंडी में तो सामान्य से 8 डिग्री तक अधिकता दर्ज की गई है। वहीं उत्तराखंड की बात करें तो देहरादून में अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस, जॉली ग्रांट में 41.4 डिग्री, रुड़की में 44 डिग्री दर्ज किया गया। देहरादून में अधिकतम तापमान सामान्य से 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा है। पंजाब के पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन पर अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं चंडीगढ़ में 44.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा, जो कि सामान्य से 7.9 डिग्री अधिक है। गर्मी की छुट्टियों में घूमने के लिहाज से पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात करें तो वहां भी अधिकतम तापमान थमने का नाम नहीं ले रहा है। वाराणसी में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। प्रयागराज में अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री, सामान्य से 8.7 डिग्री अधिक रहा है। तीर्थ स्थल अयोध्या की बात करें तो वहां भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा है। उत्तर प्रदेश की झांसी में 45.9 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 6.7 डिग्री अधिक, आगरा ताज में अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक रहा है। 18 जून को देहरादून में अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी में 43.1 डिग्री, प्रयागराज में 42.5 डिग्री और आगरा में 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि में हीट वेव और अत्यधिक हीट वेव दर्ज की गई। अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम से जुड़ी वेबसाइट स्काइमेट वेदर के वाइस प्रेसीजेंट महेश पलावत ने बताया कि इन दिनों जो दिल्ली-एनसीआर के लोग पहाड़ों की तरफ घूमने के लिहाज से रुख कर रहे हैं कि उन्हें वहां ठंडा मौसम मिलेगा, लेकिन वास्तव में वहां ऐसा है नहीं। क्लाइमेट चेंज के कारण कम ऊंचे पहाड़ वाले क्षेत्रों में भी भीषण गर्मी पड़ रही है और हीट वेव जारी है। अमूमन शिमला, मसूरी या देहरादून की बात करें तो वहां के मौसम में दिल्ली से कहीं अधिक अंतर नहीं है। दिन के समय लू का प्रकोप जारी है। यही हाल चंडीगढ़, आगरा, प्रयागराज और वाराणसी में बना हुआ है।

### दिल्ली को मिलेगी दो दिन राहत

**दिल्ली** में मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 5 डिग्री अधिक रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 6 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान इस माह का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान रहा है। इस माह दिल्ली में सात दिन हीट वेव के दर्ज किए गए हैं।

अन्य केन्द्रों की बात करें तो वहां अधिकतम तापमान पालम पर 44.4 डिग्री, लोधी रोड 44.1 डिग्री, रिज 44.7 डिग्री और आया नगर में 45 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली में मंगलवार को भी हीट वेव दर्ज की गई। महेश पलावत ने बताया कि 19 और 20 जून को दिल्ली-एनसीआर में आंधी और बूंदाबांदी से थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन 21 जून से दोबारा मौसम गर्म हो जाएगा।

# सफदरजंग में लू की चपेट में आने से दो और मौत

**1** 24 घंटे में एलएनजेपी अस्पताल में भीषण लू से पीड़ित पांच मरीजों को बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया

**2** अब तक छह मरीजों की हो चुकी है लू से मौत




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में चल रही गर्म हवा जानलेव हो गई है। सूरज की तपिश के साथ मिलकर यह इतना खतरनाक हो गई है कि इसकी जद में आने वाले गंभीर स्वास्थ संकट में पड़ रहे हैं। कुछ की तो मृत्यु भी हो रही है। मंगलवार को भयंकर लू की चपेट में आने से दो और लोगों की मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक सफदरजंग अस्पताल में मंगलवार को एक बुजुर्ग महिला सहित दो मरीजों की मौत लू के कारण हो गई। वहीं लोकनायक अस्पताल में 24 घंटे में भीषण लू से पीड़ित पांच मरीजों को बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया है, जिसमें से दो मरीज आईसीयू में वेंटिलेटर पर हैं।

अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डा. सुरेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में भर्ती किए गए तीन मरीज 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग हैं। दो मरीजों की उम्र 30-40 वर्ष के बीच है। इन पांचों मरीजों को तेज बुखार व डिहाइड्रेशन था। इस वजह से पांचों मरीज बेहोशी की स्थिति में अस्पताल में लाए गए थे।दो मरीजों की हालत काफी गंभीर बता दें कि एलएनजेपी में भर्ती पांच मरीजों में तीन की हालत स्थिर है, जबकि दो मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है। दूसरी ओर सफदरजंग अस्पताल प्रशासन के अनुसार नोएडा की रहने वाले एक 50 वर्षीय व्यक्ति को लू लगने के कारण 17 जून की शाम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें नोएडा के सिविल अस्पताल से रेफर कर सफदरजंग अस्पताल में लाया गया था। सुबह साढ़े पांच बजे उनकी मौत हो गई। इसके अलावा दिल्ली के बदरपुर की रहने वाली एक 60 वर्षीय महिला को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुबह छह बजे उनकी भी मौत हो गई। सफदरजंग अस्पताल प्रशासन के अनुसार अस्पताल में भीषण लू से पीड़ित अब तक 28 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं, जिसमें से अब तक चार मरीजों की मौत हो चुकी है।

**बिजली की डिमांड ने रचा नया इतिहास, बिजली मांग 8647 मेगावाट दर्ज की गई...**

# गर्मी ने छुड़ाए पसीने तो बिजली की डिमांड ने तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लू व उमस के बीच मंगलवार को गर्मी ने दिल्लीवालों का बुरा हाल कर दिया। भीषण गर्मी के चलते बिजली की लगातार बढ़ती मांग ने भी पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। मंगलवार को बिजली की डिमांड ने एक नया इतिहास रच दिया। स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर के अनुसार मंगलवार दोपहर तीन बजकर 22 मिनट पर दिल्ली में अधिकतम बिजली मांग 8647 मेगावाट दर्ज की गई थी। ये मांग दिल्ली के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इस बीच दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली बीएसईएस व टीपीडीडीएल के एरिया में पावर डिमांड की बात करें तो यहां भी मांग अपने उच्च स्तर पर रही। बीआरपीएल और बीवाईपीएल क्षेत्रों में पावर डिमांड क्रमशः 3750 मेगावाट और 1858 मेगावाट रही। वहीं टाटा पावर डीडीएल के क्षेत्र में बिजली की मांग 2446 मेगावाट रही।



एसएलडीसी के अनुसार 22 मई को दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग पहली बार 8000 मेगावाट तक पहुंच गई थी। दिल्ली में अधिकतम बिजली मांग ने 8 मौकों पर 8000 मेगावाट को पार किया है। अप्रैल 2024 के दौरान अधिकतम बिजली की मांग अप्रैल 2023 की तुलना में 83 फीसदी ज्यादा थी, जिसमें 32 फीसदी तक का अंतर है। यह अंतर शहर में बिजली खपत पैटर्न पर मौसम के गहरे प्रभाव को उजागर करता है। बिजली की मांग को मौसम की स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जिसकी वजह से शहर में रहने वालों को ज्यादा एसी/कूलर का उपयोग करना पड़ा, इससे बिजली की खपत में बढ़ोतरी हुई है। 2024 से पहले दिल्ली में पिछली सबसे ज्यादा बिजली की डिमांड 29 जून, 2022 को दर्ज की गई थी। उस वक्त दिल्ली की अधिकतम मांग 7438 मेगावाट थी। दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग मई 2023 के महीने में कभी भी 7000 मेगावाट से अधिक नहीं हुई थी और 2022 में केवल एक बार मई में 7000 मेगावाट के पार पहुंची थी।

बीएसईएस प्रवक्ता ने बताया कि हमने अपने क्षेत्रों में सफलतापूर्वक बिजली की डिमांड 5608 मेगावॉट को पूरा किया। आगे भी हम अपने क्षेत्रों में अधिकतम बिजली की डिमांड पूरा करने के लिए तत्पर हैं। इसके लिए हमने पहले से व्यवस्था की हुई है। टीपीडीडीएल प्रवक्ता ने बताया कि हमने अपने क्षेत्र में 2446 मेगावाट की बिजली की सर्वाधिक पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया है। कंपनी ने दीर्घकालिक (लौंग टर्म) और अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) उपायों के माध्यम से पर्याप्त व्यवस्था की हुई है, और दिल्ली में चल रही भीषण गर्मी के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। टाटा पावर डीडीएल की टीम उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अपने परिचालन क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चौबीसो घंटे प्रयासरत है ।

### केन्द्र सरकार ने बिजली मांग में वृद्धि देखते हुए सुनिश्चित किए उपाय...

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत का उत्तरी क्षेत्र 17 मई, 2024 से जारी भीषण गर्मी के कारण विद्युत की बढ़ती मांग स्थितियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद उत्तरी क्षेत्र में 89 गीगावॉट की अब तक की सर्वाधिक पीक डिमांड (अधिकतम मांग) 17 जून, 2024 को सफलतापूर्वक पूरी की गई। पीक डिमांड पूरी करने की यह उपलब्धि पड़ोसी क्षेत्रों से उत्तरी क्षेत्र की बिजली आवश्यकता का 25 से 30 प्रतिशत बिजली मंगाने से संभव हुई। सभी उपयोगिताओं को उच्च स्तर की सतर्कता बरतने और उपकरणों की बाध्यकारी रूप से बंदी को कम करने की सलाह दी गई है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी की स्थिति 20 जून से कम होने की आशा है। विद्युत मंत्रालय ने बढ़ती मांग को देखते हुए और देश भर में पर्याप्त बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गर्मी के इस मौसम में 250 गीगावॉट की अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए अनेक उपाय किए हैं। मंत्रालय ने इसके तहत इस अवधि के दौरान उत्पादन इकाइयों का न्यूनतम नियोजित रखरखाव निर्धारित किया गया है। उत्पादन क्षमता की उपलब्धता को अधिकतम करने के लिए आंशिक और जबरन बंदी को न्यूनतम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मोहन गार्डन में रात भर रही बिजली गुल

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तम नगर के मोहन गार्डन की गली नंबर क्यू-1 में पूरी रात बिजली गूल होने से लोगों में बेहद ही रोष है। 17 जून सोमवार रात 10 बजे पूरी गली की लाइट चली गई जो अगले दिन विधायक के अथक प्रयास से सुबह साढ़े आठ बजे आई। बिजली नहीं होने बारे में बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के कार्यालय में कई बार कंपलेंट भी की थी, लेकिन कार्यालय से कोई भी कर्मि नहीं आया। रात साढ़े बारह बजे फिर फोन किया तो वहां से उत्तर मिला कि एक घंटे बाद कर्मि मौके पर आ जाएगा। मगर गली के लोग रातभर खंबे के पास खड़े होकर कार्यालय से किसी आदमी के आने का इंतजार करते रहे। लेकिन बीएसईएस कार्यालय से कोई आदमी नहीं आया।

## ई-रिक्शा चालक ने नाबालिग का किया यौन शोषण, अरेस्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के सिविल लाइंस थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ यौन शोषण करने वाले को गिरफ्तार किया है। विरोध करने पर आरोपी ने गाल पर काटकर पीड़िता को जख्मी भी कर दिया। पुलिस ने मामले की गुत्थी को सुलझाते हुए एक ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. इश्तिकार के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात के दौरान पीड़िता ने आरोपी के सिर पर ईंट से हमला कर दिया था। आरोपी ने गत 12 जून को अपने ई-रिक्शा में बैठी एक नाबालिग का यौन शोषण की वारदात को अंजाम दिया था। अभी भी आरोपी के माथे पर ताजा घाव है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल ई-रिक्शा और आरोपी के कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि गत 12 जून की रात सिविल लाइंस थाने में बाड़ा हिंदू राव अस्पताल से एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ यौन शोषण के वारदात की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंच गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने आरोपी के सिर पर लगी चोट के निशान की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया।



## आईजीआई ने लॉन्च की सेल्फ-सर्विस बैगेज सुविधा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) अब अपने नए सेल्फ-सर्विस बैगेज ड्रॉप सिस्टम के साथ तेज और सहज चेक-इन अनुभव दे रहा है। यह इनोवेशन दिल्ली को भारत में हवाई अड्डे की दक्षता के मामले में सबसे बेहतर बनाती है। इसके साथ ही दिल्ली एयरपोर्ट टोरंटो के बाद यह सेवा देने वाला दुनिया का दूसरा हवाई अड्डा बनाती है। यात्री पारंपरिक चेक-इन डेस्क को बायपास कर सकते हैं और सीधे टर्मिनल 1 और 3 में स्थित सेल्फ-सर्विस बैग ड्रॉप (एसएसबीडी) यूनिट में जा सकते हैं। फिलहाल यह सेवा एयर इंडिया, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस यात्रियों के लिए उपलब्ध है।

एसएसबीडी यूनिट में आप अपना बोर्डिंग पास स्कैन करेंगे या पहचान के लिए चेहरे की पहचान करने वाले कैमरे का उपयोग करेंगे। फिर, बस अपना सामान कन्वेयर बेल्ट पर छोड़ दें। तेज प्रक्रिया के लिए, 'क्विक ड्रॉप सॉल्यूशन' चुनें। यह एक-चरणीय विकल्प है, जो आपके बोर्डिंग पास को फिर से स्कैन करने की आवश्यकता को समाप्त करता है । सभी जानकारी पहले से ही आपके बैगेज टैग से जुड़ी हुई है। क्विक ड्रॉप के साथ, चेक-इन मात्र 30 सेकंड में हो जाता है !सेल्फ-सर्विस सिस्टम चेक-इन समय को काफी कम कर देती है, जिससे आप आसानी से एयरपोर्ट तक पहुंच सकते हैं। इसके साथ आपको बेहतर सुविधा और कंट्रोल मिलता है। आपको लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा। साथ ही आप अपनी मर्जी से चेक-इन प्रक्रिया का मैनेज कर सकेंगे।



यह इनोवेशन तकनीक दिल्ली हवाई अड्डे के माध्यम से आपकी यात्रा को आसान और कम तनावपूर्ण बनाती है। एयरपोर्ट पर पहुंचने पर सुविधाजनक रूप से स्थित कॉमन यूज़ सेल्फ-सर्विस (सीयूएसएस) कियोस्क पर अपने बैगेज टैग एकत्र करें और उन्हें संलग्न करें।यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने में मददगारडायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हमें दिल्ली हवाई अड्डे पर इस अत्याधुनिक तकनीक को पेश करने पर गर्व है। सेल्फ-सर्विसबैग ड्रॉप सिस्टम हमारे यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को बढ़ाने के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। तो, अगली बार जब आप दिल्ली से उड़ान भरें, तो नए सेल्फ-सर्विस बैगेज ड्रॉप का लाभ उठाएँ और तेज़, अधिक सुविधाजनक चेक-इन प्रक्रिया का आनंद लें।

### संक्षिप्त समाचार...

## राजनाथ सिंह से की मारवाह ने मुलाकात



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जंगपुरा के पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सप्रेम भेंट की और उन्हें दूसरी बार रक्षा मंत्री बनने पर बधाई दी। मारवाह ने रक्षा मंत्री से कहा कि वह देश की सेवा इसी तरह करते रहें और हम सभी आपके साथ हैं। उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार और पीएम मोदी का भी रक्षा मंत्री पद पर राजनाथ सिंह को पुनः बैठाने पर आभार व्यक्त किया।

## जितेंद्र तोमर ने सात गलियों का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : त्रिनगर से आम आदमी पार्टी की विधायक प्रीति सिंह तोमर ने अपने एमएलए फंड से 74 लाख की लागत से बनी 7 गलियों का उद्घाटन रविवार को जितेंद्र सिंह तोमर ने किया। इसमें चंदर नगर की गली नंबर 224, 230, 236, औंकार नगर की 17 और 38 नंबर, शांति नगर की 84 नंबर व विश्राम नगर की 209 नंबर गली शामिल है। तोमर द्वारा क्षेत्र में चल रहे निरंतर विकास कार्यों की श्रंखला का यह भी एक हिस्सा है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि क्षेत्र की जनता जितेंद्र सिंह तोमर की कार्यशैली से प्रभावित हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह हर व्यक्ति का फोन उठाते हैं ओर उनकी समस्या का निवारण भी करते हैं। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी त्रिनगर वार्ड के अध्यक्ष पी सी गुप्ता, पूर्व पार्षद अशोक गंगवाल, राम प्रताप शर्मा, आशीष कौशिक (जोनी), हरजिंदर सिंह, लीना अग्रवाल के अलावा क्षेत्र के गणमान्य व स्थानीय निवासी मौजूद थे।

## युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ डिस्ट्रिक्ट के महरौली इलाके में शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात के गाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## निर्जला एकादशी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़ : मीठे पानी का लगा प्याऊ

**नई दिल्ली, (दिनेश शर्मा/पंजाब केसरी):** निर्जला एकादशी मंगलवार को मंदिरों में साधकों की भारी भीड़ पहुंची। सनातन धर्मियों ने स्नान, ध्यान व दान की प्राचीन परंपरा का पालन करते हुए मीठे पानी की प्याऊ लगाई। घड़ो, सुराईयों, मिट्टी के बर्तनों, फूलों, फलों, जल, हस्त पंखों आदि की आज भारी मांग के चलते बिक्री हुई। ईद व एकादशी पर फलों, फूलों व अन्य चीजों के दामों में 20% से ज्यादा उछाल आया। सूर्य उत्तरायण चंद्रमा के तुला राशि के चलते सनातन धर्मी साधकों ने सर्व कल्याण की कामना को लेकर निर्जला भीमसेनी एकादशी पर व्रत का पालन किया। अर्जुन कुमार व नवीन कुमार सिसोदिया ने बताया कि पांडव काल में भीमसेन ने इस दिन कठोर व्रत का पालन किया था। गर्म लू के चलते बिना जल व्रत का पालन करते समय जब महाबली भीम गर्मी के थपेड़ों से चिंतित हुए तब भगवान कृष्ण की सलाह पर भीम ने दिनभर तालाब में खड़े रहकर ईश्वर की आराधना की थी। इसके उपरांत निर्धनों में फल व सामग्री दान की इसलिए गंगा दशहरा के बाद द्वादशी व एकादशी के साथ के पर्व पर बिना जल के निर्जला एकादशी का त्यौहार मनाने की प्रथा है। कहा जाता है कि ग्रीष्म रितु की सबसे कठोर एकादशी है जिसका पालन करने पर मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। राजधानी दिल्ली के गौरीशंकर मंदिर, महामाई सेवा न्यास मंदिर, झंडेवालन बद्री भगत मंदिर, मुगलकालीन भगवान नरसिंह हनुमान महंत श्रवण कुमार महंत गौरव शर्मा मंदिर, झंडेवालन मेट्रो के निकट हनुमान मंदिर, चांदनी चौक मेट्रो के निकट विराट नवग्रह मंदिर, भाई परमानंद कॉलोनी सनातन धर्म मंदिर, छतरपुर स्थित मां कात्यायनी मंदिर, लक्ष्मी नारायण बिरला मंदिर, कीर्ति नगर गीता भवन, वनखंडी महादेव मंदिर सहित सभी देवस्थानों पर देर रात्रि तक रौनक रही। अनेक स्थानों पर फलों के भंडारे सजाकर सत्संग का भक्तों ने आनंद लूटा।



## येलो लाइन पर एक घंटे सेवा रही बाधित यात्री हुए पेरशान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के एक खंड पर मंगलवार को शाम सवा पांच बजे से लेकर सवा छह बजे तक सेवाएं लगभग एक घंटे प्रभावित रहीं। येलो लाइन दिल्ली के समयपुर बादली को गुरुग्राम के मिलेनियम सिटी सेंटर से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से बताया गया कि दिल्ली मेट्रो आज शाम 5:15 बजे से 6:12 बजे तक सुल्तानपुर और मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम सेक्शन के बीच येलो लाइन पर ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। ऐसा कैटनरी वायर के नाम से जानी जाने वाली 'ओवर हेड इक्विप्मेंट" (ओएचई) के एक हिस्से को नुकसान पहुंचने की वजह से हुआ। इस दौरान येलो लाइन के बाकी सेक्शन पर सेवाएं सामान्य रहीं। मेट्रो एक घंटे से अधिक समय तक देरी से चली। हालांकि, इस समस्या को बाद में दूर कर लिया गया। डीएमआरसी ने ट्वीट कर लोगों को येलो लाइन के एक खंड पर मेट्रो सेवाएं देरी से चलने की जानकारी दी थी।

## गांधी नगर : जींस की फैक्ट्री में आग, कोई हताहत नहीं

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के गांधी नगर बाजार में जींस एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। फिलहाल कूलिंग का काम जारी है। शुरुआती जांच में आग लगने कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

दमकल विभाग के मुताबिक, दमकल विभाग को मंगलवार सुबह करीब 9.55 बजे गली नंबर-छह, जैन मंदिर वाली गली, रघुवर पुरा स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। मौके पर दमकल विभाग की 10 गाड़ियां पहुंची। इसके बाद शाम करीब 5.20 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में आग लगी वह चार मंजिला बनी हुई है। ग्राउंड फ्लोर पर गोदाम बना हुआ था। जबकि ऊपर की दो मंजिलों पर मशीन व कपड़े रखे हुए थे। कपड़ा होने के कारण तीसरे व चौथे तल पर आग बार-बार भड़क रही थी। आग पहली मंजिल पर लगी। इसके बाद फैक्ट्री में कपड़े भरे होने के कारण आग तेजी से फैली और ऊपर के तीनों तलों को अपनी चपेट में ले लिया।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जोड़ी हत्या की धारा, आरोपी गिरफ्तार

# लूटपाट के दौरान दोस्त के सिर पर हमला कर उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के बुराड़ी थाना पुलिस ने नीरज नामक युवक की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में युवक के दोस्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लव (21) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उन्हें यह बात पता था कि नीरज के पास काफी कैश है। लूटपाट का विरोध करने पर उन्होंने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई नकदी से 2,500 रुपए कैश, मोबाइल, बाइक, खून से सने जूते और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि गत 11 जून शाम करीब 07:18 बजे बुराड़ी थाना पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि मेट्रो निर्माण कार्य के करीब आरसीसी रोड के पास एक युवक खून से लथपथ पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। शुरुआत में पुलिस ने



धारा 279/304-ए के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को मौके से रेल ट्रैक के ब्लॉक पर खून और खून से सने कपड़े मिले। पुलिस ने मृतक की पहचान करने के लिए एक टीम का गठन किया। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान नीरज (32) के रूप में हुई। वह बुराड़ी का रहने वाला था। आरोपी को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर जसपाल सिंह, संदीप कुमार अहलावत के नेतृत्व में एसआई शंभू कुमार झा, एसआई नीरज शर्मा, एएसआई संदीप, एचसी रहीस, एचसी प्रदीप, सीटी सतेंद्र और सीटी दीपक की टीम बनाई गई। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने एफआईआर में धारा बदलकर हत्या की धारा लगा दी। पूछताछ करने पर पता चला कि लव और राजन दोनों रात को शराब के नशे में घूम रहे थे। इसी दौरान उन्हें नीरज मिला। वह उसे पहले से जानते थे। तीनों ने फिर से शराब पीने का प्लान बनाया। वे बाइक से अशोक विहार गए और शराब खरीदकर मुकुंदपुर फ्लाईओवर, आरसीसी रोड बुराड़ी के पास पहुंचे। यहां तीनों ने शराब का सेवन किया। राजन बाइक लेकर मौके से चला गया। मौके पर नीरज व लव ही थे। लव को यह बात पता था कि नीरज के पास कैश है। पैसे लूटने के इरादे से नीरज ने सड़क किनारे पड़े सीमेंट बीम से उसके सिर पर कई बार वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद 5500 रुपए व मोबाइल फोन लूटकर आरोपी मौके से भाग गया।

### फुटेज से पता चला आरोपी की बाइक का नंबर...

परिजनों ने पुलिस को बताया कि नीरज अविवाहित था। गत 10 जून की रात करीब 12:30 बजे वह शराब के नशे में घर से चला गया था। उसके पास मोबाइल फोन व कैश था। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने 100 से अधिक कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में पुलिस को दिखाई दिया कि नीरज को दो व्यक्तियों के साथ बाइक पर देखा गया था। पुलिस ने बाइक के नंबर का पता लगाया और दोनों आरोपियों को दबोच लिया। उनकी पहचान लव और राजन कुमार के रूप में हुई।

# अब दिल्ली में नहीं चलेंगी दूसरे राज्यों की प्रदूषण फैलाने वाली बसें

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने लिखा पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश के मुख्य सचिवों को पत्र
- 31 दिसंबर के बाद इन राज्यों को सिर्फ सीएनजी या ई-बसें चलाने की ही होगी अनुमति



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा में अब किसी भी राज्य की बसों को जहर घोलने की छूट नहीं मिलेगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस पर सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सभी संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश जारी कर दिया गया है कि 31 दिसंबर के बाद प्रदूषित ईंधन पर चल रही उनकी किसी भी बस को दिल्ली में प्रवेश नहीं मिलेगा। जानकारी के मुताबिक दिल्ली में सभी बसें सीएनजी पर चल रही हैं। लेकिन पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश की सैंकड़ों डीजल बसें अब भी बीएस तीन और बीएस चार माडल की ही चल रही हैं। इससे यहां की हवा में अभी भी प्रदूषण का स्तर काफी है। सभी अध्ययनों में वाहनों के धुएं को प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत बताया गया है। इसी के मद्देनजर सीएक्यूएम ने इन सभी राज्यों से शहर में चलने वाली उनकी बसों की विस्तृत रिपोर्ट तलब की।इसमें पता चला कि उक्त राज्यों ने अपनी कुछ बसों को

तो बीएस छह अथवा स्वच्छ ईंधन में तब्दील कर लिया है लेकिन अब तक सभी को नहीं किया जा सका है। इस पर सीएक्यूएम ने इन सभी राज्यों के लिए समय सीमा तय कर दी है। जम्मू कश्मीर को 30 सितंबर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश को 31 दिसंबर जबकि उत्तराखंड को 31 मार्च 2025 तक का समय दिया गया है। सीएक्यूएम के सदस्य सचिव अरविंद नौटियाल द्वारा जारी पत्र में दिल्ली एनसीआर के परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को भी उक्त आदेश को क्रियान्वित करने के लिए कहा गया है। जनवरी 2025 से दिल्ली में केवल बीएस छह, सीएनजी या ई-बसों के परिचालन की मंजूरी होगी। आदेश का पालन न करने पर बसों को जब्त किया जा सकता है।

# सेना अस्पताल ने स्कीन बैंक सुविधा केन्द्र की शुरुआत की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नई दिल्ली स्थित सेना अस्पताल (अनुसंधान और रेफरल) ने मंगलवार को एक अत्याधुनिक स्किन बैंक सुविधा केन्द्र खोलने की घोषणा की, जो सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के भीतर स्थापित की जाने वाली अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सेना कर्मियों और उनके परिवारों को आग से हुई गंभीर जलन और त्वचा से संबंधित अन्य बीमारियों में क्रांति लाना है। नया स्किन बैंक स्किन ग्राफ्ट के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में काम करेगा, जो देश भर में सैन्य चिकित्सा केंद्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करेगा। इस सुविधा केन्द्र की स्थापना करने के जरिए सशस्त्र बल यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत स्किन रिप्लेसमेंट उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके। इस स्किन बैंक में प्लास्टिक सर्जन, टिश्यू इंजीनियर और विशेष तकनीशियनों सहित उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम काम करेगी। यह सुविधा केन्द्र गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करेगा, जिससे स्किन ग्राफ्ट की मजबूती और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। डीजीएमएस (सेना) और कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी ने इस स्किन बैंक के शुभारंभ को सैन्यकर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा केन्द्र न केवल देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि गंभीर चोटों से प्रभावित लोगों की सहायता करने की क्षमता को भी मजबूत करेगा। सेना अस्पताल (आर एंड आर) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजीत नीलकांतन ने कहा, " स्किन टिश्यू के लिए एक समर्पित संसाधन होने से हम अपने रोगियों को सबसे प्रभावी और व्यक्तिपरक उपचार प्रदान कर सकते हैं, जिससे अंततः उनके स्वस्थ्य होने और पुनर्वास की संभावनाओं में सुधार हो सकता है।

पुलिस ने 3.5 करोड़ के आईफोन बरामद कर दोनों को पकड़ा

# मुंबई से आईफोन की खेप आनी थी दिल्ली रास्ते से ड्राइवर व हेल्पर लेकर फरार

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज थाना पुलिस ने 3.5 करोड़ के आईफोन चोरी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मनदीप और सचिन के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुंबई से आईफोन की खेप दिल्ली भेजी गई थी। रास्ते में चालक व हेल्पर ने पूरी खेप चुरा ली और अपने फोन बंद कर लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से 3.5 करोड़ रुपए के 318 आईफोन बरामद कर लिए है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि 18 जून को वसंत विहार थाना पुलिस को आईफोन चोरी की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक गाड़ी से आईफोन की खेप मुंबई से दिल्ली



के लिए निकली थी। लेकिन दिल्ली तक नहीं पहुंची। चालक व हेल्पर का नाम बंद जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसएचओ राजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से मनदीप को पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। मनदीप ने पुलिस को बताया कि वह पांच पूर्व से चालक का काम कर रहा है। जबकि उसके साथ हेल्पर का काम सचिन करता है। दोनों साथ ही मुंबई से सामान लेकर निकले थे। लेकिन रास्ते में मनदीप ने प्लानिंग की और मोबाइल चोरी का प्लान सचिन को बताया। जिसके बाद सचिन ने मोबाइल छिपाने के लिए बामनोली गांव में जगह बताई। दोनों गाड़ी लेकर वहां पहुंचे और मोबाइल छिपा कर वहां से चले गए।

# 24 लाख रुपए हड़पने वाले मामले में इंस्पेक्टर भी सस्पेंड

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ईस्ट दिल्ली के शकरपुर इलाके में स्थित एक होटल में नकली रेड कर एक किसान से 24 लाख रुपये की जबरन वसूली करने के मामले पुलिस ने इंस्पेक्टर पर भी कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मामले में इंस्पेक्टर को भी सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही एफआईआर में जबरन वसूली की धारा भी जोड़ दी गई है। सोमवार को एक बार फिर जींद से पीड़ितों को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। कई घंटे तक पवन और उनके साथी शमशेर शकरपुर थाने में रहे। कई अधिकारियों की मौजूदगी में उनके बयान लिए गए हैं।

**तीन पुलिसकर्मियों पर पहले गिरी थी गाज, एफआईआर में जबरन वसूली की धारा जोड़ी गई**

बता दे कि एक किसान परिवार के लड़के को ऑस्ट्रेलिया भेजने की एवज में कुछ लोगों ने 23 लाख रुपये की मांग की थी। 29 मई को लड़के को ऑस्ट्रेलिया भेजना था। जिसके लिए पीड़ित को जींद से दिल्ली बुलाया था। परिवार साढ़े 24 लाख रुपये साथ लाया। वे शकरपुर इलाके के होटल में रुके थे। उसी दौरान लक्ष्मी नगर थाने में तैनात इंस्पेक्टर समेत 4 पुलिसवाले होटल पहुंचे और पीड़ित परिवार पर हवाला और पाकिस्तान से लिंक होने का आरोप लगाया। फिर उन्हें कहा या तो पैसा सीज करवाकर जेल जाओ या पैसा हमारे पास छोड़कर घर चले जाओ। पीड़ित पैसा छोड़कर घर चले गए। लेकिन उसने वहां से शकरपुर एसएचओ को शिकायत कर दी और सबूत के तौर पर वीडियो दे दिए। जिसके बाद पीजी सेल ने मामले की जांच की और 15 जून को मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ।

# आगरा के कारोबारी से एक करोड़ के हीरे लूटने वाली लुटेरन समेत दो अरेस्ट

एक करोड़ के हीरे बरामद, कई राज्यों की पुलिस को थी दोनों की तलाश

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ टीम ने आगरा से एक करोड़ के हीरे चोरी करने वाली एक महिला और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बबीता (बदला हुआ नाम) और उसके सहयोगी कुणाल (23) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को चार राज्यों की पुलिस तलाश कर रही थी। उन्होंने गत 15 जून को आगरा के एक कारोबारी से एक करोड़ के हीरे, एक लैपटॉप और एक लाख रुपए कैश लूटे थे। पुलिस ने इनके पास से हीरे की ज्वेलरी के 23 नग बरामद किए हैं। जिसकी कीमत करीब करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि स्पेशल स्टाफ को साकेत में ठक ठक गैंग के सदस्यों के आने की



सूचना मिली। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र के नेतृत्व में एसआई दीपक, एचसी राकेश और एचसी सीमा की टीम ने पुष्प विहार सेक्टर 4 में पहुंचकर अपना ट्रेप लगाया। सुबह करीब 6.15 बजे पुलिस ने संदिग्ध लगने पर एक महिला को जांच के लिए रोका। सवाल पूछने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। तलाशी लेने के दौरान पुलिस को उसके पास से हीरे की ज्वेलरी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि गत 15 जून को उसने अपने सहयोगी के साथ मिलकर आगरा में एक कारोबारी को शिकार बनाया था।

### चार राज्यों की पुलिस पड़ी थी पीछे...

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने दिल्ली के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में वारदातों को अंजाम दिया है। जहां उन पर कई केस दर्ज हैं। इन राज्यों की पुलिस को उनकी लंबे समय से तलाश है वह वह बाइक पर 4-6 के ग्रुप में चलते हैं। मौका मिलते ही वह लग्जरी गाड़ियों को अपना निशाना बनाते हैं। गाड़ी को देखने के बाद वह उन पर अंडा फेंक, पंचर होने की बात कहकर या फिर केमिकल फेंक कर आग लगने की बात बोलकर रूकवाते हैं। इसके बाद वह वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग जाते है।

# नेताजी सुभाष पैलेस : संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत, घर में मिला शव

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के नेताजी सुभाष प्लेस इलाके में एक व्यक्ति की घर में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक की पहचान ऋषि कुमार सिंह (49) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि परिवार को किसी पर कोई शक नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस को घर के अंदर दूसरे कमरे में ऋषि की लकवाग्रस्त बहन बिस्तर पर लेटी मिली। वह पिछले 25 वर्षों से बिस्तर पर ही थी। डीसीपी जितेंद्र कुमार मीना ने बताया कि गत 16 जून की शाम करीब 6.37 बजे सुभाष प्लेस थाना पुलिस को पड़ोसी द्वारा दरवाजा न खोलने की पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम श्री नगर स्थित घर पर पहुंच गई। दरवाजा खटखटाने पर पुलिस को अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। अंदर जाने पर पुलिस को घर के एक बेडरूम में ऋषि कुमार सिंह का शव मिला। जबकि घर के दूसरे कमरे में एक लकवाग्रस्त 54 वर्षीय महिला गुड्डन पड़ी मिली। पूछताछ के दौरान मृतक के एक पड़ोसी रमेश चंद ने पुलिस को बताया कि ऋषि की वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में बर्तनों को बनाने की एक फैक्ट्री है। ऋषि की पत्नी अपनी एक बेटी के साथ अपने मायके में पिछले 15 वर्षों से रह रही है। ऋषि अपनी बहन के साथ रहता था। घरेलू कार्यों में मदद के लिए उन्होंने एक घरेलू सहायिका रखी हुई थी। गत 15 जून की रात करीब नौ बजे ऋषि अपने पड़ोसी रमेश चंद के साथ ही था। इसके बाद वह अपने घर चला गया। तबसे उसने दरवाजा बंद किया और फिर इसके बाद पुलिस ने आकर दरवाजा तोड़ा है।

### पड़ोसी को दी जानकारी...

रविवार सुबह घरेलू सहायिका काम करने ऋषि के घर आई थी। उसने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। इसके बाद वह खटखटाकर चली गई थी। शाम को जब वह आई और दरवाजा खटखटाने पर किसी ने अंदर से नहीं खोला तो उसने पड़ोसियों को मामले की जानकारी दी। पड़ोसियों ने भी कई बार दरवाजा खटखटाया और आवाजें दी। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस को मामले की जानकारी दी।

# जयंत चौधरी ने की डीजीटी के संचालन की व्यापक समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के संचालन की व्यापक समीक्षा की और डीजीटी, इसकी योजनाओं और इसके संस्थानों की गहन समझ हासिल करने के लिए एक सत्र में भाग लिया। इनमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई), राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान (एनआईएमआई) और केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (सीएसटीएआरआई) शामिल हैं। उन्होंने डीजीटी द्वारा लंबे समय से चले आ रहे कौशल संबंधी इकोसिस्टम में से एक को पुनर्जीवित करने और उसकी कल्पना करने तथा पिछले दशक में 5000 से अधिक संस्थानों को जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आईटीआई के पास अपनी समानता है, लेकिन उन्हें नए सिरे से ध्यान देने की आवश्यकता




है। चौधरी ने आईटीआई और एनएसटीआई में मिश्रित शिक्षा की वकालत की, डीजीटी से फ्लेक्सी समझौता ज्ञापन आधारित भागीदारी और प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली के माध्यम से उद्योग सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। जयंत चौधरी ने युवाओं को प्रासंगिक कौशल से लैस करने और नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने में आईटीआई और एनएसटीआई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने आईटीआई को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, पाठ्यक्रम को अद्यतन करने, पाठ्यक्रम की अवधि की समीक्षा करने और आज की बाजार आधारित मांगों, विशेष रूप से उभरते क्षेत्रों और उदीयमान क्षेत्रों के लिए उनकी प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार और छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से पहलों पर चर्चा की।

# सीएमओ से दो लाख की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान यजुवेंद्र (38), गौरव जैन (36) और अमित गर्ग (38) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने हालही में अरुणा आसफ अली अस्पताल के सीएमओ के साथ ठगी की थी। पुलिस ने इनके पास से चार लैपटॉप, एक डेस्कटॉप, तीन वाई-फाई राउटर, नौ सिम कार्ड, सात मोबाइल फोन, कैश काउंटिंग मशीन, डेबिट कार्ड, दो चेक बुक, छह मोबाइल बॉक्स, 28 रजिस्टर और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि पुलिस स्टेशन साइबर में एक शिकायत मिली। शिकायतकर्ता डॉ. पीआर (अरुणा आसफ अली अस्पताल के सीएमओ) ने पुलिस को बताया कि शेयर मार्केट ट्रेडिंग कोर्स के लिए उनकी मुलाकात टेलीग्राम पर यजुवेंद्र सिंह नामक एक युवक से हुई। उन्होंने कोर्स फीस और व्हाट्सएप ग्रुप से शेयर मार्केट एडवाइजरी सेवाओं के लिए 12,500



रुपये का भुगतान किया। इसके बाद भविष्य में 5-7 प्रतिशत माह रिटर्न का वादा किया। लेकिन इसके बाद भी उन्हें काफी नुकसान हुआ। शिकायतकर्ता उनके जाल में फंस गए और उन्होंने 1.90 लाख रुपये की रकम ट्रांसफर कर दी। आरोपी उसने 2,02,500 रुपये ले चुके है। ठगी का पता चलने पर उन्होंने मामले की शिकायत पर पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित द्वार दिए गए मोबाइल नंबर व खाते के बारे में जानकारी जुटाई।

# 100 से अधिक लोगों को चूना लगा चुका आरोपी चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 100 से अधिक लोगों से दो करोड़ की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रेम वाधवा के रूप में हुई है। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। आरोपी ने चिटफंड कंपनी खोली और फिर लोगों का पैसा लेकर फरार हो गया था। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी सतीश कुमार की टीम ने बताया कि आरोपी को एसीपी नरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में एसआई रवि सैनी और एचसी राज आर्यन की टीम ने पकड़ा है। कुमार ने आगे बताया कि पुलिस को एक शिकायत मिली। शिकायत में उन्होंने बताया कि प्रेम वाधवा नामक एक शख्स लंबे समय से एक चिट फंड कंपनी चला रहा था। उसका ऑफिस श्रीनिवास पुरी में



था। आरोपी का साला हरीश लोगों को कंपनी में निवेश करने के लिए लाया करता था। कई सालों तक दोनों ने लोगों का पैसा जमा किया और फिर कारोनो के दौरान मार्च 2020 में प्रेम वाधवा कार्यालय बंद कर गायब हो गया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने 50 से ज्यादा लोगों के साथ ठगी की थी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। इसी बीच टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी पालमपुर हिमाचल प्रदेश में नाम बदलकर रह रहा है। टीम ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि 2007 में उसने इलाके में चिटफंड का कारोबार शुरू किया और यह कारोबार 2020 तक चला। इस दौरान वह आलीशान जीवनशैली जीने लगा और कर्ज में डूब गया, जिसके चलते आखिरकार वह चिटफंड का पैसा लेकर भाग गया था।

बस स्टैंड पर शेड न होने पर आरडब्ल्यूए ने ट्रांसपोर्ट मंत्री को लिखा पत्र...

# रोहिणी: तपती धूप में यात्री करते हैं बस का इंतजार

**ववीता चौहान**


**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रोहिणी सेक्टर-2 अवंतिका क्रॉसिंग के मेन कंझावला रोड पर बस स्टैंड पर शेल्टर न होने से यात्रियों को तपती धूप में खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता हैं। जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रोहिणी सेक्टर-2 ए-ब्लॉक की आरडब्ल्यूए का कहना है कि इस संबंध में एसो. ने ट्रांर्सपोर्ट मंत्री को पत्र लिखा है और बस स्टैंड पर शेल्टर लगवाने की मांग की है। वही साथ ही बताया कि यहां दोनों तरफ ही बस स्टैंड पर शेल्टर नहीं है जिसके चलते यात्री भीषण गर्मी में घंटों सड़क के बीच खड़े होकर बस का इंतजार करते नजर आते हैं। वही सेक्टर-एक की अवंतिका मार्केट में रोजाना दूर-दूर से सैंकडों की संख्या में ग्राहक खरीदारी के लिए आते है, जो आवाजाही करने के लिए बस का सहारा लेते है लेकिन बस स्टैंड पर शेल्टर न होने से बेहद ही परेशानी होती है।

वही बरसात में भी यात्रियों को सिर छुपाने की जगह नहीं मिलती है। बस से आवाजाही करने वाले



बात आरडब्ल्यूए की

लोगों का कहना है कि इस घनी आबादी वाले इलाके में बस शेल्टर नहीं है। पहले यहां बस शेल्टर होते थे। कुछ जर्जर होकर टूट चुके तो कुछ को उखाड़ा गए। उसके बाद अभी तक दिल्ली सरकार की ओर से लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नए बस शेल्टर नहीं बनवाए गए। ऐसे में लोगों को गर्मी व बरसात के दिनों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



यहां स्कूल, मार्केट और अस्पताल हैं, जहां अस्पताल में आने वाले मरीजों से लेकर ग्राहक व स्कूल के बच्चे आवाजाही करते है लेकिन इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

— **नारायण दत्त लखेड़ा**, अध्यक्ष आरडब्ल्यूए



बसों से यात्रा करने के लिए हजारों की तादाद में यात्री रोजाना आते हैं लेकिन स्टैंड पर शेल्टर के अभाव में यात्रियों को गर्मियों में तेज धूप व बारिश का सामना करना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती है।

— **ज्ञान चंद जैन**, महासचिव आरडब्ल्यूए

# रंजिश के चलते नाबालिग पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के वेलकम इलाके में रंजिश के चलते नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है। घायल की पहचान असद (17) के रूप में हुई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित असद, कर्दमपुरी की गली नंबर-1 में परिवार के साथ रहता है और छात्र है। शुक्रवार को वह खाने के लिए कबीर नगर में स्थित एक होटल में गया था। जैसे ही वह गली नंबर पांच में पहुंचा, तभी दो नाबालिगों ने उसे रोक लिया। इससे पहले वह कुछ समझ पाता दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

## सेंसेक्स, निफ्टी का नया रिकॉर्ड



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की तरफ से भारतीय बाजार में नए सिरे से निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। इसका असर यह हुआ कि एक दायरे में कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुए। यह बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 374 अंक उछलकर 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छू लिया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 92.30 अंक बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजारों ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाया। चुनावी नतीजों के बाद हासिल बढ़त को बाजार धीरे-धीरे बढ़ा रहा है। आगामी बजट को लेकर भी बाजार सकारात्मक प्रतिक्रिया दर्शा रहा है। उम्मीद है कि बजट में वृद्धि और लुभावने कदमों के बीच संतुलन रहेगा।'' रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है।

# विष्णु देव सरकार का मोदी की गारंटी पूरा करने पर जोर

● नक्सल प्रभावित जिलों के तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगी नकद राशि



**रायपुर,** (आशीष शर्मा): छत्तीसगढ़ में वनांचल क्षेत्र में राज्य सरकार अब तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान का नया फार्मूला लाने जा रही है। इसके तहत तेंदू पत्ता संग्राहकों को अब नगद राशि का भुगतान किया जाएगा।

हालांकि अब तक सीधे उनके खातों में राशि ट्रांसफर की जा रही थी। पूर्व के वर्षों में बस्तर के सभी जिलों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए राशि भेजी जा रही थी। राज्य सरकार ने फिलहाल नक्सल प्रभावित बस्तर अंचल के तीन जिलों बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा के दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क की अनुपलब्धता और संग्राहक आदिवासी परिवारों के बैंक खाते नहीं होने की वजह से यह सुविधा दी है।

नक्सल प्रभावित दूरस्थ क्षेत्र के गांव में बैंकों की सुविधा नहीं होने से उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले संग्राहको को नगद राशि देने का वादा किया था। सत्ता में आने के बाद मोदी की गारंटी के तहत इस वादे को भी पूरा कर दिखाया है। सरकार का तर्क है कि इन जिलों में बैंकों की शाखाएं तो है लेकिन वह प्रभावित गांव से काफी दूर है। इसलिए संग्राहक परिवारों को अपनी राशि लेने के लिए दूर तक जाने की मजबूरी थी। नई व्यवस्था के तहत इन तीन जिलों में लगने वाले हाट बाजारो में पात्र हितग्राहियों को सीधे नगद राशि दी जाएगी। बस्तर के हाट बाजार में लगातार आदिवासी पहुंचाते रहे हैं।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि आदिवासियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय दिया गया है। सभी जिलों में कलेक्टरों और वन मंडल अधिकारियों को 15 दिनों में भुगतान के निर्देश दिए गए हैं। यह राशि हॉट बाजार या उन स्थानों पर कैंप लगाकर सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी बाकायदा वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। चुनाव के दौरान बीजेपी ने बस्तर में तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा संग्रहण दर की राशि 5500 रुपये देने का वादा किया था। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान यह राशि 4000 रुपये थी।


Govt. of Bihar

## बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक प्रतिष्ठान)
वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय
कार्य प्रमंडल, आरा।
वेबसाईटः–http://www.brpnn.bihar.gov.in ईमेल spe-ara@brpnn.co.in,

**।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www. eproc.bihar.gov.in पर)

निविदा संख्या–470

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड/केन्द्रीय/राज्य सरकार/एम.ई.एस./सी.पी.डब्लू.डी./सार्वजनिक क्षेत्र के समुचित श्रेणी में निबंधित संवदेकों से **SBD** आधारित ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत निम्नलिखित ROB (पहुँच पथ सहित) निर्माण हेतु प्रतिशत दर (Percentage Rate) प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निगम में निबंधित कराना अनिवार्य होगा।

| क्र. | जिला | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) (अप्रत्यपर्णीय) | अग्रधन की राशि (लाख रू० में) | Bid Processing Fee (Online Payment) ( रू० में) (अप्रत्यपर्णीय) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बक्सर | बक्सर जिलान्तर्गत रघुनाथपुर – टूवीनिगंज रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित LC No -59B के बदले ROB ( पहुँच पथ सहित ) का निर्माण कार्य। | 4905.69 | 10,000/- | 59.06 | 5900/- | 24 माह |

| Sl. No. | Activity | Duration |
|---|---|---|
| 1. | Download date of bid documents | From - 28.06.2024 (10:00 Hrs.) to 08.07.2024(15:00 Hrs.) (www.eproc.bihar.gov.in ) |
| 2. | Pre-bid Meeting | 03.07.2024 at 15:00Hrs. (Meeting Hall of BRPNNL 7, Sardar Patel Marg, Patna – 800015) |
| 3. | Last Date/Time for submission/ uploading of offer/Bid | 09.07.2024 upto 15:00 Hrs. (www.eproc.bihar.gov.in ) |
| 4. | Date & time for opening of Technical Bid | 10.07.2024 at 15:30 Hrs. (www.eproc.bihar.gov.in ) |
| 5. | Date, time and place of opening of Financial Bid | To be informed later to technically qualified bidder. (www.eproc.bihar.gov.in ) |

6. निविदा की वैद्य अवधिः–बीड समर्पित की अंतिम तिथि से 120 दिन तक।
7. क्रमांक 2, 3, 4 एवं 5 (निविदा संबंधित तिथि) में किसी दिन अवकाश घोषित होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा तथा अलग से इसकी कोई सूचना नहीं दी जायेगी।
8. तकनीकी बीड में सफल संवेदकों का ही वित्तीय बीड सिर्फ वेबसाइट www.eproc.bihar.gov.inपर खोला जाएगा।
9. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को www.eproc.bihar.gov.inपर पंजीकृत होना होगा। यह उन्हें वेबसाइट (www.eproc.bihar.gov.in) से डाउनलोड करने/ ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अनिवार्य है।
10. ई–निविदा पत्र, अन्य नियम एवं शर्तें वेबसाईट (**www.eproc.bihar.gov.in**) से प्राप्त किया जा सकता है।
11. संवेदक द्वारा परिमाण विपत्र सिर्फ वेबसाईट से प्राप्त करने के उपरान्त वेबसाईट पर ही इलेक्ट्रानिक निविदा पत्र को भर कर अपलोड करना है। अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात परिमाण विपत्र का मूल्य/अग्रधन की राशि को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे शपथ पत्र (मूल में) बैंक गारण्टी (मूल में), अन्य आवश्यक कागजात एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।
12. किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शुद्धि पत्र को वेबसाईट www.brpnnl.bihar.gov.in एवं **www.eproc.bihar.gov.in** पर प्रकाशित किया जायेगा।
13. दस करोड़ से अधिक प्राक्कलित राशि होने पर **Joint Venture**भी मान्य है।
14. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने वाले पदाधिकारी को बिना कारण बताए निविदा की तिथि विस्तार, स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
15. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं पंजीकरण हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, बैंक ऑफ इण्डिया विल्डिंग, प्रथम तल्ला, एम०/**22**, श्री कृष्णानगर, रोड नं० –**25**, पटना (दूरभाष संख्या-**0612-2523006**, मो०नं०–**7542028164**) से सम्पर्क किया जा सकता है।
16. विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाइट www.brpnnl.bihar.gov.in/state.bihar.gov.in/**prdbihar** पर देखा जा सकता है।
17. निविदा **Download/Upload** की तिथि एवं समय पर **Network Failure** हेतु निगम की जिम्मेवारी नहीं होगी।
18. अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक–29 दिनांक–25.01.2021 द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में संवेदक को संबंधित जिला पुलिस अधीक्षक से निर्गत चरित्र प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**सम्पर्क पदाधिकारी का नामः–**
1. वरीय परियोजना अभियंता, मो.नं.–9471006346
2. परियोजना अभियंता,मो.नं.–9471004827

वरीय परियोजना अभियंता
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड
कार्य प्रमंडल, आरा।

PR- 001816 ( B & C ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


अर्थजगत

# दालों में वृद्धि, तेल-तिलहन व चीनी में मंदी का रुख

**नई दिल्ली,** (एनएनएस)। स्टॉकिस्टों की हल्की-फुल्की लिवाली निकलने से अरहर रंगून तथा देशी महाराष्ट्र में 50-60 रुपए, चना खड़ी मोटर राजस्थान तथा एमपी में 25-25 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई। तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली कमजोर पड़ने सरसों तथा चावल तेल पंजाब में 50-50 रुपए और बिनौला मिल डिलीवरी में 20 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। चीनी बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली कमजोर ही बनी होने से विभिन्न मिलों की चीनी में 5-30 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई।

**अनाज-दाल** : गेहूं: एमपी देशी 3650/3850, दड़ा (मिल पहुंच) 2650/2652, चक्की (पहुंच) 2655/2660, आटा चक्की (10 किलो)(जीएसटी सहित) 300/310, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1450/1455, मैदा (50 किलो) 1490/1500, सूजी (50 किलो) 1500/1510, चोकर (48 किलो)1120/1130, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 10400, शरबती सेला 4700/4800, स्टीम 5200/5500, (1121 नं.) चावल सेला 7600/7800, स्टीम 8600/8800, बासमती (1718) सेला 7500/7600, बाजरा: कैटलफीड 2250/2260, ज्वार: पीली 2400/2500, सफेद 3350/3400, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 9800/11300, बढिय़ा 11600/12200, धोया लोकल 10300/11400, दाल मूंग: छिलका 9500/9800, बढिय़ा 10300/11600, दाल मसूर: लोकल 8100/ 8200, बढिय़ा 8300/8500, मलका: लोकल 7700/7900, बढिय़ा 8000/8200, मोठ 6600/6625, अरहर: रंगून 11800/11810, दाल अरहर: दड़ा 15200/15600, पटका 16000/ 16400, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 7125/7150, एमपी 7100/7125, चनादाल: लोकल 8000/8050, राजमा चित्रा: चीन 11200/12900, ब्राजील 12400/13000, राजमा भूटान 10300/10600, काबली चना: छोटा 7500/8000.

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3850, सिंभावली 3860, शामली 3860, मोदी 3860, देवबंद 3880, किनौनी 3920, बुढ़ाना 3850, खतौली 3880, मवाना 3850

**गुड़-शक्कर** : गुड़ पेड़ी 4400/4500, चाकू 4400/4500, ढैया 4500/4600, शक्कर 4900/5000, खांडसारी 5300/5400

**तिलहन और तेल:** सरसों 5800/5850, खली एक्सपेलर: सरसों 2800/3000, बिनौला 3350/3500, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15900/16000, सरसों 26000/ 26300, सोयाबीन पीला 43000/43500, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/2800, सरसों तेल (टीन) 1800/2000, सरसों एक्सपेलर 11400, तिल तेल 14800, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 10400, सोया तेल डिगम्ड 9450, (टीन) 1600/ 1700, सनफ्लावर 1650/1700, गोला तेल (टीन) 2650/2750, अखाद्य तेल: राइस फैट्टी 7950/8000, सोया एसिड ऑयल 6600/6650, अरंडी 11800/11900.

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 70400, (10 एमएम) 69300, (12 एमएम) 66900, (16-25 एमएम) 68100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 386, (10) 592, (12) 836, (16) 1488, ( 20 एमएम) 2327, (25 एमएम ) 3632, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 70200, (10 एमएम)68500, (12 एमएम) 67600, (16-25 एमएम) 67300, (32 एमएम) 66700, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 70000, (10) 68000, (12) 67500, (16-25) 67500, (32) 67500, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 70300, (10) 68600, (12) 67600, (16-25) 66700, (28-32) 66800, बिरला (8 एमएम) 69800, (10 एमएम) 66800, (12 एमएम) 67200, (16-25 एमएम) 66800, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 69800, (10 एमएम) 68700, (12 एमएम) 67300, (16-25 एमएम) 67000, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 69200, (10 एमएम) 68700, (12 एमएम) 67400, (16-25 एमएम)67500, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 56000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 58200, जयभारत 55000, अनमोल 55000, बिरला 57300, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 56000, अनमोल 56000, टी-आयरन: राना 56000, (बिलट): (ढाई से 3 इंच) 46400, (साढ़े 3 इंच) 47400, (4 इंच) 47800, (5 इंच) 47700, (छ: इंच) 47700, स्क्रैप: पुरानी 40500, मैल्टिंग स्क्रैप 42500, इंगट 47000, राउंड 52500.

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 101.50, देशी मुलायम 188/206, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 188/206, चार प्रतिशत 193/210, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 551, रेडिएटर देशी 370, रेडिएटर विदेशी 370, चादरी देशी 521, पुर्जे स्क्रैप 509, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2850, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 265, एजेड 269, आईजेड 262, आईजे 264,पीएमआई 228, ड्रास (ढीमा) 205, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1500, (8&8) 1505, (4&24) 1510, नार्वे (4&4) 1520, (4&24) 1525, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 781, भट्ठी 779, सीसी 860, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 235, शीट कटिंग 217, वायर स्क्रैप 221, बर्तनफूट 185.50, पुर्जाफूट 183, रॉड: लोकल 240, कम्पनी 254.

## कल क्या होगा?



**गुरुवार** ज्येष्ठ सुदी त्रयोदशी को गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, मक्की, बाजरा, बारीक चावल, देशी घी, दूध पाउडर, देसी चना, राजमा चित्रा, उड़द, तुअर, अजवायन, कालीमिर्च, लौंग, पोस्तदाना, अमचूर, चीनी, हीरा, रूई, सूत, कपास, बारदाना, शिकाकाई, रीठा में तेजी आयेगी तथा सरसों, सोयाबीन सीड व इसके तेल एवं डीओसी, पाम ऑयल, काबुली चना, ग्वार, ग्वारगम, बारीक चावल, मसूर, मूंग, मोठ, पिस्ता, गुड़, असगंध, आंवला, इमली, सौंफ, लालमिर्च, जीरा, हल्दी, कलौंजी, बादाम, सोना, चांदी, हीरा, जवाहरात, शेयर में मंदी रहेगी। भाग्यांक 4-5-7-9 है। यात्रा विचार- उत्तर दिशा की ओर 9.54 बजे पूर्वाहन के बाद यात्रा शुभ होगी।

# बीते वित्त वर्ष में डिजिटल कर्ज 49% बढ़ा, 1.46 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए

**मुंबई,** (भाषा) : डिजिटल ऋण देने वाली 37 सदस्य इकाइयों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.46 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए और इसमें सालाना आधार पर 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई। डिजिटल ऋण को लेकर व्यापक चिंताओं के बीच उद्योग निकाय फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ये सभी 37 इकाइयां एफएसीई की सदस्य हैं। एफएसीई के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में दिए गए ऋणों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़कर 10 करोड़ से अधिक हो गई।

गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल ऋणदाताओं के कुछ व्यवहार पर चिंता जताई है और उनके संचालन के लिए दिशानिर्देश का मसौदा भी तैयार किया है। एफएसीई के मुख्य कार्यकारी सुगंध सक्सेना ने बयान में कहा-डिजिटल ऋण क्षेत्र ग्राहकों पर ध्यान देते हुए अनुपालन, जोखिम प्रबंधन और टिकाऊ व्यापार मॉडल के आधार पर जिम्मेदारी से आगे बढ़ रहा है।

उद्योग निकाय के आंकड़ों के अनुसार, मार्च तिमाही में इन कंपनियों ने कुल 40,322 करोड़ रुपये के 2.69 करोड़ ऋण जारी किए।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 4.62 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आयकर विभाग ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी। यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है।

**अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 17 जून तक 53,322 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया है। यह पिछले साल इसी अवधि के दौरान जारी किए गए रिफंड से 34 प्रतिशत अधिक है। इस साल एक अप्रैल से 17 जून के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) सालाना आधार पर 22.19 प्रतिशत बढ़कर 5.16 लाख करोड़ रुपये रहा।

# करोड़ों रुपए की जमीन पर चलाया बुलडोजर



**नोएडा,** (पंजाब केसरी): नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम. अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। सीईओ ने अवैध अतिक्रमण अभियान को गति देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत हर रोज प्राधिकरण की टीम बुलडोजर चला कर तोड़फोड़ कर रही है। मंगलवार को भी सेक्टर 115 स्थित सोरखा गांव में वर्क सर्किल 6 की ओर से करोड़ों रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। कब्जादरों और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत वर्क सर्किल-6 की टीम ने सोरखा गांव में खसरा संख्या-388 पर अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाया है। यहां पर नोएडा प्राधिकरण ने अपना बोर्ड लगा दिया है। सरकारी काम में बाधा डालने पर कब्जादार पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर दोबारा यहां निर्माण किया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. ने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। सीईओ ने सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अधिसूचित एरिया में जहां भी अतिक्रमण हो रहा हो उसको तोड़ दिया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इन कॉलोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न लगाएं। अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी रहेगी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, देवघर

**ई–अल्पकालीन निंविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–अल्पकालीन निंविदा संख्या :– **02/2024-25/RWD/EE/DEOGHAR** दिनांक–**18.06.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD EE/DEOGHAR /SRPKG/01/ 2024-25 | 1 | तारापुर मोड़ से दनरबाद सीमा भाया जॉत नीचे टोला तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0–2.00 कि0मी0) | 12,52,70,300.00 | बारह करोड़ बावन लाख सत्तर हजार तीन सौ मात्र। | 15 महीना | प्रथम |
| | | 2 | कानो मदरसा मोड़ से घावाटॉड़ तक पथ का सुदृढीकरण कार्य। (लं0–1.260 कि0मी0) | | | | |
| | | 3 | पी0डब्लू0डी0 सड़क से मीना बाजार पुल तक भाया टिटेहियाबॉक तक पथ का सुदृढीकरण (लं0–1.810 कि0मी0) | | | | |
| | | 4 | मदनकट्टा से बुढ़ीकुरा मोड़ तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0–5.00 कि0मी0) | | | | |
| | | 5 | पी0डब्लू0डी0 पथ करौं से चोरबरिया तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0–2.800 कि0मी0) | | | | |
| | | 6 | नोनीयाद से कुसमाहा तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0–2.400 कि0मी0) | | | | |
| | | 7 | लालगढ़ से देन तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0–1.520 कि0मी0) | | | | |
| | | 8 | पटवाबाद मुख्य पथ से कारीकादो तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0–5.00 कि0मी0) | | | | |

(1). बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.06.2024
(2). ई0 निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि – 19.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक
(3). निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.07.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
(4).निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रा0 कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर। निविदा संबंधी शेष अन्य सभी शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर

PR 326799 Rural Development(24-25)#D



## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर
## जिला परिषद बिल्डींग, सत्संगनगर, देवघर

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन निविदा संख्याः- **01/2024-25/RWD/EE/DEOGHAR** दिनांक :- **18-06-2024**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/EE/ DEOGHAR/01/ 2024-25 | ग्राम बलथर पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से कपसिया मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं0–4.00 कि0मी0) | 3,54,76,900.00 | तीन करोड़ चौवन लाख छियत्तर हजार नौ सौ मात्र। | 18 माह | प्रथम |
| 2. | RWD/EE/ DEOGHAR/02/ 2024-25 | संग्राम लोढ़िया मुख्य पथ से मालपुर, मिश्रजमुआ तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.50 कि0मी0) | 2,16,80,000.00 | दो करोड़ सोलह लाख अस्सी हजार मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 3. | RWD/EE/ DEOGHAR/03/ 2024-25 | चरकी पहाड़ी मुख्य पथ से गिधापाथर होते हुए छोटा धवाना तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.00 कि0मी0) | 2,14,06,500.00 | दो करोड़ चौदह लाख छः हजार पॉच सौ मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 4. | RWD/EE/ DEOGHAR/04/ 2024-25 | घाटघर मोहबदिया मुख्य सड़क से बाघापाथर तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.750 कि0मी0) | 1,70,52,900.00 | एक करोड़ सत्तर लाख बावन हजार नौ सौ मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 5. | RWD/EE/ DEOGHAR/05/ 2024-25 | आर0ई0ओ0 रोड गोन्दलबाड़ी से भुरकुण्डा तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.620 कि0मी0) | 1,39,76,200.00 | एक करोड़ उन्चालीस लाख छियत्तर हजार दो सौ मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 6. | RWD/EE/ DEOGHAR/06/ 2024-25 | स्बेजोर मध्य विधालय से ठाढीलपरा भाया दुलीडीह तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.150 कि0मी0) | 3,08,95,100.00 | तीन करोड़ आठ लाख पन्चानबे हजार एक सौ। | 15 माह | प्रथम |

(1). बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.06.2024
(2). ई0 निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि – 19.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक
(3). निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.07.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
(4). निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रा0 कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर। निविदा संबंधी शेष अन्य सभी शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, देवघर

PR 326796 Rural Development(24-25)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्याः– **10/RII/2023-24/RWD/KHUNTI,** दिनांक– **18.06.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.योजना का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-07/ 2023-24 | खूँटी | 1. L033- रेवा से मान्हु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.052 कि०मी०) | 10,97,57,200.00 (दस करोड़ संतानबे लाख संतावन हजार दो सौ रू० मात्र।) | 21,96,000.00 (इक्कीस लाख छयानबे हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | तृतीय। |
| | | खूँटी | 2. L056-T04 से डबगमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.000 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 3. L037- चुकरू से अक्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.400 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 4. L028- बाँधटोली से सागाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 1.600 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 5. बरकॉरगी हेसाग से फुदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.100 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 6. कालामाटी से सफायर स्कूल भाया डुँगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.150 कि०मी०) | | | | |
| 2 | RWD-KHU-STPKG-08/ 2023-24 | खूँटी | 1. टोटादाग से पिरीहातु भाया पतराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.200 कि०मी०) | 12,90,78,700.00 (बारह करोड़ नब्बे लाख अठहत्तर हजार सात सौ रू० मात्र।) | 25,82,000.00 (पच्चीस लाख बिरासी हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | तृतीय। |
| | | खूँटी | 2. L023 लांदुप से बान्डीह पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.960 कि०मी०) | | | | |
| | | खूँटी | 3. बेलाहाथी से खूँटी पुलीस लाईन तक पहुँच पथ का का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.200 कि०मी०) | | | | |
| | | तोरपा | 4. तोरपा (दियांकेल) से सरनाटोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.750 कि०मी०) | | | | |
| | | तोरपा | 5. केतारी मोड़ से सोनपुरगढ़ पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–10.790 कि०मी०) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 24.06.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 16.07.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 18.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 326733 Rural Work Department(24-25)#D

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New
CMYK



# पंजाब केसरी क्लासीफाइड

## पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (19.06.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 480/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है।
1250396

## व्यापार

**Vyapar me ghata,** kaam me rukavat, karz se pareshan grah kalesh jaise samasya ka samadhan Ghar baithe krwaye
9773751423, 7042320564
7000003

## गुमशुदा

गुमशुदा



श्री मोहन राज मिंज
c/o श्रीमती अगाथा मिंज
उम्र-67, रंग-गोरा कद-5 फुट 5 इंच जो नीली पैंट और नीली शर्ट पहने हुए अपने घर बैगाटोली, कालिबा, जशपुर, छत्तीसगढ़-496225 से पिछले तीस सालों से लापता है। कृपया नीचे दिए गए मोबाइल संख्या 9643687558, 8851561708 पर सूचित करें।

## खोया-पाया

**I, Rajesh Kumar** S/o Jaikant R/o H-40A, Blk-D, Street No. 15, Dass Garden Baprola Vihar New Delhi-110043. I have lost my Document's 10 th Class Marksheet CBSE Board Roll No. 8737583 (Year-2014), ITI Jafarpur Ch Brahm Prakash Plumber Trade Mark Sheet Roll No. 1017209148 (Year-2018), IGNOU BPP Mark Sheet Roll No. 166424050 (Year-2017).
1253747

**I, Rajni Singla** Designated Partner of Aayaan Structures LLP, inform that we have lost/misplaced the Original Sale Deed No.16867, dated 30-03-2022, executed between Om Parkash etc. (Seller) and Aayaan Structures LLP(Buyer) and Original Sale Deed No.536, dated 15-04-2022, executed between Rajpal etc. (Seller) and Aayaan Structures LLP (Buyer) and after diligent search not traceable. In this regard we have lodged the FIR with the LR No:1804888/2024, If anybody found please contact on 9501720119.
7000001

**I, Neeraj Kumar** Singla Designated Partner of Ovamax Space LLP, inform that we have lost/misplaced the Original Sale Deed No.10955, dated 27-02-2023, executed between Santosh etc. (Seller) and Ovamax Space LLP(Buyer), and after diligent search not traceable. In this regard we have lodged the FIR with the LR No: 1804814/ 2024, If anybody found please contact on 9501720119.
7000002

## नाम परिवर्तन

**I, Alka W/o Amit** Sharma R/o Flat No. 166, Swastik Kunj Apartment, Plot No. 29, Sector-13, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Alka Sharma after marriage for all purposes.
7000004

**I, Shwetang** Tandon S/o Aseem Tandon R/o H.No. 47, Bakshi Nagar, Jammu, Jammu And Kashmir-180001 have changed my name to Shwetang Kumar Tandon.
7000005

## नाम परिवर्तन

**I, Nakul Bishit S/o** K.B. Bisht R/o 387-B, Shakti Khand-I, Indirapram, Ghaziabad, U.P.-201014, have changed my name to Nakul Bisht for all purposes.
1253750

**I, Parasram Singh** Lodhi S/o Ram Gopal R/o 3872/12, Kanhaiya Nagar, Tri Nagar, Delhi-110035 have changed my name to Paras Ram for future purposes.
1253751

**मैंने अपने पुत्र मोहम्मद** असद (MOHD ASAD) का नाम बदलकर करके मोहम्मद असद मंसूरी पुत्र नबी हसन (MOHD ASAD MANSOORI S/o NAVI HASAN) रख दिया है भविष्य में पुत्र को मोहम्मद असद मंसूरी, निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद के नाम से जाना पहचाना जाए। 1253749




**I, Mini D/o Shiv** Shankar R/o Khasra No. 159, Gali No.5/11, Samta Vihar, Part-2, Mukund Pur, North West, Delhi-110042 have Changed my name From Kiran to Mini for all future purposes. Mini and Kiran are the names of one and the same person. 1253748

**I, Manoj Kumar** S/o Bodan Singh R/o Flat No.601, Plot No.17, The Amazing Raj Villas, Sec-2, Ballabgarh, Faridabad, Haryana-121004 have changed my minor daughter's name from Aditi to Aditi Rao. 1253753

**I, Tina Singha D/o** Sumit Kumar Singha R/o 404, BT12, Omaxe Heights, Sector 86, Faridabad, have changed my name to Tina Singh.
1253752

**I, Anil Kumar S/o** Moti Ram Singhal R/o C-14, Millenium Appartment, Sector-18, Rohini, Delhi-110089, have changed my name to Anil Kumar Singhal.
1253757

**I, Manisha** Shrivastava W/o Anshul Sinha R/o G1/1102, Near Tila Mod, Bharat City, Ghaziabad, U.P.-201102, changed my name to Manisha Srivastav. 1253754

**I, P Basant Kumar** S/o Parasmal Kawad R/o 9/10 First floor Nehru Enclave, East Kalkaji, Aali, South Delhi-110019, have changed my name to Basant Kumar for all purpose. 1253755




**I, Sachin Kumar** S/o Brij Mohan R/o 4614, Deputy Ganj, Sadar Bazar, Delhi 110006 has changed my name from Kumar Sachin to Sachin Kumar for all future purposes. 1253756

**I, Rajesh Kumar** Singhal S/o Moti Ram Singhal R/o C-14, Millenium Apartment, Sector-18, Rohini, Delhi-110089, in my passport my father and mother name was written as Moti Ram Singla and Kalawati Devi, whereas correct names are Moti Ram Singhal and Kalawati Devi Singhal.
1253758

## सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**

My Clients "Smt. Vidya Saini W/o Late Sh. Ram Saini R/o H.No. 1471, Wazir Nagar, Kotla Mubarakpur, New Delhi-110003 has debarred and disowned her son namely Manoj Saini and his wife namely Suman Saini and their children Harshita Saini and Harsh saini from her all movable and immovable properties due to their ill/bad behavior towards my client, and severed all relation with them and further declare that whomsoever deal and concern with them will be at his/her own risk.Sd./- RAKESH KUMAR (Advocate)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Deepak Gupta is the owner of Entire Third Floor with roof rights, "Said Floor", Built on Property Bearing No. 33, area measuring 209.68 Sq. Yds., in Block- AB, Situated in the layout plan of The Mianwali Distt. C.H.B.S. Ltd., Delhi known as Mianwali Nagar Delhi, New Delhi; vide a Relinquishment Deed dated 05.01.2023, Registration No. 121, executed by Mrs. Raj Bala Gupta, Mr. Shalu Bansal, Mrs. Pooja Bansal, Mrs. Nishu Goyal, Mrs. Saloni Gupta, Mrs. Nitika Mittal alias Mrs. Nikita Gupta all legal heirs of late Mr. Ramesh Chand Gupta, All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said floor and intend to obtain loan from our client against the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, 2nd Flr., 23 Shivaji Marg, Moti Nagar, N.Delhi-15
legal@knalegal.com Ph: 011-41112527-28

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, बहादुरगढ़**
**सार्वजनिक सूचना**

विषय: प्लाट नं. 1434, सैक्टर-2, बहादुरगढ़ की अलॉटी श्रीमती छोटो देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 31/665, छिक्कारा कॉलोनी, बहादुरगढ़, हरियाणा की मृत्यु के बाद 100% भाग की मलकियत बदलवाने हेतु। छोटो देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश रिकार्ड के अनुसार उपरोक्त प्रोपर्टी के 100% भाग की मालिक हैं जिनकी मृत्यु दिनांक 29.08.2023 को हो चुकी है। और उनके द्वारा कोई रजिस्ट्रड या अनरजिस्ट्रड वसीयत नहीं दी गई है। देवेन्द्र पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा निवासी मकान न0 1434, सैक्टर 2 बहादुरगढ़, हरियाणा ने उपरोक्त प्रोपर्टी की मलकियत बदलवाने हेतु आवेदन किया है। यदि इस विषय में किसी व्यक्ति को कोई ऐतराज है तो सूचना प्रकाशन के 30 दिन के भीतर सम्पदा कार्यालय हशविप्रा, बहादुरगढ़ को लिखित रूप से संपर्क करें। अन्यथा यह प्लाट की मलकियत हशविप्रा पॉलिसी के अनुसार तबदील कर दी जायेगी।
हस्ता./-वारिसान

**सार्वजनिक सूचना**

विषय- मकान नंबर 267 सेक्टर-4 रेवाड़ी के मालिक श्री वेदप्रकाश पुत्र नवनीत लाल के देहांत के बाद मालिकाना हक ट्रांसफर कराने बारे।
श्री वेदप्रकाश उक्त मकान का मालिक था। श्री वेदप्रकाश की मृत्यु 15.08.2020 को हुई थी। श्री वेदप्रकाश की पत्नी कमल मनोचा की मृत्यु भी 19.08.2020 को हो चुकी थी। वेदप्रकाश अपने पीछे किसी भी प्रकार की पंजीकृत व अपंजीकृत विल (Will) नहीं लिखकर गए हैं। श्री वेदप्रकाश की मृत्यु के बाद उनके कानूनी वारिस निम्न हैं:- (1) मोहित (पुत्र), (2) सौरभ मनोचा (पुत्र)।
श्री मोहित व सौरभ मनोचा पुत्रान स्व० श्री वेदप्रकाश निवासी 6736/37 गुड़िया सराय रेवाड़ी, तहसील व जिला रेवाड़ी ने उक्त मकान की मलकियत अपने नाम तब्दील की प्रार्थना हुड्डा कार्यालय में की है।
उक्त प्लॉट की मलकियत को श्री मोहित व श्री सौरभ मनोचा पुत्र स्व० श्री वेदप्रकाश के नाम किए जाने की बाबत किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में कार्यालय सम्पदा अधिकारी हुड्डा रेवाड़ी में जमा कराए। उक्त समय अवधि में कोई एतराज न मिलने पर उक्त मकान श्री मोहित व श्री सौरभ मनोचा पुत्र स्व० श्री वेदप्रकाश के नाम कर दिया जाएगा। जिसकी भविष्य में इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
कानूनी वारिस- मोहित व सौरभ मनोचा
मार्फत सम्पदा अधिकारी

**अपने विज्ञापन के लिए चुनिए सही शीर्षक**

- पोल्ट्री
- सेमिनार एण्ड कान्फ्रेंस
- अनुसंधान एवं विकास
- पत्र-पत्रिकाएँ
- कुत्ते-पिल्ले
- इंटरनेट-वेब
- ऋण संबन्धी
- फिल्म/माडलिंग
- फोटोस्टेट
- फोन/फैक्स
- गीत-संगीत
- नग-नगीने
- भगवती जागरण

## पाठकों को परामर्श

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

# यौन शोषण का मास्टरमांइड गोरखपुर से गिरफ्तार

## मुजफ्फरपुर कॉल सेंटर कांड नौकरी देने के नाम पर किया युवतियों का यौन शोषण



- इन्कार करने पर महिलाओं को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा भी जाता था
- एक पीड़िता का वीडियो हुआ वायरल

**मुजफ्फरपुर,** (पंजाब केसरी): मुजफ्फरपुर में नौकरी का झांसा देकर यौनशोषण मामले में बिहार पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस पूरे मामले के मुख्य आरोपी तिलक सिंह को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। फिलहाल तिलक सिंह से सख्ती से पूछताछ जारी है।

गौरतलब है कि बिहार के मुजफ्फरपुर में नौकरी देने के नाम पर कई लड़कियों की इज्जत लूटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। नौकरी का झांसा देकर इज्जत लूटने की ताजा घटना आपको हिला कर रख देगी। मामला जिला के अहियापुर इलाके का है, जहां पर कई लड़कियों को नौकरी देने का झांसा देकर बंधक बनाया गया। उनके साथ मारपीट की गई और यौन शोषण भी किया गया।

अब इस पूरे प्रकरण को लेकर छपरा की एक पीड़िता ने अहियापुर थाने में मामला दर्ज कराया है। यही नहीं बल्कि पिटाई का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमे पीड़िता को बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की गई है। पीड़िता ने बताया कि फेसबुक पर महिलाओं के लिए जॉब ऑफर के पोस्ट के माध्यम से वह डीवीआर संस्था से जुड़ी जहां अप्लाई करने पर चयन होने के बाद प्रशिक्षण के नाम पर रु.20000 की मांग की गई। बताया गया कि 20000 जमा करने के बाद बहुत सारी लड़कियों के साथ आयी अहियापुर थाना क्षेत्र में ही पास में ही रखा गया। लगभग 3 महीना तक गुजर जाने के बाद भी जब सैलरी नहीं मिली तो उसने संस्था के एक अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी, तब उसे यह बताया गया कि 50 और लड़कियों को संस्था से जोड़ने पर उसकी सैलरी 50 हजार कर दी जाएगी। जब उसने बताया कि वह 50 और लोगों को जोड़ने में असमर्थ है और इसी बीच अहियापुर स्थित संस्था के कथित दफ्तर और हॉस्टल पर पुलिस की छापेमारी हुई, जहां से बहुत सी लड़कियों को पुलिस ने छुड़ाया भी लेकिन छापेमारी की भनक के मिल जाने से सीएमडी तिलक सिंह ने उसे और अन्य लोगों को हाजीपुर शिफ्ट करा दिया गया है, जहां उसके साथ जबरदस्ती तिलक सिंह ने विवाह कर लिया। पीड़िता का कहना है कि मुजफ्फरपुर रहते हुए भी तिलक सिंह ने उसके साथ जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया था। उस दौरान वह गर्भवती हुई थी, जिसे तिलक सिंह द्वारा नुकसान करा दिया गया था।

उसने बताया कि हाजीपुर में रहते हुए जब मायके जाने की जिद की तो उसे जबरदस्ती मारपीट कर चुप कर दिया जाता था। इस बीच कंपनी के चिट फंड होने का उसे एहसास हो गया था तो उसने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराना मुनासिब समझा क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि जैसे उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया गया, वैसे किसी अन्य लड़कियों के साथ यह खिलवाड़ जारी रहे।

## मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त पुलिसकर्मी बर्खास्त होंगे : मान



**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी) : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त पाए गए पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया जाएगा तथा तस्करों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। मान ने राज्य में निचले स्तर के पुलिस अधिकारियों एवं तस्करों के बीच 'साठगांठ' को तोड़ने के लिए इन कड़े कदमों का ऐलान किया।

मान ने राज्य में बड़े पैमाने पर निचले स्तर के पुलिस अधिकारियों के तबादले की भी घोषणा। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को मजबूत करने के लिए 10,000 और पुलिसकर्मियों की भर्ती की जाएगी। यहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि पुलिस विभाग में शीघ्र ही सुधार नजर आयेंगे।

# पति का एक्सीडेंट कराया, नहीं मरा तो गोली मरवाकर ठिकाने लगवाया



**पानीपत,** (पंजाब केसरी) : पानीपत में परमहंस कुटिया के पास साल 2021 में हुए विनोद बराड़ा की हत्या के मामले को सुलझाने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने मृतक विनोद की पत्नी निधि उसके प्रेमी सुमित और देव सुनार नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हत्या के इरादे से पहले विनोद का एक्सीडेंट करवा गया पर वह बच गया। इसके बाद गोली मारकर उसकी हत्या करवा दी गई. इस हत्या में शामिल तीनों आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि थाना शहर में वीरेंद्र पुत्र देसराज ने दिंसबर 2021 में अपनी शिकायत में पुलिस को बताया था कि उनका भतीजा विनोद सुखदेव नगर में हॉरट्रोन नाम से कंप्यूटर सेंटर चलाता था। 5 अक्तूबर 2021 की शाम विनोद परमहंस कुटिया के गेट पर बैठा था. तभी एक पंजाब नंबर की गाड़ी ने उसे सीधे टक्कर मार दी। इस घटना में विनोद की दोनों टांगे टूट गई थीं. इसके बाद उन्होंने स्थानीय थाने में आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी देव सुनार उर्फ दीपक निवासी भटिंडा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया था। घटना के करीब 15 दिन बाद देव सुनार समझौते के लिए उसके पास आया पर उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद वो अंजाम भुगतने की धमकी देकर चला गया था। इसके बाद देव सुनार 15 दिसंबर 2021 को देसी पिस्तौल लेकर सुमित के घर पर आया और अंदर घुसकर दरवाजा बंद कर कुंडी लगा दी। यह देख विनोद की पत्नी ने शोर मचाया तो वह अपने बेटे यश और पड़ोसी के साथ विनोद के घर पहुंचे।

# हरियाणा के 16 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 335 करोड़



**करनाल,** आशुतोष गौतम(पंजाब केसरी)। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के 16 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मात्र एक क्लिक से 335 करोड़ रूपए की राशि जमा करवाई है। यह राशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त के रूप में जमा करवाई गई है। इस योजना से छोटी जोत वाले 80 प्रतिशत किसानों को फायदा मिल रहा है।

इस राशि से किसान फसलों के लिए दवाई, बीज खरीद सकता है और इसके लिए अब किसानों को किसी के उपर निर्भर नहीं रहना पड़ता। अहम पहलू है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही अपनी पहली कलम से देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपए की राशि जमा करवाई गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह मंगलवार को एनडीआरआई करनाल के सभागार में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा, कृषि विज्ञान केन्द्र व एनडीआरआई के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 17वीं किश्त जमा करवाने करने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके बाद वाराणसी उतर प्रदेश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये की राशि जमा करवाई। इसमें से हरियाणा प्रदेश के 16 लाख किसानों के खाते में 335 करोड़ रूपए की राशि जमा हुई है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संबोधित किया और 30 हजार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कृषि सखियों को प्रणाम पत्र भी वितरित किए।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

**अल्पकालीन ई.-निविदा सूचना :** निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग माध्यम से निविदाएं निर्धारित तिथि समय दोपहर 12.00 तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15.00 बजे ई-पोर्टल पर खोली जाएंगी। निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टैण्डर वैबसाइट www.etender.up.nic.in एवं www.pvvnl.org पर उपलब्ध करायी जाएगी। विस्तार से सभी जानकारी हेतु उक्त साईट पर लॉग ऑन करें। निविदा शुल्क रु. -1000+ अनुमन्य कर (अप्रतिदेय), धरोहर राशि अं.रु.-2000/-, निविदा खोले जाने की निर्धारित तिथि 05.7.2024, ई.नि.सं.-14/2024-25 वि.वि.ख.- गढ़ क्षेत्र में टूटे पोल/लाईन इत्यादि बदलने सम्बन्धी कार्य, ई.नि.सं.-15/2024-25 वि.वि.ख.- गढ़ क्षेत्र में कांवड़ यात्रा पर सुरक्षा के दृष्टिगत एस.टी.पी. पोलों के इन्सुलेशन सम्बन्धी कार्य, ई.नि.सं.-16/2024-25 वि.वि.ख.- गढ़ क्षेत्र में कांवड़ यात्रा पर सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत लाईन सम्बन्धी कार्य, "राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" हस्ता./- अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल हापुड़, पत्रांक : 1363, दिनांक : 18.06.2024.

## गैंगस्टर के मुकदमे में फरार बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा बरामद किया। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोमल निवासी गांव नफजरगंज झांसी के रूप में हुई है। यह वर्तमान में नई बस्ती नंदग्राम गाजियाबाद में रह रहा था। आरोपी कोमल अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता था। ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस ने बदमाश के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। गैंगस्टर के मुकदमे की जांच कर रही सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया है।

## यीडा निकालेगा 10 हजार फ्लैटों और प्लाटों की योजना

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): घर का सपना देखने वाले हजारों लोगों के लिए यमुना प्राधिकरण 10 हजार से ज्यादा फ्लैटों और प्लॉटों की योजना निकालेगा। इसके लिए 22 जून को होने वाली प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में आवासीय और भूखंड की योजना के प्रस्ताव पर मंथन किया जाएगा। पहले यह बैठक 21 जून को प्रस्तावित थी, लेकिन चेयरमैन की व्यस्तता के कारण अब एक दिन बाद होगी। इसमें जेपी एसोसिएट्स के निरस्त प्लॉट बहाल कराने के लिए 200 करोड़ रुपये की पहली किश्त जमा करने का भी प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा।

## हिमाचल में खुला नौकरियों का पिटारा

**शिमला,** विक्रान्त सूद (पंजाब केसरी) : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में पुलिस विभाग में आरक्षी (कांस्टेबल) के 1226 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतमत आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की गई। इस छूट के साथ अब सामान्य वर्ग के उम्मीदवार 18 से 26 वर्ष की आयु तक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, गोरखा, प्रतिष्ठित खिलाड़ी 18 से 28 वर्ष तक और होमगार्ड 20 से 29 वर्ष की आयु तक पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद की भर्ती के लिए पात्र होंगे।

मंत्रिमण्डल ने नौनिहालों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग में 6297 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6630 से अधिक पद सृजित कर इन्हें भरने को स्वीकृति प्रदान की।

# बिहार में नवनिर्मित पुल का हिस्सा ढहा, कोई हताहत नहीं



**अररिया (बिहार),** (पंजाब केसरी): बिहार के अररिया जिले में बकरा नदी पर नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढह गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) द्वारा 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस पुल को लोगों के लिए अब तक नहीं खोला गया था। आरडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने 'पीटीआई भाषा' को बताया, 8पुल का ढहना एक गंभीर मामला है और शुरू से ही इस परियोजना से जुड़े विभाग के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।

सिंह ने कहा, आरडब्ल्यूडी ने मुख्य अभियंता (पूर्णिया) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जो पुल ढहने के कारणों का पता लगाएगी और आवश्यक उपाय सुझाएगी। पैनल को सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। यह पुल अररिया जिले के कुर्सा कांटा और सिकटी इलाकों को जोड़ता है। मार्च में सुपौल जिले में कोसी नदी पर एक निर्माणाधीन पुल ढह गया था। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गए थे। इस बीच, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने स्पष्ट किया कि अररिया जिले में ढहे पुल का निर्माण केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने कराया

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

ई-प्रापण निविदा सूचना सं.झांसी/उमुसाप्र/2024-25/17 दि. 15.06.2024

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप.मुख्य.सामग्री प्रबंधक सामान्य भंडार डिपो झाँसी निम्नलिखित मदो के लिए ई प्रापण निविदाये आमंत्रित करते है।

| क्रम | निविदा सं. | निविदा खुलने की तिथि | बयाना राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 51245191A | 12.07.2024 | ₹114270 |

| माल का विवरण | मात्रा |
|---|---|
| Inverter based Air Plasma cutting machine capacity - 25mm thick plate cutting as per specification. | 10 Nos. |
| Inverter based Air Plasma cutting machine capacity - 25mm thick plate cutting as per specification. | 08 Nos. |
| Post warranty annual maintenance contract for Inverter based Air Plasma cutting machine capacity - 25mm thick plate cutting. CAMC for a period of 5 Years after warranty of 2 Years | 18 Nos. |

नोट : 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निवदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नही की जायगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी Class III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरपीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 1046/24 (AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

**नौएडा** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्या हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार निर्धारित तिथि तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तों नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।
क. (रु. 30.00 लाख से रु. 100.00 लाख तक)

| S. No. | Job No. | Sale Start Date | Sale End Date | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जॉब सं०-01/ई-निविदा/भ०क्र० वि०/2024-25 कार्य का नाम - प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी सामान की आपूर्ति, अनुमानित लागत रु. 64,06,115.00 | 19.06.2024 | 02.07.2024 upto 5:00 P.M. | 03.07.2024 11.00 AM |
| 2 | जॉब सं०-16/ई-निविदा/भ०क्र० वि०/2024-25 कार्य का नाम - जल खण्ड द्वितीय हेतु मैन हॉल कवर्स फ्रेम सहित की आपूर्ति, अनुमानित लागत रु. 50,40,000.00 | 19.06.2024 | 25.06.2024 upto 5:00 P.M. | 26.06.2024 11.00 AM |

कार्यालय सैक्टर-39 भण्डार क्रय अधिकारी नौएडा
स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# मोदी के श्रीनगर दौरे से पहले ड्रोन के संचालन पर पाबंदी लगाई



**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्रीनगर दौरे से पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को शहर को अस्थायी तौर पर 'रेड जोन' घोषित कर दिया और ड्रोन के संचालन पर पाबंदी लगा दी। प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के तहत मोदी बृहस्पतिवार को श्रीनगर का दौरा करेंगे। मोदी शुक्रवार सुबह में यहां एसकेआईसीसी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। श्रीनगर पुलिस ने 'एक्स' पर कहा, "श्रीनगर शहर को ड्रोन नियम, 2021 के नियम 24 (2) के प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से ड्रोन और क्वाडकॉप्टर के संचालन के लिए अस्थायी तौर पर 'रेड जोन' घोषित किया गया है।" पुलिस ने कहा कि 'रेड जोन' में सभी तरह के अनधिकृत ड्रोन संचालन पर ड्रोन नियमों के प्रावधानों के अनुसार दंडित किया जा सकता है।

## 'हमारे बारह' फिल्म में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कुछ भी नहीं : उच्च न्यायालय

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अभिनेता अन्नू कपूर अभिनीत 'हमारे बारह' फिल्म देखी और इसमें कुरान या मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया।

अदालत ने इसके साथ ही कहा कि फिल्म वास्तव में महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से बनाई गई है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि भारतीय जनता "भोली या मूर्ख नहीं है"। न्यायमूर्ति बी पी कोलाबावाला और फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने कहा कि फिल्म का पहला ट्रेलर आपत्तिजनक था, लेकिन उसे हटा दिया गया है और फिल्म से ऐसे सभी आपत्तिजनक दृश्य हटा दिए गए हैं।

CMYK




# विफल हुआ स्विस शांति सम्मेलन

**रूस** और यूक्रेन के बीच बीते 2 साल से भी ज्यादा समय से युद्ध चल रहा है। युद्ध समाप्त करने के लिए दुनियाभर के 92 से भी अधिक लोग स्विट्जरलैंड शांति सम्मेलन में इकट्ठे हुए। उम्मीदें तो बहुत थी कि युद्ध समाप्त करने के लिए कोई न कोई रोड मैप तैयार होगा लेकिन दो दिन तक चले सम्मेलन में नतीजा कुछ नहीं निकला। युद्ध शुरू होने के बाद ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अपनी 10 सूत्री योजना का ढिंढोरा पीट रहे हैं। जिसमें परमाणु खतरा, खाद्य सुरक्षा और कब्जाए गए क्षेत्रों से रूसी सैनिकों की वापसी और यूक्रेन में मानवीय आवश्यकताओं के सूत्र शामिल हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की 10 सूत्री योजना को ठुकरा चुके हैं। पुतिन का साफ कहना है कि यूक्रेन के जो इलाके उसने कब्जाएं हैं वह उन्हें नहीं छोड़ेगा और यूक्रेन को नाटो में शामिल होने की अपनी कोशिशें छोड़ देनी होंगी। युद्ध शुरू होने के साथ ही दुनिया दो धड़ों में बंटनी शुरू हो गई थी। यूक्रेन का साथ देने के लिए नाटो सदस्य देश खड़े हो गए थे तो अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस समेत कई देशों ने युद्ध से बाहर रहते हुए इसको मदद पहुंचानी शुरू कर दी।

दूसरी ओर चीन, दक्षिण कोरिया, ईरान जैसे देश रूस के साथ खड़े हुए। भारत ने तटस्थ रुख अपनाया। हालांकि भारत ने समय-समय पर युद्ध रुकवाने का समर्थन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जी-7 सम्मेलन में भाग लेकर इटली से स्विट्जरलैंड जाने का कार्यक्रम था लेकिन प्रधानमंत्री इटली से सीधे स्वदेश लौट आए। स्विट्जरलैंड शांति सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय में सचिव पवन कपूर ने किया। भारत एक बार फिर यूक्रेन के दबाव में नहीं आया और उसने अपने परखे हुए दोस्त रूस का साथ देते हुए शांति सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य से खुद को अलग कर लिया और उस पर हस्ताक्षर करने से साफ इंकार कर दिया। भारत के प्रतिनिधि पवन कपूर ने युद्ध पर भारत के रुख पर जोर देते हुए कहा, 'हमारे विचार में केवल वे विकल्प ही स्थायी शांति की ओर ले जा सकते हैं जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हों। इस दृष्टिकोण के अनुरूप हमने इस शिखर सम्मेलन से निकलने वाले संयुक्त विज्ञप्ति या किसी अन्य दस्तावेज़ से जुड़ने से बचने का फैसला किया है।' सम्मेलन में भारत की उपस्थिति के बारे में बताते हुए कपूर ने कहा, 'हम यूक्रेन में स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए सभी गंभीर प्रयासों में योगदान देने के लिए सभी हितधारकों के साथ-साथ संघर्ष के दोनों पक्षों के साथ बातचीत जारी रखेंगे।'

**यूक्रेन की पहल पर आयोजित इस शांति सम्मेलन में रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। रूस भारत का अभिन्न मित्र है। उसके और अपने हितों के अनुरूप विदेश नीति अपनाना भारत के लिए बहुत जरूरी है। जिस सम्मेलन में रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया हो तो यह सम्मेलन व्यर्थ की कवायद ही साबित हुआ। भारत यूक्रेन और रूस को वार्ता की मेज पर लाने का इच्छुक है। भारत ने स्वतंत्र एवं संतुलित विदेश नीति अपना कर एक बार फिर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों पर आधारित विदेश नीति पर कायम है। चीन भी इस सम्मेलन से दूर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन खुद तो नहीं गए लेकिन अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सम्मेलन में भेजा।**

यूक्रेन की पहल पर आयोजित इस शांति सम्मेलन में रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। रूस भारत का अभिन्न मित्र है। उसके और अपने हितों के अनुरूप विदेश नीति अपनाना भारत के लिए बहुत जरूरी है। जिस सम्मेलन में रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया हो तो यह सम्मेलन व्यर्थ की कवायद ही साबित हुआ। भारत यूक्रेन और रूस को वार्ता की मेज पर लाने का इच्छुक है। भारत ने स्वतंत्र एवं संतुलित विदेश नीति अपना कर एक बार फिर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों पर आधारित विदेश नीति पर कायम है। चीन भी इस सम्मेलन से दूर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन खुद तो नहीं गए लेकिन अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सम्मेलन में भेजा।

भारत के प्रतिनिधि ने सम्मेलन में भाग लिया लेकिन स्पष्ट किया कि वह किसी भी एक पक्ष में खड़ा दिखने की बजाय युद्ध में उलझे दोनों देशों के बीच बातचीत और सहमति के प्रयासों को ज्यादा तवज्जो देता है। इसी बीच यूक्रेन-रूस युद्ध पर अमेरिका के नए बयान ने सबको चौंका दिया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा है कि रूस कभी भी यूक्रेन के लिए खतरा नहीं था। यदि नाटो देश अपने सहयोगियों से बात नहीं करते तो यह गैर जिम्मेदराना होगा। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि नाटो देश अपने सहयोगियों से लगातार बातचीत नहीं करेंगे तो फिर प्रतिबद्धिताओं को कैसे पूरा कर सकते हैं। सर्वविदित है कि पूरी दुनिया में शांति-शांति का ढिंढोरा पीटने वाले अमेरिका का रवैया हमेशा ही दोगला रहा है। इस वक्तव्य का अगर अर्थ निकाला जाए कि क्या अमेरिका रूस को निर्दोष मानने लगा है। युद्ध से यूक्रेन की हालत खराब हो चुकी है। बेहतर यही होगा कि यूक्रेन रूस से वार्ता के लिए तैयार हो।

यूक्रेन शांति समझौते में जो शर्तें थीं उसमें मुख्य रूप से रूस को सेना पीछे हटाने के लिए कहा गया है लेकिन भारत, सऊदी अरब समेत कई देशों ने इस समझौते पर साइन करने से मना कर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव पवन कुमार ने कहा कि हमारा मानना है कि हम किसी भी दस्तावेज से खुद को नहीं जोड़ेंगे क्योंकि समिट में कुछ भी ऐसा नहीं हो रहा है जिससे युद्ध खत्म हो सकें। इस पूरे समिट पर भारत ने काफी सधा हुआ रास्ता अख्तियार किया। भारत ने चीन की तरह इसे पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया और शांति समझौते पर साइन करने से इन्कार कर दिया। इस समिट पर फिलिपींस को छोड़कर तमाम ब्रिक देश, अफ्रीकी देशों ने भी साइन नहीं किये हैं। ऐसे में इस समिट को फेल समिट कहा जा रहा है। स्विट्जरलैंड के राइट विंग के नेताओं ने भी इस समिट को विफल करार दिया है।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## बार-बार होते ट्रेन हादसों के...




बार-बार होते ट्रेन हादसों के लिए कौन जिम्मेदार है,
उन पीड़ित परिवारों की सिसकियां कर रही सिस्टम से सवालों की बौछार है,
कब तक आम आदमी होता रहेगा इन लापरवाहियों का शिकार है,
वास्तव में अब इस सड़े-गले तंत्र को सफाई की दरकार है !!

# भूकंप के कारण संभवत: बदला होगा गंगा का रास्ता

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एक नए शोध में दावा किया गया है कि 2,500 वर्ष पहले आये एक भूकंप के कारण अचानक गंगा नदी का मुख्य रास्ता संभवत: बदल गया होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि संभवत: 7-8 तीव्रता वाले भूकंप ने नदी के मुख्य मार्ग को बदल दिया जो मौजूदा समय में भूंकप के लिहाज से संवेदनशील बांग्लादेश में है। हालांकि इस भूकंप का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं है। अमेरिका के कोलंबिया क्लाइमेट स्कूल के लैमोंट-डोहर्टी अर्थ ऑब्जर्वेटरी के भूभौतिकीविद एवं अध्ययन के सह-लेखक माइकल स्टेकलर ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इतना बड़ा भूकंप कहीं देखा है।'' स्टेकलर ने कहा-यह इतना प्रभावशाली था कि गलत समय और गलत स्थान पर किसी को भी आसानी से जलमग्न कर सकता था। यह अध्ययन 'नेचर कम्युनिकेशंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया है।

# हिंदी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा




**कृष्ण** चंद्र, उर्दू के दिग्गज लेखक जिनको हिंदी तो क्या उर्दू वाले भी भूल गए, उनकी नाती निहारिका अमेरिका से भारत आई हुई थी और दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के अर्जुन सिंह उर्दू डिस्टेंस लर्निंग सेंटर में मिली क्योंकि वह उर्दू भाषा सीखना चाह रही थी। जब उससे पूछा गया कि वह उर्दू क्यों सीखना चाह रही है तो उसने कहा कि उसके दादा कृष्ण चंद्र उर्दू के एक महान लेखक थे और 1940 से 1970 के दौर में उनकी उर्दू की कहानियां "शमा", "सुषमा", "बानो", "खिलौना", "उर्दू डाइजेस्ट", "सैय्यारा डाइजेस्ट" आदि में प्रकाशित हो पूर्ण विश्व के उर्दू भाषियों में पढ़ी जाती थी और उसके पास वे सुरक्षित हैं वह उनको पढ़ना चाहती है। उर्दू की बात पर हिंदी का यह थोड़ा बदला हुआ जुमला फिट है की जहां पहुंचे न रवि, वहां पहुंचे "उर्दू" कवि। शायर-ए-मशरिक़, पंजाब के डा. सर मुहम्मद इकबाल भले ही पाकिस्तान चले गए हों, मगर चलती दुनिया तक जो पंक्तियां, भारत के लिए कह गए हैं, उन्होंने भारत को अमर कर दिया, "हिंदी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा, सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा!'' क्या खूब कहा है मिर्ज़ा ग़ालिब ने :

*मुहब्बत में नहीं है फ़र्क*
*जीने और मरने का*
*उसी को देख कर जीते हैं,*
*जिस काफ़िर पे दम निकले!*

उनका एक और शेर है :

*इश्क़ पर ज़ोर नहीं,*
*है ये वो आतिश गालिब*
*के लगाए न बने, बुझाए न बने!*

यूं तो गालिब के उर्दू दीवान में 1150 शेर हैं, जिनके कारण वे दुनिया में हरदिलाजीज हैं, मगर उनके फारसी के दीवान में 7500 शेर हैं। इनका तो आम लोगों को कोई पता ही नहीं। इस में कोई दो राय नहीं, चाहे वह उर्दू शायरी हो या हिंदी काव्य, सदा ही और विशेष रूप से स्वतंत्रता संग्राम के समय, उनका जादू सर चढ़ कर बोला है, जैसे मुहम्मद रफ़ी के स्वर में, "अपनी आजादी को हम हरगिज मिटा सकते नहीं, सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं", जिसने लाखों युवाओं को भारतीय सेना में ज्वाइन करने को प्रेरित किया। ठीक ऐसे ही, लता मंगेशकर ने भी एक बड़े समूह में 1962 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू के कहने पर यह गीत "ए मेरे वतन के लोगों..." गाकर भारतवासियों की रग-रग में देश के प्रति धारा प्रवाह प्रेम व वीर रस की भावना स्फुटित की थी। इस प्रकार के अनगिनत उर्दू के गाने ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन से जनता सुनती चली आ रही है।

लेखक के पिता, नूरुद्दीन अहमद बताते हैं कि 23 अक्तूबर 1947 का, जब देश के विभाजन के बाद, मुहम्मद अली जिन्नाह और उनके जैसे कुछ दिग्भ्रमित लोगों के कारण जब मुस्लिम लोग पाकिस्तान जा रहे थे तो इमाम-उल-हिंद हज़रत मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने पुरानी दिल्ली की शाहजहानी जामा मस्जिद की सीढ़ियों से एक ऐसा आत्मा को विभोर करने वाला और रूह को हिलाने वाला भाषण उर्दू में दिया कि पुरानी दिल्ली के रेलवे स्टेशन से लाहौर की ट्रेन पकड़ने के लिए बैठे मुसलमानों ने अपने अपने घरों को वापिस जा कर अपने बिस्तरबंद खोल दिए।



भारत की संसद में स्वर्गीय सुषमा स्वराज और पूर्व प्रधानमंत्री, मनमोहन सिंह के मध्य वायरल ऐतिहासिक शायराना नोक झोंक तो सब ने देखी होगी, मगर बांसुरी स्वराज भी मां से कुछ कम नहीं। जब वह करोल बाग़ में अपना चुनाव प्रचार कर रही थीं तो किसी कांग्रेसी ने उनको बुरा-भला कहा तो उन्होंने अफ़ज़ल मंगलौरी का यह शेर बोला,

*"यारों के दांत बड़े ज़हरीले हैं,*
*हम को भी सांपों का मंतर आता है!"*

जब अबुल कलाम आज़ाद ने विभाजन के पश्चात् मुसलमान कौम से कहा कि वे कहां जा रहे हैं, उनकी मस्जिद की मीनारें, खानकाहें और गंगा व जमुना का पानी उन्हें पुकार रहे हैं। यह सुनना था कि अधिकतर मुसलमानों ने अपने बिस्तर बंद खोल दिए और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से लाहौर को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को गुड बाय कहा।

"हमारे बचपन में हमने अपने पिताजी को उर्दू के अख़बार और पत्रिकाएं पढ़ते हुए देखा है," कहते हैं, असम के पूर्व राज्यपाल, जगदीश मुखी। हालांकि अब उर्दू भाषा व उर्दू माध्यम स्कूल, उर्दू पुस्तकें आदि आज या तो न के बराबर हैं, या समाप्त हो चली हैं, मगर उर्दू की तहज़ीब व संस्कृति बची हुई है, जैसा कि हम उर्दू लेखिका और अनुवादक, रखशंदा जलील द्वारा रचित कार्य और ताज़ा पुस्तक, "लव इन द टाईम ऑफ हेट" में देखते हैं, जिस में उन्होंने बहुत से लेखों को एकत्रित कर उर्दू से अंग्रेज़ी में प्रेम, इश्किया शायरी, देश प्रेम, नातों, मनक़बत, गज़ल, नज़्म आदि को ही नहीं, मुंशी प्रेम चंद, सआदत हसन मंटो, इंतेजार हुसैन, बेकल उत्साही, कृष्ण बिहारी नूर, महिंदर सिंह बेदी, राजा मेहदी अली खान, जोन एलिया, सिराज अनवर, गोपी चंद नारंग आदि का भी जिक्र है।

उर्दू के संबंध में उनके द्वारा रचित लगभन 40 पुस्तकों में उनकी ज़ोर इसी बात पर है कि उर्दू मुहब्बत की भाषा है, विभाजन की नहीं, जैसा कि नफरती भावनाओं से प्रेरित कुछ लोग कहते हैं। क्या खूब कहा है, प्रख्यात शायर, बशीर बद्र ने :

*"सात संदूकों में भर कर बंद कर दो नफरतें,*
*आज इन्सान को मुहब्बत की ज़रूरत है बहुत!"*

*जय हिंद।*

# नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान




**जम्मू-कश्मीर** में बीते तीन दिन में एक के बाद एक आतंकी घटनाओं ने सीमा पार से हो रही घुसपैठ के खतरों की ओर फिर से आगाह किया है। आगामी दिनों में विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच ये आतंकी हमले बताते हैं कि आतंकी संगठन जम्मू-कश्मीर में आम लोगों में खौफ पैदा करने में जुटे हैं। डोडा में आतंककारियों ने सेना की चौकी पर हमला कर दिया। यह कठुआ में आतंकियों की गोलीबारी में एक जने की मौत और दो अन्य के घायल होने के कुछ घंटों बाद ही हुआ। वहीं तीन दिन पहले ही आतंककारियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर कायराना हमला किया था। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं?

जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा-हालात पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने जो शीर्ष बैठकें की हैं, वे बेमानी नहीं हैं, लेकिन उन्हीं से पाकपरस्त आतंकवाद को कुचला और जड़ से उखाड़ा नहीं जा सकता। कश्मीर घाटी और अन्य राज्यों में सक्रिय आतंकवाद या उग्रवाद के उदाहरण हमारे सामने हैं। सेना, सुरक्षा बलों, पुलिस और स्थानीय गुप्तचरों के साझा ऑपरेशन कई साल तक चलाने पड़े, तो आज घाटी लगभग आतंकवाद-मुक्त है। हम इन बैठकों को खारिज नहीं करते, क्योंकि कई विचार सामने आकर साझा किए जा सकते हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय सीमा, नियंत्रण-रेखा से जम्मू-कश्मीर की जमीन तक जो सेना सक्रिय रही है, उसके समानांतर सुरक्षा-बल तैनात और सक्रिय रहे हैं। स्थानीय सूचनाओं और गतिविधियों की सूत्रधार स्थानीय पुलिस रही है। ऐसी तमाम एजेंसियों को एक सर्कुलर के जरिए निर्देश और आदेश दिए जा सकते थे। उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार अपना आदेश दे सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था, लेकिन वर्ष 2016 में उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और वर्ष 2019 को पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में हवाई हमले की अनुमति देकर प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कर दिया कि वार्ता और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। सिर्फ यही नहीं, पाकिस्तान के साथ व्यापार को भी बंद किया गया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया गया।



सऊदी अरब समेत लगभग सभी खाड़ी देश पाकिस्तान के बजाय भारत को प्राथमिकता देने लगे। इससे हताश पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर को अशांत बनाए रखने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन अनुच्छेद 370 हटने के बाद हालात बेहतर होते चले गए। आतंकियों पर सुरक्षा बलों का शिकंजा भी कसता गया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने पहले जम्मू संभाग के सीमावर्ती पुंछ और राजौरी जिलों में कई बड़े हमले किए और अब तीसरी बार भी मोदी सरकार बनते देख पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने जम्मू के रियासी, कठुआ और डोडा में हमलों को अंजाम दिया।

जम्मू संभाग के राजौरी, पुंछ, कठुआ, डोडा से किश्तवाड़ तक आईबी गुप्तचर की सूचनाएं इतनी सटीक नहीं हो सकतीं, जितनी एक स्थानीय जासूस की गुप्तचरी सटीक हो सकती है और लक्ष्य तक पहुंचना आसान हो सकता है। जम्मू में खुफिया-तंत्र की कमियां अब भी महसूस की जा रही हैं। वैसे जम्मू संभाग में आतंकी हरकतें अचानक नहीं बढ़ी हैं। ये आतंकियों की रणनीति हो सकती हैं। अलबत्ता 1990-2005 के सालों में जम्मू के घने जंगलात में आतंकी गतिविधियां और हमले निरंतर देखने को मिलते रहे। यह दीगर है कि घुसपैठ, गिरोहबाजी, अलगाववाद और पाक परस्त आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन और अभियान कश्मीर घाटी में ज्यादा किए जाते रहे। तब जम्मू को आतंकवाद-मुक्त करा लिया गया था।

अब नए सिरे से आतंकियों ने अपने नेटवर्क जम्मू में फैलाए हैं और अचानक हमले बढ़ा दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद नगण्य है। फिर भी 2024 में अभी तक 20 आतंकी हमले किए जा चुके हैं और 13 जून तक 42 नागरिकों और जवानों ने अपनी जिंदगी खोई है। भारत ऐसा नुकसान भी क्यों झेले? बहरहाल केंद्र सरकार से जो निर्देश मिले हैं, उनके मद्देनजर जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक स्वैन का दावा है कि अब बचे-खुचे आतंकवाद को कुचल दिया जाएगा, मसल दिया जाएगा, घर-घर ढूंढ कर चुन-चुन कर मौत के घाट उतार दिया जाएगा।

आतंकियों को सीमा पार से मिल रही मदद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन दिनों सुरक्षा बलों को मुठभेड़ में मारे गए आतंकी के पास बड़ी संख्या में गोला-बारूद, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट और दवाइयां बरामद हुए हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि घुसपैठ कर हमारी सीमा में घुस आए आतंकियों के स्थानीय मददगार भी कम नहीं हैं। हमारे जवानों की शहादत भी इसलिए हो जाती है क्योंकि आतंकियों के इन मददगारों की कमर अभी पूरी तरह टूटी नहीं है। अमरनाथ यात्रा और संभावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि बीते 9 जून को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है।

बहरहाल हमारी सुरक्षा एजेंसियों और जवानों की अग्निपरीक्षा 'अमरनाथ यात्रा' है। यह 29 जून से शुरू हो रही है और अगले ही दिन जनरल उपेन्द्र द्विवेदी नए सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे हैं। वह कश्मीर और आतंकवाद से अनभिज्ञ, अपरिचित नहीं हैं। अमरनाथ यात्रा अगस्त तक जारी रहेगी। आतंकी हमला करने की फिराक में होंगे और हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने फुलप्रूफ योजना बनाई होगी। यात्रा के चप्पे-चप्पे पर 500 कंपनियों के जवान तैनात किए जा रहे हैं। खुफिया सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। खासकर टीआरएफ आतंकी संगठन के साथ-साथ लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद के दहशतगर्दों पर भी निगाहें चिपकी रहेंगी। इस बार प्रशासन ने प्रत्येक तीर्थयात्री का 5 लाख रुपए का बीमा भी किया है।

जम्मू-कश्मीर और आतंकवाद के संदर्भ में हमारे उन अनुभवी जनरलों की सोच कुछ भिन्न है, जो दशकों तक कश्मीर में कार्यरत रहे हैं और आतंकियों को ढेर किया है। वे जनरल हालिया आतंकी हमलों से क्षुब्ध हैं, क्योंकि आतंकियों ने उस दिन हमला करके भारत के गाल पर तमाचा मारा था, जब देश की सरकार शपथ ले रही थी। अब ऐसे रक्षा विशेषज्ञों की राय है कि पाकिस्तान के साथ जो युद्ध विराम किया हुआ है, तुरंत उस समझौते को रद्द किया जाए। यह युद्ध विराम एकतरफा और बेमानी है, क्योंकि पाकिस्तान आतंकियों की घुसपैठ कराता रहा है। आतंकियों को हथियार भी मुहैया कराता है। पाकिस्तान फिलहाल फटीचर देश की स्थिति में है। उसकी फौज पर निरंतर हमले करेंगे, तो उसकी फौज ही विकलांग हो जाएगी। वह पलटवार करने लायक भी नहीं रहेगी।

# यूं ही नहीं मैं 'नालंदा' कहलाता हूं

**बिहार** का नालंदा विश्वविद्यालय एक समय दुनिया के लिए शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र हुआ करता था। 815 साल के लंबे इंतजार के बाद यह शिक्षा का केंद्र एक बार फिर से अपने पुराने स्वरूप में लौट रहा है। इसके परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा होना है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सपनों का नालंदा विश्वविद्यालय अब साकार रूप ले रहा है।नालंदा विश्वविद्यालय का इतिहास, शिक्षा के प्रति भारतीय दृष्टिकोण और इसकी समृद्धि को दर्शाता है। इसका महत्व न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए अनमोल धरोहर के रूप मेंहै।नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत का एक प्रमुख और ऐतिहासिक शिक्षा केंद्र था। इसे दुनिया का पहला आवासीय विश्वविद्यालय माना जाता है, जहां छात्र और शिक्षक एक ही परिसर में रहते थे।

नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना 450 ई. में गुप्त सम्राट कुमारगुप्त प्रथम ने की थी। बाद में इसे हर्षवर्धन और पाल शासकों का भी संरक्षण मिला। इस विश्वविद्यालय की भव्यता का अनुमान इससे लगाइए कि इसमें 300 कमरे, 7 बड़े कक्ष और अध्ययन के लिए 9 मंजिला एक विशाल पुस्तकालय था, जिसमें 3 लाख से अधिक किताबें थीं।

यहां एक समय में 10,000 से अधिक छात्र और 2,700 से अधिक शिक्षक होते थे। छात्रों का चयन उनकी मेधा के आधार पर होता था और इनके लिए शिक्षा, रहना और खाना नि:शुल्क था। इस विश्वविद्यालय में केवल भारत से ही नहीं, बल्कि कोरिया, जापान, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया, ईरान, ग्रीस, मंगोलिया आदि देशों से भी छात्र आते थे। नालंदा विश्वविद्यालय में साहित्य, ज्योतिष, मनोविज्ञान, कानून, खगोलशास्त्र, विज्ञान, युद्धनीति, इतिहास, गणित, वास्तुकला, भाषाविज्ञान, अर्थशास्त्र, चिकित्सा आदि विषय पढ़ाए जाते थे। इस विश्वविद्यालय में एक 'धर्म गूंज' नाम की लाइब्रेरी थी, जिसका अर्थ 'सत्य का पर्वत' था। इसके 9 मंजिल थे और इसे तीन भागों में विभाजित किया गया था : रत्नरंजक, रत्नोदधि और रत्नसागर।

1193 में बख्तियार खिलजी के आक्रमण के बाद नालंदा विश्वविद्यालय को बर्बाद कर दिया गया था। यहां विश्वविद्यालय परिसर और खासकर इसकी लाइब्रेरी में आग लगाई गई, जिसमें पुस्तकालय की किताबें हफ्तों तक जलती रहीं।

इसी नालंदा विश्वविद्यालय में हर्षवर्धन, धर्मपाल, वसुबन्धु, धर्मकीर्ति, नागार्जुन जैसे कई महान विद्वानों ने शिक्षा प्राप्त की थी। खुदाई में नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष 1.5 लाख वर्ग फीट में मिले हैं, जो इसके विशाल और विस्तृत परिसर का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा माना जाता है। अब प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर नई नालंदा यूनिवर्सिटी बिहार के राजगीर में 25 नवंबर 2010 को स्थापित की गई।



नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए भवन के उद्घाटन से पहले यहां घूमने आए बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के सच्चे इतिहास के बारे में सबको जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि इस विश्वविद्यालय के सच्चे इतिहास को बहुत कम लोग जानते हैं। ऐसे में इस जगह की खुदाई कराकर इसके बारे में ज्यादा जानकारी लोगों को पहुंचाना चाहिए।

यहां घूमने आई पर्यटक खुशी कुमारी ने कहा कि आजकल के लोगों की सोच अलग है। पहले शिक्षा नेचर के साथ कनेक्ट होता था, आज तकनीक पर आधारित है। शिक्षक भी अब पहले की तरह छात्रों से ज्यादा कनेक्ट नहीं करते हैं। पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था में और आज की शिक्षा व्यवस्था में काफी अंतर है। वहीं, अंकिता सिंह जो नालंदा परीक्षा देने के लिए आई थी, वह जब यहां घूमने पहुंची तो बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश के लिए गौरव की बात है कि पहले पूरी दुनिया के लोग यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे और अपने देशों में जाकर शिक्षा का प्रचार-प्रसार करते थे। उन्होंने बताया कि यहां देखकर पता चला कि हमारे बुजुर्गों की मानसिकता इतनी विकसित थी और साथ ही वह इतने सुशिक्षित थे। आकांक्षा कुमारी जो नालंदा घूमने आई थी, उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय परिसर में आकर हमें बहुत अच्छा लगा। लोगों से अपील की कि वह भी नालंदा आएं और अपने इतिहास के अवशेषों को देखें और अपने आप पर गर्व करें।

श्रवण कुमार नाम के पर्यटक ने कहा कि यहां तो पूरी दुनिया से लोग शिक्षा ग्रहण करने आते थे। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय को तोड़ने के पीछे एक मकसद सांस्कृतिक चोट पहुंचाना भी था। बिहार शरीफ के रहने वाले अंकित कुमार ने बताया कि इस खंडहर को देखकर अपने देश और उसके इतिहास पर गर्व होता है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



## भाई-भाई का पवित्र रिश्ता...

8

संसार में प्रत्येक व्यक्ति का परिवार, समाज, जाति एवं राष्ट्र से अटूट रिश्ता है। किसी भी रिश्ते को कमतर नहीं आंका जा सकता। अनाज पैदा करने का अटूट रिश्ता है, व्यापारी का कारोबार से धन उपार्जन का रिश्ता है। पेड़- पौधों एवं पालतू-



सीमाओं पर जवान का राष्ट्र के लिए अद्‌भुत पराक्रम का रिश्ता है। अन्नदाता किसान का खेतों से पशुओं का प्रकृति के साथ-साथ मानव से रिश्ता है। परिवार का अटूट बंधन भाई- बहन, माता-पिता, सगे- संबंधी, पति-पत्नी दादा- दादी, नाना - नानी, नाती और भाई-भाई का रिश्ता है। रामायण में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों का अटूट-प्रेम संसार में वंदनीय है। एक भाई दूसरे के लिए वनवास में महलों के सुख छोड़कर साथ चल देता है, वहीं दूसरा भाई कुटिया में रहकर राज्य की देखभाल चरण पादुकाओं को सिंहासन पर रखकर शासन चलाता था। यह भाई-भाई का रिश्ता अद्‌भुत है। हमारे धर्म ग्रंथो में ऐसे अनेकों प्रेरणादायक प्रसंग हैं जो भाई-भाई के रिश्ते से जुड़े हुए हैं। जिन्हें इस कलयुग में भी साकार होते हुए देखा जा सकता है। हमारे परिवार के भाई, भतीजे और सभी एक-दूसरे के साथ हर समय समर्पित रहकर अपने-अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करते हैं। अपने बुजुर्गों के प्रति परिवार के सदस्यों सहित जिम्मेदारी से खड़े रहते हैं।

● **संजय कुमार अग्रवाल, बिसौली, उत्तर प्रदेश**

## सम्बंधों की सुगन्ध पति-पत्नी के मधुर रिश्ते में

हमारे धर्म शास्त्रों में पति और पत्नी के मधुर, आत्मीय सम्बंधों की गहरी छाप है। पूर्वजों की राह पर चलते हुए मैं तथा मेरी धर्मपत्नी वीना सचदेवा सामाजिक व पारिवारिक जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहे हैं। हमारे दोनों विवाहिता बेटे-बहुएं भी इस दिशा में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। वास्तव में आज की व्यस्त जिन्दगी में सभी पारिवारिक सदस्य पूरी ईमानदारी, निष्ठा से अपने सामाजिक दायित्व निभायें तो सामाजिक अशान्ति कभी नहीं होगी। यही समाज निर्माण का मूलाधार असली परिवार है।

● **हरीश सचदेवा, वैस्ट पटेल नगर**

9



## प्यारे रिश्ते से बदली जिन्दगी

नौकरी से सेवानिवृत होने पर डिप्रेशन का शिकार हो गया, मन में नाकारात्मक विचार आने लगे। इसी दौरान मेरी मुलाकात एक ऐसे सज्जन से हुई जो वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब पश्चिम विहार शाखा में सक्रिय रहते हैं। उन्हीं की प्रेरणा से मैं केसरी क्लब का सदस्य बन गया। जहां खुशियों ही खुशियां मिलती हैं। स्वास्थ्य व मनोरंजन के बहुत से कार्यक्रम होते हैं, कि मर्यादा में रहकर हम सभी सदस्य नाचते-गाते हैं, मस्त, व्यस्त हो जाते हैं। जीवन में अद्भुत परिवर्तन आया, जिसके लिए चेयरपर्सन श्रीमती किरण चोपड़ा का सदैव आभारी रहूंगा। जिससे मेरा जीवन तनाव मुक्त हो गया।

● **डी. एल. सभरवाल सदस्य, पश्चिम विहार शाखा**

10



## खूबसूरत रिश्ते

अपने जीवन के चौहत्तर वर्ष के इस पड़ाव पर जब रिश्तों के बारे में सोचता हूं तो समझ में आता है कि इस जीवन में आपसी रिश्तों का कितना महत्व है। किसी भी सुखी, सफल, संतुष्ट जीवन का आधार रिश्तों की खूबसूरती पर टिका होता है, नि:स्वार्थ भाव से एक दूसरे के प्रति विश्वास के साथ प्रेम पूर्वक निभाए जाने वाले रिश्ते जीवन में खुशियां भर देते हैं चाहे वह रिश्ता माता-पिता का हो या पति-पत्नी का, अपने बच्चों का हो या भाई-बहन, दोस्तों का या अन्य कोई भी सामाजिक पारिवारिक रिश्तेदारी ही क्यों न हो। अपने जीवन की सुखद यात्रा के इस मोड़ पर हम पति-पत्नी एक दूसरे के पूरक हैं। जीवन की सभी जिम्मदारियों से मुक्त होकर निश्चिंत जीवन जीने का यह सबसे सुन्दर स्वर्णिम काल है। हमारे दोनों बेटे अमेरिका में स्थायी निवासी हैं भले ही भारत से दूर हैं लेकिन रिश्तों में वही गर्माहट बरकरार है। प्यार - सम्मान - सेवा में कहीं कोई कमी नहीं। हम पति-पत्नी अभी अपने बच्चों के साथ अमेरिका में ही हैं और बेटे-बहुओं, पोते -पोतियों के साथ अपने अनमोल रिश्तों को भरपूर एंजॉय कर रहे हैं। किसी से कोई गिला नहीं शिकवा नहीं। प्यार और सिर्फ प्यार यहीं है सफल सच्चे रिश्ते की गर्माहट अपने खूबसूरत, सन्तुष्ट आनन्दमय जीवन का अनुभव आप सब से सांझा करना चाहूंगा। रिश्तों की डोर तब कमजोर होने लगती है, जब इंसान गलतफहमियों से उपजे सवालों का जवाब भी खुद ही ढूंढ लेता है। मधुरता से बात करने वाले रिश्तों में गलतफहमियां नहीं पलतीं यही सफल और मधुर रिश्तों का आधार है।

*आखिर में यही कहूंगा*
*मुस्कुराहट का कोई मोल नहीं होता*
*रिश्ते का कोई तोल नहीं होता*
*इंसान तो कई मिल जाते हैं हमें हर मोड़ पर लेकिन प्यार के रिश्तों से ज़्यादा कोई अनमोल नहीं होता।*

● **-वीरेन्द्र मेहता जी.के. ब्रांच**

11



## आत्मा और परमात्मा का शाश्वत रिश्ता

प्रकृति का यह नियम हम सभी जानते हैं कि मनुष्य का जन्म - मरण व सभी कुछ उस परम पिता ईश्वर के आधीन है। अपने पूर्व जन्मों के आधार पर ही हमें इस संसार में माता-पिता, सगे - सम्बन्धी, शत्रु - मित्र, धन-सम्पदा, सुख-दु:ख आदि वैभव प्राप्त होते हैं, जो कि सभी अस्थाई हैं।

एकमात्र अटूट, स्थाई तथा शाश्वत रिश्ता तो आत्मा और परमात्मा का ही है, इसमें कोई दो राय नहीं। यह भी परम सत्य है कि सांसारिक सभी रिश्ते एक से बढ़ कर एक हैं। सभी मधुर हैं लेकिन इनकी प्रगाढ़ता में आयु, समय, तथा परिस्थितिवश फेर बदल होता रहता है, क्योंकि प्रत्येक आत्मा भीतर से स्वार्थी ही होती है।

जैसे-जैसे सांसारिक रिश्तों की निस्सारता समझ में आती है, मनुष्य अन्तर्मुखी होकर उस परम सत्ता से जुड़ता चला जाता है, जिसकी असीम कृपाएं हम पर जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त निरन्तर बरसती रहती हैं। सबसे बड़ी बात वह हमारे अन्त : करण में बैठा समय-समय पर, हमें सही-गलत का ज्ञान देकर हमारा मार्ग दर्शन भी करता है।

जैसे ही हम उस पावन आनन्दस्त्रोत से जुड़ते जाते हैं हमारी आत्मा को असीम शाश्वत सुख व परम आनन्द की प्राप्ति होती है और यही मनुष्य जन्म का उद्देश्य है और मोक्ष प्राप्ति का रास्ता भी हैं। ●

**वेदप्रभा ( रोहिणी शाखा )**

12



## प्रभु का रिश्ता

प्रभु का रिश्ता सचमुच ही असली रिश्ता है यद्यपि प्रभु निराकार हैं और अंर्तचक्षु से देखे जाते हैं और निरंतर उन्हें देखते-देखते उनसे एक प्रेम का रिश्ता बन जाता है। जैसे प्रभु हमें बेशर्त प्रेम करते है वैसे हमें भी अपनी कोई कामना किए बगैर उनसे प्रेम करना चाहिए। संत तुलसीदास जी ने तो स्पष्ट लिखा है कि -हरि व्यापक सर्वत्र समाना

प्रेम से प्रकट होंहि मैं जाना। भक्त और भगवान का रिश्ता प्रेम का ही है बगैर प्रभु को देखे प्रेम हो ही नहीं सकता। यद्यपि वह सृष्टि के हर कण-कण में मौजूद है पर उसे महसूस किए बगैर प्रीति कैसे हो सकती है। प्रभु से सच्चा प्रेम होने पर भगवान की प्रीत भी उमड़ने लगती है। अहंकार गलाये बिना प्रभु से प्रेम नहीं हो सकता है साथ ही अपनी आत्मा को जागृत किए बिना भी परमात्मा को जाना ही नहीं जा सकता है। क्योंकि आत्मा का विस्तार ही परमात्मा है यह सनातन धर्म का सूत्र वाक्य है। हर मनुष्य को संसार के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए परमात्मा से प्रेम बढ़ाते रहना चाहिए। जिससे बूंद रूपी आत्मा-परमात्मा रूपी सागर में विलीन हो सके। जीवन की यात्रा महा जीवन ही है। आत्मा को जानने के बाद ही जीवन की सच्चाई और आनंद की प्राप्ति होने लगती है। प्रत्येक मनुष्य को उस शून्य निराकार परमात्मा की खोज अपने भीतर ही करनी चाहिए न कि कहीं बाहर। प्रेम तो सभी को आपस में जोड़े हुए है।



13

● **प्रदीप गौतम सुमन उपवन नगर बोदाबाग रीवा मध्य प्रदेश**

## दिल से दिल तक

कुछ तो बात है कि मायके के नाम से ही मन खुश हो जाता है। बार-बार वहां जाने को दिल करता है। जहां कभी टी. वी, ट्रांजिस्टर, टेबल लैम्प से जीवन - संवारते व गुजारते वर्षों बीत गए।

कोई ठंडी हवा का झौंका
गालों को छू जाता,

14



कहीं कोई बादल जब तन-मन भिगो जाता है। लगता है हवा मेरे मायके से आई है, बारिश की बूंदें मानो मां ने भिजवाई हैं। वो मां-बाप जिन पर हमारा अधिकार था, जिनसे मिलता प्यार था।

आज भतीजे, भतीजी का अधिकार है। हमसे ज्यादा मिलता उन्हें दुलार है। देखकर दिल खुश होता है कि वो भाभियां जिन्हें हम ब्याह कर लाये थे, पहले दोस्त बनीं, फिर कैसे मां का रूप ले लेती हैं। हमारी हर जिम्मेदारी निभाती हैं।

हजारों दुआएं दिल से निकलती हैं। भाई-भाभियां सुखी व सलामत रहें। रिश्तों की डोर इतनी मजबूत हो कि सभी एक-दूसरे की दिलों की भाषा समझ सकें।

मुल्तानी में कहावत है -
पेके मांवां नाल, राज भरावां नाल

● **शशि ग्रोवर सदस्या, माडल टाऊन शाखा**

15

## प्रभु से सच्चा नाता

वैसे तो जीवन में सभी रिश्ते अच्छे हैं, परन्तु निष्काम भक्ति भाव और उदारता में प्रभु भक्ति व उससे नाते का कोई जवाब नहीं। धार्मिक - पावन भूमि, वृन्दावन में मेरा जन्म हुआ, वहीं शिक्षा - दीक्षा, संस्कारों की विरासत मिलने से नव-जीवन मिला। शादी के बाद पारिवारिक रिश्तों को निभाते हुए सरकारी नौकरी से सेवानिवृत हुई हूं। जीवन में कई उतार- चढ़ाव आये, पर मैंने सांसारिक कार्यों के साथ ईश्वर भक्ति व साधना नहीं छोड़ी, जिससे मुझे बहुत शक्ति व सहारा मिला। हालांकि सारा परिवार साथ है, परन्तु प्रभु ने हमेशा मुझे नई उर्जा दी, संकट से उभारा। जिसे मैं कभी भूल नहीं सकती। ● **बृजबाला, सदस्या रोहिणी शाखा**



## गुरु-शिष्य का रिश्ता

गुरु-शिष्य का रिश्ता माता-पिता से बढ़कर होता है। क्योंकि गुरु हमारी आत्मा को परमात्मा से मिलाप करने में सहायक है। मैं सावन-कृपाल मिशन से जुड़ी हुई हूं। शारीरिक तौर पर बहुत दु:ख उठाये पर गुरुदेव की कृपा से हर कदम पर रक्षा हुई। गुरुजी से हमारा सच्चा आत्मिक रिश्ता है, जो हमें सांसारिक देह से ऊपर उठकर आत्मिक उन्नति में सहायक बनाते हैं। जीवन जीने की कलाएं सिखलाते हैं। जो बीत गई वो बीत गई। जितना समय बचा है, परहित, सेवा कार्यों में लगाना है। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि मुझे शुभ कर्म करने की शक्ति प्रदान करे।

16



● **वीना आनन्द सदस्य चौखण्डी शाखा**

## दैवीय शक्ति है जो साथ चलती है

17

मैंने जिंदगी में बहुत उतार चढ़ाव देखे हैं। अपनों की बेरुखी, नाराजगी और दोस्तों, समाज और लोगों का बेगानापन भी देखा है। इन सब का खामियाजा मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक सेहत पर भी पड़ा। जिंदगी ने जब सब्र का बांध तोड़ दिया तो भगवान ने मुझे एस्ट्रोलोजी और आध्यात्मिकता से जोड़ा। जिससे जिन्दगी में मेरे साथ पहले वो सब क्यों घटित हुआ और अब भी क्यों हो रहा है, वो समझ आया। यह मुझ पर ईश्वरीय कृपा ही रही जो जिंदगी के संघर्ष में मैं खुद को संभाल चलती रही। नकारात्मक परिस्थितियों में भी कोई आशा की किरण मुझे उन अंधेरों से निकाल आगे बढ़ाती गई। दु:ख तकलीफ में केवल भगवान का ही सहारा रहा। गरेटीटयूड कोर्स ने जिंदगी ही बदल दी। जिंदगी से शिकायतें बंद हो गई। भगवान का हर बात में धन्यवाद करना सीख लिया, सब्र आ गया और एक ठहराव। जितनी बार जिंदगी ने गिराया, परमात्मा ने उठाया। वो बेवजह कुछ नहीं करता, उसके करने के पीछे एक वजह होती है। इंसान कोसता है परमात्मा को, उसके खुद के कर्म में कमी होती है। मेरा भगवान से गहरा रिश्ता है। वो कहीं भी किसी भी रूप में मेरा साथ देता है। कोई साथ दे न दे, मेरा प्रभु मेरे साथ है। एक दैवीय शक्ति है जो हर पल मेरे साथ रहती है।



**अभिलाषा ● गुप्ता मोहाली**

## अन्य शाखाओं के पते व फोन नंबर

**शीला-मनोहर पश्चिम विहार शाखा**
**हैल्पलाइन** नं. 9311123220, 7503009779
**स्थान** ए2/34 पश्चिम विहार नई दिल्ली -63

**मॉडल टाउन शाखा**
**स्थान:**टैगौर भवन टैगौर पार्क निकट गोल चक्कर मॉडल टाउन - 1. दिल्ली, हैल्पलाइन नं. : 9911166691, 8750238257, 9810030229

**नोएडा शाखा**
**स्थान** : कम्युनिटी सैंटर, सैक्टर-41, (प्रयाग अस्पताल के पीछे), नोएडा, उ. प्र. । हैल्पलाइन : 9811030309

**सोनीपत शाखा**
**स्थान** : जैन स्थानक सै. 15 सोनीपत (एल.आई.सी. आफिस के सामने) हैल्पलाइन नं. : 9215174016, 9416086940

**गुजरांवाला टाउन शाखा**
**स्थान:**-आर्य समाज मंदिर, डेरावाल नगर ए ब्लाक, निकट बिजली अपार्टमैंट दिल्ली-9। संपर्क : 9910982035, 9910013870

**चौखंडी शाखा**
**स्थान:** शिव शक्ति मंदिर, चांद नगर, रवि नगर, चौखंडी। संपर्क: 9871075220, 8826063487, 9013389133

**नरेला शाखा**
**स्थान:**आर्य समाज मंदिर, निकट चौधरी रामदेव चौक, नरेला, दिल्ली। हैल्पलाइन : 9210286706, 9999820434

**पूर्वी दिल्ली शाखा**
**स्थान** - आर्य समाज मंदिर शिवाजी पार्क रोहताश नगर शाहदरा हैल्पलाइन नं. : 9810518497, 8595370630

**हैदराबाद शाखा**
**स्थान:**-1-5-1078, नियर जैन मंदिर, चैतन्यपुरी, कोटापेट, हैदराबाद-500060। हैल्पलाइन नं. 9848058509

**कतलूपुर ब्रांच :**
**हैल्पलाइन नं.** : 9811697760, 922920203, 9310749505

**पटेल नगर शाखा**
**स्थान** : श्री राधा कृष्ण मंदिर, सी ब्लाक, वैस्ट पटेल नगर, दिल्ली। हैल्पलाइन नं. : 9319890607, 9868845550

**रोहिणी शाखा**
**स्थान** : सनातन- धर्म मंदिर, डी-ब्लाक, सैक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली। हैल्पलाइन नंबर : 9818016171, 9212528899, 8860074320

**गुड़गांव शाखा**
कम्युनिटी सैंटर सै.-4 गुड़गांव, हरियाणा। हैल्पलाइन नं. : 9810748945, 9899145537

**ग्रेटर कैलाश शाखा**
**स्थान:**सनातन धर्म मंदिर, ग्रेटर कैलाश पार्ट- 2, नई दिल्ली। हैल्पलाइन नं. 9811030309

**ग्रीन पार्क शाखा**
**हैल्पलाइन नं.** : 9899948425

**फरीदाबाद शाखा**
**स्थान** : होटल सेंट्रल व्यू सेक्टर 12 सेल्स टैक्स कार्यालय के सामने, फरीदाबाद, हैल्पलाइन नं. : 9811426768, 9313520606

**पंजाबी बाग शाखा**
**स्थान:** जेआर मीडिया संस्थान, पंजाब केसरी परिसर, वजीरपुर दिल्ली। हैल्पलाइन नं. : 9910593661/ 9711140798, 9136683602

**जांटी कलां शाखा सोनीपत**
**स्थान:** उमेश चंद मैंमोरियल स्कूल, जांटी कलां शाखा सोनीपत (हरि.) नियर सरकारी स्कूल जांटी कलां हैल्पलाइन नं. : 8708372858


## वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुशखबरी
### वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के सदस्य बनने के लिए फार्म

नाम :

पति/पिता :

आयु :

स्थायी पता :

वर्तमान व्यवसाय ( नौकरी/कारोबार/अन्य ) :

शैक्षणिक योग्यता : ब्लड ग्रुप :

संपर्क : फोन : मोबाइल :

नोट : ● वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब का सदस्य बनने के लिए आयु कम से कम 60 वर्ष होना अनिवार्य है ● परिचय पत्र बनवाने के लिए कृपया इस फार्म की कटिंग के साथ दो फोटो एवं पहचान पत्र की कापी नीचे दिए गए पते पर भेजे।

पोस्ट पता : 1 और 2 प्रिंटिंग प्रैस कॉम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर, डीटीसी बस डिपो, दिल्ली-110035

अधिक जानकारी के लिए निम्न हैल्पलाइनों पर सम्पर्क करें :

9871598497, 9810107375, 9811030309, 9818131462

" सदस्यता नि:शुल्क "



# केसरी क्लब से गहरा नाता

**वरिष्ठ** नागरिक केसरी क्लब को स्थापित हुए 20 वर्ष हो रहे हैं, इससे हमारा रिश्ता बहुत प्यारा, सारे जग से न्यारा है। फिक्की आडिटोरियम, नई दिल्ली में क्लब का पहला वार्षिकोत्सव मनाये जाने की तैयारियां बड़ी जोर-शोर से चल रही थी। सदस्य होने के नाते मैंने भी पूर्वाभ्यास में भाग लिया, तो सबको पसंद आया। वर्षिक समारोह में जिस मस्ती व जोश से गुनगुनाया, गीत-संगीत से सजाया।
रमैय्या वस्ता वैय्या, रमैय्या वस्ता वैय्या....
मैंने दिल क्लब को दिया...
तो सारा आडिटोरियम तालियों से गूंज उठा।
शास्त्रीय संगीत पर गये गीत को चेयरपर्सन श्रीमती किरण चोपड़ा व अतिथियों ने सराहा और मुझे लाईफ टाईम अचीवमैंट अवार्ड से पुरस्कृत किया। जिससे मुझे व मेरी पत्नी को बहुत उत्साह मिला। केसरी क्लब की कव्वाली प्रतियोगिता हुई तो
*केसरी क्लब में आने को जी चाहता है।*
कव्वाली से सर्वत्र धूम मचाई।
तालकटोरा स्टेडियम में फैशन डिजाईनर रितु बेरी के सहयोग से फैशन शो हुआ तो वहां भी स्मार्ट ड्रेस में सुन्दर जलवे दिखाये।
जयपुर, नोएडा शाखा उद्घाटन
में भी अनूठे कार्यक्रम दिखाये। यहां भी जो हौंसला बढ़ा, उससे मैं फिल्मी दुनियां में भी सहायक वा लेखक रहा।

● **हरि मित्र एंव कान्ता लुम्बा**
**सदस्य पंजाबी बाग शाखा**



# रिश्ता मां बेटी का

**सभी** रिश्ते अटूट प्रेम से भरे हुए होते है सभी रिश्ते दिल से होते है मेरा मेरी बेटी शैली के साथ बहुत ही प्यार भरा रिश्ता है एक तरह से वह मेरे कलेजे का टुकड़ा है उसकी शादी को आज 15 साल होने को आये पर वह हर पल मेरे पास ही रहती है। वह मेरी व अपने पापा के बारे में बहुत सोचती है और मेरे को काम करने को मना करती है। मेरे द्वारा घरेलू काम ज्यादा करने पर वह मेरे से लड़ जाती है और गुस्सा भी बहुत करती है साथ ही हमारे दामाद जी तो उससे भी एक कदम आगे वह भी जब भी हमारे घर आते है तो सभी को आदर देते है। मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करती हूं कि ऐसे बेटी दामाद सभी को दे साथ ही मेरी बेटी सदा खुश रहे।

● **शांति देवी मंगल**
**श्रीराम कॉलोनी नैनागढ़ रोड मुरैना एमपी**

## प्रतियोगिता रिश्तों की

1. मां-बेटा, बेटी का रिश्ता।
2. पिता-बेटा, बेटी का रिश्ता।
3. माता-पिता का रिश्ता।
4. पति-पत्नी का रिश्ता।
5. सास-बहू, दमाद का रिश्ता।
6. ससुर-बहू, दमाद का रिश्ता।
7. दोस्तों का रिश्ता।
8. दादा-पोते, पोतियों का रिश्ता।
9. नाना-नानी का नातिनों से रिश्ता।
10. पड़ोसियों का रिश्ता।
11. भाभी-देवर का रिश्ता।
12. जीजा-साली का रिश्ता।
13. गुरु-शिष्य का रिश्ता।
14. अपने पालतू प्राणी के साथ रिश्ता (कुत्ता, बिल्ली, तोता) कोई भी।
15. प्रभु से रिश्ता या ऐसा कोई जिसका आपकी जिंदगी में महत्व है या जिसने आपकी जिंदगी बदल दी।
16. भाई-भाई का रिश्ता।
17. भाई-बहन का रिश्ता।
18. बहनों को रिश्ता।

नाम ....................

पता ......................

फोन नम्बर ............

20 पंक्तियां ...........

फोटो

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :**
**9871598497, 9811030309**
**deskfeature@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**
**हमारी वैबसाइट एवं लिंक**
**https://vnkc.org/**
**https://m.facebook.com/vnkclub**

# हमारे निर्णायक मंडल

**वरिष्ठ** नागरिक केसरी क्लब ग्रीष्मकालीन में वरिष्ठजनों की प्रतिभा विकास, मनोरंजन करने के साथ-साथ उन्हें हर प्रकार से प्रोत्साहित भी करता है। उसी श्रृंखला में सोशल मीडिया तथा रिश्तों पर लेख प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें मस्त-व्यस्त बनाकर उनका ढ़ेरों पुरस्कारों से सम्मान भी करता है। इन प्रतियोगिताओं में वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब ग्रीन पार्क शाखाध्यक्ष श्रीमती रेणू गुलाटी एवं सुप्रसिद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर हैं, जो कि पिछले कई वर्षों से नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने के साथ-साथ युवाओं को भी नए-नए शोधकार्यों के लिए हमेशा प्रेरित करती रहती हैं। मशहूर चार्टेड अकांऊटैंट वीरेन्द्र कुमार गोयल अच्छे सीए होने के साथ-साथ मोटीवेशनल वीडियो फिल्में बनाकर लोगों को प्रेरणा देते रहते हैं।
सुप्रसिद्ध युवा समाज सेविका निधि भागरा जो कि हमारे कई कार्यक्रमों की निष्पक्ष निर्णायक रह चुकी हैं। इसके अलावा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में आज भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ●



### Dr. Renu Gulati

Professor Dr. Renu Gulati has been teaching Human Development for last Four Decades Presently teaching at Manav Rachana University Have been associated with VNKc for over 18yrs we were the first one to start the branch in south Delhi

### VIRENDRA KUMAR GOEL



Mr. Virendra Kumar Goel, aged 62 years is B.Com., LLB., MICA and a Fellow Chartered Accountant in practice having experience of more than 40 years.He is the convener of AAS (NGO)



### Nidhi Bhagra

Nidhi Bhagra, a dedicated and passionate educator, has been shaping young minds for the past 20 years. Currently serving at St. Francis De Sales School in Janakpuri. She is Appriciated For Fine and Fair Judgements.

# दादा-पोते के मधुर रिश्ते

**बच्चों** से माता-पिता, दादा-दादी का रिश्ता जन्म लेते ही शुरु हो जाता है। ये रिश्ता वे मरते दम तक निभाते हैं। ठीक उसी प्रकार पारिवारिक रिश्तों में सेवा, सत्संग, सहयोगी भावना के संस्कार दिये जाने चाहिए। हमारे पिता, दादा, परदादा उसी पर परम्परा को निभाते रहे हैं। मेरा मानना है कि हमारे पूर्वज अपने व्यवसाय के अतिरिक्त बच्चों को सुशिक्षित बनाने के साथ-साथ पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए समाज में अपेक्षित लोगों को भी सहारा देते थे। उनके जीवन-निर्माण में सहायक रहे। मुझे गर्व है कि मेरे पुत्र-पौत्र, पुत्रवधुएं भी सदैव समाजसेवा में सहायक रहते हैं।
*मुझ पर हैं मेरे प्रभु की बहुत सी मेहरबानियां।*
*बिना बताए ही चुपचाप दूर करते हैं परेशानियां॥*
*मिले होते हैं दिलों के तार भक्त व भगवान के।*
*दवा देते हैं प्रभु देव, देख रोग की निशानियां।।*



● **चन्द्र कुमार तलवार**
**आजाद पुर**

# कामवाली बाई के साथ मधुर संबंध

**घर** के रोजमर्रा के कामों के लिए खुद के साथ हैल्प करने के लिए बाई को रखना अब आम हो गया है। मेरी प्यारी सी बाई का नाम गीता है...सुबह- सुबह उसका दर्शन होते ही मन ही मन भगवान का थैंक्स करती हूं। इसलिए कि वो ठीक रहे और सबके घर का काम करते हुए अपना घर चलाती रहे। रोजीरोटी के इस रिश्ते में जरा सा दिल, थोड़ी सी इंसानियत, थोड़ा सा अपनापन शामिल करना जरूरी है। ये सब बातें मैंने अच्छे से दिल में बिठा रखी हैं। तभी मेरा और मेरी बाई का रिश्ता कई सालों पुराना हो गया है। कोई भी रिश्ता चाहे वह जानवर के साथ ही क्यों न हो, जरा सी मानवीयता दिखाने पर दोनों को और करीब ला देता है। घर में काम करने आई बाई चाहे अनपढ़, गरीब, नासमझ ही हो, पर दुख में वो सहानुभूति चाहती है और विपत्ति आने पर हमारा साथ पाने की इच्छा उस के दिल में भी होती है। जरूरत के वक्त मैं उस के दुखदर्द को समझती हूं और उसकी हर परिस्थिति मे सहायता करने की कोशिश करती हूं। कुछ लोग अपने बाई की काफी बुराईयां करते हैं लेकिन मैंने मन बना लिया है उसके कामों की शिकायतें ना करके उसे प्यार से समझा देती हूं...यदि ऐसा नहीं करुंगी तो उलटे बाई मुझ पर खीझ उतारेंगी। एक आसान उपाय यह है कि मैं उस के साथ काम में कभी-कभी हाथ बंटा देती हूं और अपनी मनचाही जगहों की सफाई करवा लेती हूं। मेरा उसके साथ एक बहन जैसा रिश्ता बनाया हुआ है। पर वो प्यार से मुझे आंटी ही बुलाती है। बच्चों को भी बाई को पूरा सम्मान देने की आदत डाली गयी है। इस से बाई हमारे घर में सम्मानित और अपनापन महसूस नहीं करती।
कामवाली बाई के साथ किया काम को सकारात्मक परिणाम देना चाहिए।



● **चम्पा कक्कड़**
**सदस्या, पंजाबी बाग शाखा**

# पिता-बेटी का रिश्ता

**माना** कि वह दो हाथ पैर वाले एक साधारण इंसान हैं,
पर अपनी सादगी व विनम्रता से करते सबको हैरान हैं,
इस दुनिया के छल कपट से वह बिल्कुल अंजान है,
पर मुझे गर्व है इस बात का कि मेरे पिता मेरी पहचान है,
अंजाने में भी न करें जो कभी किसी को परेशान हैं,
सदैव रहा जिनका अपने माता-पिता की सेवा में ध्यान है,
समस्त गांववासी करते उनका सम्मान हैं,
रूढ़िवादी समाज की विचारधारा के विरुद्ध उन्होंने छेड़ा अभियान हैं,
शिक्षा के क्षेत्र में भी किया उन्होंने अनोखा काम हैं,
सामाजिक कल्याण के कार्यों में भी हमेशा देते बढ़ चढ़कर योगदान है,,
पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से करते वो सभी काम हैं,



कैसे एक ही इंसान में इतने सारे गुण विद्यामान हैं,,
अपने बच्चों पर लुटाते जान हैं,
और उनका साधारण सा व्यक्तित्व असंख्य गुणों की खान है,,
राष्ट्र की तरक्की व खुशहाली के लिए दिल में सैकड़ों अरमान हैं,
और मेरी जिंदगी में मेरे पिताजी जी किसी फिल्मी नायक के समान हैं,,
पिता जी इन साधारण शब्दों में नहीं हो सकता आपका गुणगान हैं,
क्योंकि मेरे लिए आप एक फरिश्ते समान है,
हमारे जीवन को किया आपने एक दिये की तरह प्रकाशमान है,
हमें गर्व है इस बात का कि हम ऐसे महान पिता की संतान हैं।

● **गीता पाढ़ा**

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

# एक मिशन एक सेवा



बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दु:ख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।




**एम. एम. फाऊंडेशन चितरंजन पार्क, दिल्ली निवासी श्री मनोज सिंघल ने अपनी स्व. माता मालती सिंघल जी की याद में वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को 1,53000 रु का सहयोग किया।**




**स्व. श्रीमती आज्ञावन्ती पति स्व. श्री हंसराज बजाज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके सुपुत्र सुभाष बजाज, पौत्र अनीस बजाज, यशिका बजाज ने वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को 6200रु का योगदान दिया।**



**कैसे चुकाऊंगा कर्ज,**
**उस पत्नी का इस जन्म में,**
**जिसके हाथों ने मेरी तकदीर बनाई थी।**
**अपने जीवन के सारे रंग छोड़**
**मेरे भविष्य की तस्वीर बनाई थी।**
**आई मिस यू...**
**सुनीता बजाज**

**स्व. श्रीमती सुनीता बजाज की छटवीं बरसी पर उनके पति सुभाष बजाज, पुत्र अनीस बजाज, पुत्रवधू यशिका बजाज, दोहता सारांश व दोहती नियति ने वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को 6200रु का योगदान दिया।**

| | |
|---|---|
| **पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह** | **2000 रु.** |
| **कुल राशि** | **1,67,400 रु.** |

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट,** के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376,09871598497,9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## 'हर स्टोरी' की फ्रांस में शूटिंग कर रहीं कल्कि कोचलिन



**मुंबई, (आईएएनएस):** अभिनेत्री कल्कि कोचलिन ने फ्रांस में अपनी अगली फिल्म 'हर स्टोरी' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में कल्कि ने अमेरिकी लेखिका ओलिविया का किरदार निभाया है। इसकी शूटिंग वर्तमान में पाइरेनीस के एंटिचन-डेस-फ्रोटिग्नेस में चल रही है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कल्कि ने कहा, ओलिविया न्यूयॉर्क में रहती हैं और तेज दिमाग की हैं। वह मूल रूप से फ्रांस की हैं, जहां वह अपनी दादी की कहानी लिखने के लिए वापस लौटती हैं। कोविड-19 महामारी के दुनिया भर में फैलने के बीच वह खुद को आधा अतीत में और आधा भविष्य में पाती हैं।' उन्होंने कहा, अमेरिकी लेखिका की भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण है।

# बकरीद पर मुनीर की गीदड़भभकी

### कश्मीर का जिक्र कर भारत के खिलाफ उगला जहर



- कश्मीर में अपने जुल्मों को छुपाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ झूठ फैला रहा भारत

**इस्लामाबाद, (एजेंसी) :** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ईद-उल-अजहा के दिन भी अपनी भारत विरोधी सोच से बाहर नहीं निकल पाए। उन्होंने इस त्योहार को मनाने के लिए नियंत्रण रेखा का दौरा किया और कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला। आर्मी चीफ ने हाजी पीर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के दौरे के दौरान पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, भारत हाल ही में हुए चुनावों के बाद से कश्मीर में अपने जुल्मों को छिपाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ झूठ फैला रहा है। यह भारत में अब एक पॉलिटिकल टूल बन गया है। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से कश्मीर में शांति की वकालत करता आया है। हम संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के तहत शांति से इस मसले का हल निकालना चाहते हैं, लेकिन अगर पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता को कोई भी खतरा हुआ, तो हम इसका जवाब देने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि, पाकिस्तान ने हमेशा क्षेत्र में शांति और स्थिरता का समर्थन किया है। सेना प्रमुख ने अग्रिम मोर्चे पर तैनात अधिकारियों और सैनिकों के साथ ईद की नमाज अदा की और पाकिस्तान की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए सैनिकों के समर्पण, उच्च मनोबल और प्रतिबद्धता की भी सराहना की। इससे पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी फिलिस्तीन और कश्मीर में हो रहे अत्याचारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम अपने फिलिस्तीनी और कश्मीरी भाइयों- बहनों के लिए दुआ करते हैं, जो बहादुरी से विदेशी कब्जे से लड़ रहे हैं।

# नॉर्थ कोरिया पहुंचे पुतिन, किम ने खुद एयरपोर्ट पर स्वागत किया



दोनों देशों के बीच हो सकती है हथियारों की डील

**प्योंगयांग/मॉस्को, (एजेंसी):** रूस के राष्ट्रपति पुतिन उत्तर कोरिया पहुंच गए हैं। किम जोंग उन ने खुद राजधानी प्योंगयांग में सुनान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पुतिन का स्वागत किया। ब्रिटिश मीडिया वेबसाइट इंडिपेंडेंट के मुताबिक, पुतिन और किम के बीच बैठक भी आयोजित हुई। इस दौरान दोनों नेता एक दूसरे से बातचीत करते नजर आए। क्रेमलिन ने पुतिन के उत्तर कोरिया दौरे को 'मैत्रीपूर्ण राजकीय यात्रा' करार दिया है। रूसी राष्ट्रपति के दो दिन के दौरे के तहत नॉर्थ कोरिया उनके लिए एक गाला कॉन्सर्ट का भी आयोजन करेगा। इसके बाद पुतिन वहां के इकलौते ऑर्थोडॉक्स चर्च का दौरा करेंगे। उधर, पश्चिमी देशों को डर है कि पुतिन की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हथियारों की डील हो सकती है।

**प्रतिबंधों से मिलकर निपटेंगे :** इससे पहले राजधानी प्योंगयांग में शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले रूस के राष्ट्रपति ने यूक्रेन पर उनकी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए किम जोंग उन को धन्यवाद दिया और कहा कि दोनों देश अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रतिबंधों से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे। पिछले 24 वर्षों में उत्तर कोरिया की अपनी पहली यात्रा पर जा रहे पुतिन ने यह भी कहा कि रूस और उत्तर कोरिया ऐसे व्यापार की संभावनाए तलाशेंगे और भुगतान प्रणालियां विकसित करेंगे, जो पश्चिमी देशों के नियंत्रण में नहीं होगी और वे संयुक्त रूप से देशों के खिलाफ प्रतिबंधों का विरोध करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इन प्रतिबंधों को 'एकतरफा और अवैध' करार दिया। परमाणु हथियारों और मिसाइल परीक्षण को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से उत्तर कोरिया पर भारी आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए हैं, जबकि यूक्रेन पर आक्रामक कार्रवाई को लेकर अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने रूस पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

## इटली के पास समुद्र में डूबे दो जहाज, 11 प्रवासियों की मौत, 66 अन्य लापता

**रोम, (आईएएनएस):** इटली के पास समुद्र में दो जहाज डूब गए, जिसमें कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में फंसी नाव को देखकर एक मर्चेंट शिप ने सबसे पहले एसओएस कॉल किया, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। मर्चेंट शिप ने 12 लोगों को बचाया और इटली के कोस्ट गार्ड जहाज के आने तक उनकी सहायता की। कोस्ट गार्ड के अनुसार, एक महिला की जहाज से उतरने के तुरंत बाद मौत हो गई, वो बहुत बीमार थी। कोस्ट गार्ड ने एक बयान में कहा, नाव के डूबने के बाद बचे लोगों की तलाश जारी है।

कोस्ट गार्ड ने बताया कि दो इतालवी गश्ती नौकाएं और एक एटीआर42 विमान खोज में शामिल हैं और जल्द ही मेडिकल टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज खोज अभियान में शामिल हो जाएगा। सोमवार देर शाम तक कोई और जीवित नहीं मिला। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जिन 66 लोगों के लापता होने की आशंका है, उनमें 26 नाबालिग हैं।

## मालदीव में भारतीय श्रमिक की मौत

**माले, (भाषा):** मालदीव की राजधानी में एक प्रमुख पुल की मरम्मत के दौरान एक भारतीय श्रमिक की गिरने के कारण मौत हो गई। मई के बाद से देश में कार्यस्थल पर दुर्घटना में किसी भारतीय नागरिक की मौत की यह दूसरी घटना है। पुलिस ने मृतक की पहचान के तौर पर सिर्फ इतना ही बताया कि वह भारतीय नागरिक था। और कोई विवरण नहीं दिया गया है। समाचार पोर्टल 'एसयूएन.एमवी' के अनुसार सोमवार रात को सिनामाले पुल पर मरम्मत कार्य के दौरान चक्कर आ जाने के कारण श्रमिक पुल से गिर गया।

# पाकिस्तान में चारा खाने पर काट दिया ऊंट का पैर



- छह आरोपी गिरफ्तार, बिलावल दुबई से कृत्रिम पैर मंगाएंगे

**कराची, (भाषा) :** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हंगामा हुआ और पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने सरकार से जमींदार के खिलाफ इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा, ऊंट को तुरंत कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा पशु आश्रय स्थल ले जाया गया और उसके लिए दुबई से कृत्रिम पैर मंगवाया गया है।' सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाइडेन की बड़ी घोषणा

# पांच लाख अप्रवासियों को मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता



**वाशिंगटन, (एपी) :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनावी वर्ष में एक व्यापक कदम उठा रहे हैं, जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को राहत मिल सकती है और उनको अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर उनके द्वारा अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने कई डेमोक्रेटिक सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडेन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवनसाथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक अप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक अप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा, तथा उसे अस्थायी कार्य परमिट प्राप्त होगा और इस बीच उसे निर्वासन से सुरक्षा मिलेगी।

नाम न बताने की शर्त पर प्रस्ताव के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, लगभग 50,000 गैर-नागरिक बच्चे, जिनके माता-पिता में से एक अमेरिकी नागरिक हैं, भी संभावित रूप से इसी प्रक्रिया के लिए पात्र हो सकते हैं।

## थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिली



**बैंकॉक, (एपी):** थाईलैंड की नेशनल असेंबली (संसद) के उच्च सदन 'सीनेट' ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है। सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। अब इस विधेयक को थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न की औपचारिक स्वीकृति मिलने की आवश्यकता है, जिसके बाद इसे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।




# वेस्टइंडीज की अफगानिस्तान पर बड़ी जीत



**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), (भाषा) :** निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था। दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन ,अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि यहां का विकेट अच्छा है। गयाना और त्रिनिदाद के बाद बल्लेबाज यहां आकर रन बनाना चाहते थे। पूरन में कड़ी मेहनत की है और पिछले 12 महीने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही नहीं वेस्टइंडीज की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अफगानिस्तान ने पिछले तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था लेकिन इस मैच में कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और पॉवेल (26) ने भी उपयोगी योगदान दिया। अफगानिस्तान की तरफ से गुलबदीन नैब सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। बड़े लक्ष्य के सामने अफगानिस्तान के बल्लेबाज दबाव में आ गए। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (38), अजमतुल्लाह उमरजई (23) और करीम जनत (14) ने अपनी भूमिका निभाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य काफी बड़ा था और उनके प्रयास से हार का अंतर ही कम हुआ। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस बड़ी हार का हम पर प्रभाव पड़ेगा। हम जो चाहते थे हमने उसे हासिल किया। हम सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रहे। मैच अलग-अलग तरह की पिचों पर हो रहे हैं और हमें उनसे सामंजस्य बिठाना होगा। इस स्तर पर पराजय एक अच्छा सबक है। यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच नहीं था। हम इसके सकारात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे जैसे की फील्डिंग और बीच के ओवरों की गेंदबाजी। पूरन ने अपनी पारी के दौरान अजमतुल्लाह उमरजई के एक ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया। इस ओवर में कुल 36 रन बने, जिसमें 5 नोबॉल, 5 वाइड और चार लेगबाई भी शामिल हैं। इस तरह से यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे महंगे ओवरों में शामिल हो गया। वेस्टइंडीज ने पावर प्ले में एक विकेट पर 92 रन बनाए जो पुरुष टी20 विश्व कप में नया रिकॉर्ड है। पूरन रन आउट होने के कारण अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। पूरन ने कहा कि कोई भी 98 रन पर आउट नहीं होना चाहता है और वह भी रन आउट लेकिन हमारा उद्देश्य सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचना था। मैंने शुरू में ही परिस्थितियों को भांप लिया था। हमने पावर प्ले में अच्छा स्कोर बनाया।

# टीम इंडिया हर चुनौती के लिये तैयार : रोहित



**ब्रिजटाउन (बारबडोस), (भाषा):** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण 'थोड़ा व्यस्त' होने वाला है लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें 'कुछ खास' करने को लेकर 'वास्तविक उत्सुकता' है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो में रोहित ने कहा कि पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला। भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। रोहित ने कहा कि टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है।''आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रोहित ने कहा कि कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी।

## अमेरिका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका को दिखाना होगा दम

समयः मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), (भाषा):** दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर आठ मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है। हालांकि उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं। लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्कराम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी चिंता एनरिच नोर्किया की खराब फॉर्म थी लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और अभी नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

## नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता



**तुर्कु (फिनलैंड), (भाषा) :** भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक महीने बाद वापसी करते हुए पावो नुरमी खेलों में मंगलवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में यहां रजत पदक जीता था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं उनके हमवतन और पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता ओलिवर हेलांडेर को कांस्य पदक जीता जिन्होंने 83.96 मीटर का थ्रो फेंका।

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया



एमबापे की नाक में लगी चोट

**डसेलडोर्फ, (एपी):** मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा कि अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा कि एमबापे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें। चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी। ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

# गौतम गंभीर बन सकते हैं टीम इंडिया के कोच



- बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति ने लिया साक्षात्कार : विश्वकप के बाद खत्म हो जाएगा राहुल द्रविड़ का कार्यकाल

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं। मंगलवार शाम को शीर्ष परिषद की बैठक है और समझा जाता है कि सचिव जय शाह अंतिम घोषणा से पहले कोच चयन प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को अवगत कराएंगे। सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी। मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम का अभियान खत्म होने के बाद पद छोड़ देंगे। ग्रुप लीग चरण में अजेय रहने के बाद टीम फिलहाल सुपर आठ मुकाबले के लिए बारबडोस में है। टीम 20 जून को अफगानिस्तान से खेलेगी।